लोकसभा चुनाव : 8 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 20 को जारी होगी अधिसूचना 3

विपक्ष के नकारात्मक प्रचार से मोदी को फायदा 4

सलीमा टेटे ने झारखंड के जमीनी स्तर के कार्यक्रम की सराहना की 7

सोना-67,445

तिथि-फाल्गुन, शुक्ल, एकादशी

चांदी- 77,300

शेयर मार्केट- 72,012
निफ्टी- 21,817

अधिकतम -32 °c
न्यूनतम -16 °c

लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित

चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

-: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र :-

www.charchitrajnit.com वर्ष - 20 अंक-119 आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2004/14385 लखनऊ, बुधवार 20 मार्च, 2024 पृष्ठ-8 मूल्य : दो रुपये

कांग्रेस और द्रमुक जानबूझकर करते हैं हिंदू धर्म का अपमान

चर्चित राजनीति। एजेंसी

चेन्नई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'शक्ति वाली टिप्पणी को लेकर 'इंडिया गठबंधन पर हमला जारी रखते हुए मंगलवार को कहा कि विपक्षी गठबंधन ने इसे नष्ट करने की घोषणा कर अपने 'बुरे इरादे का प्रदर्शन किया है। मोदी ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस और द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) बार-बार हिंदुत्व का अपमान करते हैं, लेकिन किसी अन्य धर्म को निशाना नहीं बनाते। कांग्रेस और द्रमुक विपक्षी 'इंडिया गठबंधन के अहम घटक हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 'इंडिया गठबंधन के लोग जानबूझकर हिंदू आस्था का अपमान करते हैं और इसके खिलाफ उनके द्वारा हर बयान सोच-समझकर दिया जाता है।

उन्होंने कहा, '''इंडी अलायंस वाले लोग बार-बार, जानबूझकर हिंदू धर्म का अपमान करते हैं। हिंदू धर्म के खिलाफ इनका हर बयान बहुत सोचा समझा हुआ होता है। आप देखिए, और किसी धर्म का अपमान द्रमुक और कांग्रेस का 'इंडी अलायंस नहीं करता, किसी और धर्म के खिलाफ इनकी जुबान से एक शब्द नहीं निकलता। लेकिन हिंदू धर्म को गाली देने में ये एक सेकंड नहीं लगाते। उन्होंने नारी शक्ति का जिक्र करते हुए कहा कि हिंदू धर्म में शक्ति का अर्थ है 'मातृ शक्ति और नारी शक्ति। उन्होंने कहा, ''कांग्रेस और द्रमुक वाले इंडिया गठबंधन का कहना है कि वे इसे नष्ट कर देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि शक्ति का अर्थ मरियमन, मदुरै मीनाक्षीअम्मन और कांची कामाक्षीअम्मा जैसे राज्य के विभिन्न देवी-देवताओं से संबंधित है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कवि सुब्रमण्यम भारती ने भारत माता को 'शक्ति के रूप में पूजा है। उन्होंने कहा, ''तमिलनाडु उन्हें सजा देगा, जो शक्ति का नाश करने की बात करते हैं। मैं शक्ति उपासक हूं।



पीएम मोदी ने मोटरस्पोर्ट्स के लिए शीर्ष स्थान के रूप में की श्रीनगर की प्रशंसा

नयी दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 17 मार्च को कहा कि भारत मोटरस्पोर्ट्स को फलने-फूलने के बेहतरीन अवसर प्रदान करता है और श्रीनगर उन स्थानों में शीर्ष पर है जहां ऐसा हो सकता है। पीएम मोदी ने श्रीनगर में डल झील के तट पर आयोजित पहली फॉर्मूला 4 कार शो को लेकर एक्स पर पोस्ट शेयर कर श्रीनगर की तारीफकी है। पीएम मोदी ने पोस्ट शेयर कर लिखा-यह देखना बहुत सुखद है। यह जम्मू-कश्मीर की सुंदरता को और दिखाने में मदद करेगा। भारत मोटरस्पोर्ट्स को फलने-फूलने के बेहतरीन अवसर प्रदान करता है और श्रीनगर उन स्थानों में शीर्ष पर है जहां ऐसा हो सकता है।

तमिलनाडु से मोदी का विपक्ष पर हमला

पशुपति नाथ पारस ने कैबिनेट मंत्री पद से दिया इस्तीफा

नयी दिल्ली, एजेंसी। लोजपा प्रमुख पशुपति नाथ पारस ने मंगलवार को कैबिनेट मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। वो मोदी सरकार में खाद्य और प्रसंस्करण मंत्री थे। एनडीए के बिहार में हुए सीट बंटवारे के बाद से वो नाराज चल रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के साथ नाइंसाफी हुई है। हमने ईमानदारी से एनडीए की सेवा की है।

पशुपति नाथ पारस ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी जी देश के बड़े नेता हैं, लेकिन हमारी पार्टी और व्यक्तिगत रूप से हमारे साथ नाइंसाफी हुई है।

बदायूं में दो बच्चों की गला काटकर हत्या के बाद बवाल

आरोपी जावेद पुलिस मुठभेड़ में ढेर

फाइल फोटो

चर्चित राजनीति। एजेंसी

बदायूं। उत्तर प्रदेश के बदायूं में सिरफिरे हेयर ड्रेसर जावेद ने मंगलवार शाम छत पर खेल रहे बालक आयुष व उसके भाई अहान की हत्या कर दी। दोनों की गर्दन चाकू से काटी, सीने और पेट में ताबड़तोड़ कई प्रहार किए।

चीख सुनकर बालकों का तीसरा भाई पीयूष छत पर आया तो उसे भी घायल कर दिया। घटना के बाद लोगों ने जावेद की दुकान में तोड़फोड़ की, पड़ोस में एक मुस्लिम की किराना दुकान में आग लगा दी। आरोपी जावेद एनकाउंटर में ढेर हो गया है। नई बस्ती में रहने वाले ठेकेदार विनोद सिंह मोहम्मदी में पानी की टंकी निर्माण करा रहे इसलिए मंगलवार को घर में नहीं थे। पुलिस के अनुसार, पड़ोस में किराये की दुकान में जावेद सैलून संचालित करता है। मंगलवार शाम चार बजे वह दुकान बंदकर गया।

इसके बाद शाम 5.30 बजे अचानक विनोद के घर पहुंचा। विनोद की मां होमगार्ड मुन्नी देवी ने बताया कि पड़ोसी दुकानदार होने के कारण जावेद से परिचय था। उससे घर आने का कारण पूछा तो चुप हो गया। इस बीच परिवार की महिलाओं से उसे चाय बनाने की बात कहकर कुछ कार्य में व्यस्त हो गई। वह निगाह बचते ही दबे पांव छत पर गया और खेल रहे विनोद के बेटे आयुष (12), अहान (8) की गर्दन काटकर हत्या कर दी। दोनों की चीख सुनकर पीयूष छत पर पहुंचा तो उसके कंधे पर भी उस्तरा मार दिया, वह बचकर नीचे भागा। चंद सेकंड में जावेद भी नीचे आकर चीखने लगा कि दोनों बच्चों को मार डाला है। उनका खून अपने चेहरे पर मलने लगा। पड़ोसियों ने बताया कि दो बालकों की हत्या (शेष पृष्ठ 7 पर)

सीएए नागरिकता नहीं छीनता : सुप्रीम कोर्ट

अगली सुनवाई 6 अप्रैल को

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नयी दिल्ली। नागरिकता संशोधन अधिनियम के नियमों के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए केंद्र ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट से समय मांगा। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ को बताया, यह (सीएए) किसी भी व्यक्ति की नागरिकता नहीं छीनता है। सॉलिसिटर जनरल ने कहा कि उन्हें उन आवेदनों पर जवाब देने के लिए कुछ समय चाहिए, जिसमें शीर्ष अदालत द्वारा नागरिकता (संशोधन) अधिनियम, 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का निपटारा होने तक नियमों पर रोक लगाने की मांग की गई है। इस पर मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने केंद्र को तीन सप्ताह का समय दिया और कहा कि अदालत इस मामले पर 9 अप्रैल को सुनवाई करेगी।

शीर्ष अदालत विवादास्पद कानून से जुड़ी 200 से अधिक याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिसे संसद द्वारा मंजूरी दिए जाने के लगभग चार साल बाद 15 मार्च को लागू किया गया था। याचिकाओं में सीएए और नागरिकता संशोधन नियम 2024 के कार्यान्वयन पर रोक लगाने की मांग की गई है।पिछले हफ्ते, वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष केरल (शेष पृष्ठ 7 पर)

संक्षिप्त समाचार

आईएएस अधिकारी दीपक कुमार बने यूपी के नए अपर मुख्य सचिव गृह

लखनऊ, चसं। आईएएस अधिकारी दीपक कुमार उत्तर प्रदेश के नए अपर मुख्य सचिव गृह बनाए गए है। चुनाव आयोग ने उनके नाम पर मुहर लगा कर उन्हें गृह विभाग का चार्ज दिया है। यूपी सरकार ने शासन की ओर से तीन नाम भेजे थे, जिनमें आईएएस अफसर मनोज सिंह, देवेश चतुर्वेदी और दीपक कुमार का नाम भेजा गया था। निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ अफसर दीपक कुमार के नाम पर मुहर लगा दी। बता दें कि कल ही चुनाव आयोग ने संजय प्रसाद को यूपी के प्रमुख सचिव गृह से हटाया था। संजय प्रसाद से प्रमुख सचिव गृह का चार्ज हटा दिया गया और गृह विभाग का चार्ज स्वतः ही मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा के पास चला गया था। आज इस पद पर दीपक कुमार को तैनात कर दिया गया है।

प्रदीप शर्मा को आजीवन कारावास की सजा

मुंबई, एजेंसी। मुंबई उच्च न्यायालय ने मुंबई पुलिस के पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को 2006 के फर्जी मुठभेड़ मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। निचली अदालत ने इसी मामले में प्रदीप शर्मा को बरी कर दिया था। यह मामला अंडरवर्ल्ड सरगना छोटा राजन के कथित सहयोगी रामनारायण गुप्ता उर्फ लखन भैया के फर्जी एनकाउंटर से संबंधित है। उच्च न्यायालय ने आज यह फैसला सुनाते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए आरोपितों के खिलाफ उपलब्ध भारी सबूतों को नजरअंदाज कर दिया था। उच्च न्यायालय ने इसी मामले में 13 अन्य आरोपियों की उम्रकैद की सजा भी बरकरार रखी है। इनमें 12 पुलिसकर्मी एवं एक नागरिक शामिल है। जबकि छह नागरिकों को बरी कर दिया गया है। इस मामले में आरोपित रहे एक पुलिस अधिकारी और एक नागरिक की मृत्यु हो चुकी है। दोषसिद्धि के बाद उनके निधन के कारण उन पर मामला समाप्त कर दिया गया है। उच्च न्यायालय ने प्रदीप शर्मा को तीन सप्ताह में समर्पण करने को कहा है। उच्च न्यायालय ने जिन 12 पुलिसकर्मियों की आजीवन कारावास की सज़ा को बरकरार रखा है।

भाजपा में शामिल हुई शिबू सोरेन की बहू सीता

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) को एक बड़ा राजनीतिक झटका लगा है। जेएमएम के संस्थापक और आदिवासी समाज के बड़े नेता माने जाने वाले शिबू सोरेन की बड़ी बहू सीता सोरेन मंगलवार को भाजपा में शामिल हो गई। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े और झारखंड के चुनाव प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी एवं अन्य नेताओं की मौजूदगी में सीता सोरेन ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में भाजपा का दामन थाम लिया। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने सीता सोरेन को आदिवासी समाज की बड़ी और महत्वपूर्ण महिला नेता बताते हुए पार्टी में उनका स्वागत किया और साथ ही यह भी दावा किया कि उनके आने से पार्टी को आगामी चुनावों में झारखंड में फायदा होगा।

भाजपा में शामिल होने के बाद सीता सोरेन ने कहा कि झारखंड में जल, जंगल और जमीन की उपेक्षा हो रही है, लोगों का पलायन हो रहा है और राज्य की जनता बदलाव की मांग कर रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड को बचाने के लिए उन्होंने मोदी के परिवार (भाजपा) में शामिल होने का फैसला किया है। आपको बता दें कि सीता सोरेन ने मंगलवार को ही शिबू सोरेन को पत्र लिखकर पार्टी और परिवार छोड़ने की घोषणा कर दी थी। जेएमएम की महासचिव रहीं सीता सोरेन पार्टी के संस्थापक शिबू सोरेन के दिवंगत बेटे दुर्गा सोरेन की पत्नी हैं। शिबू सोरेन को लिखे अपने इस्तीफे के पत्र में सीता सोरेन ने अपने पति दुर्गा सोरेन के निधन के बाद से ही उपेक्षा करने का आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि उनके खिलाफ एक बड़ी साजिश रची जा रही है।

अमित शाह से मिलने पहुंचे राज ठाकरे, एनडीए में मनसे का शामिल होना तय

नयी दिल्ली, एजेंसी। महाराष्ट्र में भाजपा को एनडीए गठबंधन में एक और राजनीतिक दल को शामिल करने में कामयाबी मिलने जा रही है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के एनडीए गठबंधन का हिस्सा बनना लगभग तय हो गया है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे गठबंधन के फार्मूले को अंतिम रूप देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आवास पर पहुंचे हैं।

आपत्तिजनक हालत में मिले प्रेमी प्रेमिका, लोगों ने पीटा, बनाया वीडियो, युवती ने की आत्महत्या

गांव के सात लोग गिरफ्तार

उन्नाव, चसं। उन्नाव में प्रेमी व प्रेमिका को खेत में गांव के लोगों ने आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया। इसके बाद दोनों की जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान युवती लोगों से ऐसा दोबारा न करने की बात को कहकर माफी मांगती रही। लेकिन मौजूद लोगों ने प्रेमी की पिटाई कर दी। लोगों ने इसका एक वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। इससे आहत होकर युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के पिता ने बेटी के साथ रेप का आरोप लगाते हुए थाने में सात लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज कराया है।

पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना फ्तेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के एक गांव की है। थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली 19 वर्षीय युवती का टिकउपुर गांव के रहने वाले रोहित निषाद के साथ दो साल से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सोमवार की शाम 6 बजे दोनों मिलने के लिए गांव के बाहर जंगलों पहुंचे। दोनों को जाता देख गांव के कुछ लोगों ने देख लिया। कुछ देर बाद ही गांव के रहने वाले छोटू, मोहनलाल, विजय, रामविलास, विनोद और रजत भी मौके पर पहुंच गए। दोनों को संदिग्ध हालत में पकड़ (शेष पृष्ठ 7 पर)

उम्मीदवार तय करने के लिए दिल्ली में हुई भाजपा की बैठक

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- दिल्ली में भाजपा कोर कमेटी की बैठक में यूपी पर खास फोकस
- भाजपा अध्यक्ष, अमित शाह व मुख्यमंत्री योगी की मौजूदगी में हुई बैठक

लखनऊ। लखनऊ से दिल्ली तक मिशन 80 को लेकर मंथन,चिंतन और मंत्रणा कई बार हो चुकी है। पार्टी ने खुद सर्वे कराया जिसमें हर लोकसभा सीट के हालात परखे और अपने मौजूदा सांसद की परफॉर्मेंस भी आंकी।लक्ष्य फतह है, बीजेपी किसी भी चेहरे को रिप्लेस करने में तनिक भी गुरेज नहीं करती।सूत्रों पर विश्वास करें तो जो अगली कैंडिडेट लिस्ट जारी होने जा रही है, उसमें बहुत फूंक फूंककर कदम उठाये गए हैं। दिल्ली में भाजपा कोर कमेटी की बैठक में यूपी पर खास फोकस रहा है क्योंकि सब जानते हैं दिल्ली के तख्त तक पहुंचने की राह यूपी से होकर ही गुजरती है।यूपी की 25 सीटों पर उम्मीदवारों के चयन पर मंथन किया गया है।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में हुई बैठक में भाजपा के साथ ही सहयोगियों की दी जाने वाली सीटों पर भी चर्चा हुई। सूत्रों के मुताबिक बाराबंकी में उपेन्द्र रावत के स्थान पर नया चेहरा उतारने पर सहमति बनी है। एनडीए की सहयोगी अपना दल एस को उनकी पुरानी सीट मिर्जापुर और राबर्टसगंज सुरक्षित सीट दी जाएगी। कुछ मौजूदा सांसदों का टिकट काटकर नए चेहरों को मौका देने का विचार है। भाजपा यूपी में लोकसभा के 51 उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है। दो सीटें रालोद और एक सीट सुभासपा को दी है। जबकि दो सीट अपना दल एस को दी जानी है। भाजपा के कोटे की शेष दो दर्जन सीटों पर उम्मीदवार तय करने को लेकर कल दिल्ली में बैठक हुई थी। बाराबंकी सीट से उम्मीदवार बनाए गए उपेन्द्र रावत से जुड़ा आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद उनके स्थान पर दूसरा उम्मीदवार उतारने पर चर्चा हुई। बैठक में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, महामंत्री संगठन धर्मपाल के अलावा दोनों उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक पहुँचे थे।सूत्रों के मुताबिक बैठक में मेनका गांधी और उनके पुत्र वरुण गांधी को चुनाव लड़ाने को लेकर चर्चा हुई जिसमें दोनों में एक को टिकट देने की बात हुई। सूत्रों का कहना है कि पार्टी वरुण के बजाय मेनका को सुल्तानपुर से उतारने पर विचार है। पीलीभीत से जितिन प्रसाद और केन्द्रीय मंत्री बीएल वर्मा के नाम पर चर्चा हुई।बरेली से संतोष गंगवार के स्थान पर महापौर उमेश गौतम और (शेष पृष्ठ 7 पर)

महिला सुरक्षा कानून एक मील का पत्थर है : डॉ राजेश्वर सिंह

भारतीय न्याय संहिता एक नए दौर की शुरुआत

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। सरोजनीनगर के बीजेपी विधायक डॉ राजेश्वर सिंह महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों को लेकर हमेशा ही मुखर रहे हैं। उन्होने अनेक मंचों से इन अपराधों के रोकथाम के लिए कड़े कानूनी प्रावधान बनाने की बात कही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा लाई गई भारतीय न्याय संहिता की सराहना करते हुए उन्होने एक्स पर अपने विचार रखे।

डॉ राजेश्वर सिंह ने सरकार द्वारा लाई गई भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की एक महत्वपूर्ण अधिनियम के रूप में सराहना करते हुए इसे महिला सुरक्षा कानून में मील का पत्थर बताया। जिसका उद्देश्य महिला सुरक्षा और कानूनी संरक्षण को बढ़ावा देना है। 1 जुलाई 2024 से लागू होने के लिए अधिसूचित इस कानून में देश भर में महिलाओं के अधिकारों और सम्मान की सुरक्षा के उद्देश्य से महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल है। डॉ सिंह ने बीएनएस के चैप्टर ङ्क को रेखांकित करते हुए कहा कि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अपराध में यह अध्याय अपराधों को संबोधित करने के सर्वोपरि महत्व पर जोर देता है। बीएनएस में शामिल सेक्शन 69 यानी ÷धोखे से यौन संबंध बनाना÷ का उल्लेख करते हुए डॉ सिंह ने कहा कि ये धारा लव जिहाद जैसी प्रथाओं को रोकने के उद्देश्य से धोखा देकर या शादी के झूठे वादों के माध्यम से किसी महिला के साथ यौन संबंध बनाने वाले व्यक्तियों के लिए 10 साल तक की कैद की सजा का प्रावधान करता है। सेक्शन 70 यानी नाबालिग के साथ गैंगरेप के बारे में डॉ सिंह ने बताया कि बीएनएस 18 वर्ष से कम उम्र की महिलाओं के खिलाफ सामूहिक बलात्कार के अपराधियों के लिए आजीवन कारावास या मौत की कड़ी सजा सुनिश्चित करता है, जिससे पीड़ित की उम्र के आधार पर सजा में पिछली असमानता समाप्त हो जाती है। इसी तरह सेक्शन 95 यानी अपराधों में बाल संलिप्तता की रोकथाम की इस धारा का उद्देश्य यौन शोषण या अश्लील साहित्य सहित किसी भी आपराधिक गतिविधि में बच्चों की भागीदारी को रोकना है। डॉ सिंह ने यह भी बताया कि बीएनएस महिलाओं और बच्चों के सुरक्षा के दायरे को विस्तार देता है। महिला पर हमला करने या उसे निर्वस्त्र करने के इरादे से आपराधिक बल के प्रयोग और ताक-झांक के अपराधों में ÷एक आदमी÷ के स्थान पर ÷जो भी÷ शब्द का प्रतिस्थापन, अपराधी के लिंग की परवाह किए बिना ऐसे अपराधों से सुरक्षा के दायरे का विस्तार करता है। डॉ राजेश्वर सिंह ने बीएनएस की एक प्रगतिशील कानून के रूप में सराहना की। राजेश्वर सिंह ने कहा कि बीएनएस पूरे देश में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार (शेष पृष्ठ 7 पर)

कृष्ण जन्मभूमि केस : मस्जिद कमेटी को सुप्रीम कोर्ट से झटका

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मथुरा में श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से संबंधित 15 मुकदमों को समाहित करने के इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली एक नई याचिका का मंगलवार को निस्तारण कर दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शाही मस्जिद ईदगाह की प्रबंध न्यासी समिति को उच्च न्यायालय के समक्ष आदेश वापसी की याचिका दायर करने की स्वतंत्रता प्रदान की। समिति ने उच्च न्यायालय के 11 जनवरी के आदेश को चुनौती दी है। पीठ ने आदेश दिया, ''याचिकाकर्ता ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को वापस लेने का अनुरोध किया है। हम मौजूदा विशेष अनुमति याचिका का निस्तारण करते हैं और याचिकाकर्ता को उच्च न्यायालय में फिर से याचिका दायर करने की छूट देते हैं। समिति के वकील ने कहा कि 11 जनवरी के आदेश को वापस लेने का आवेदन उच्च न्यायालय में लंबित है। उन्होंने अदालत से अनुरोध किया कि आवेदन को एक विशिष्ट तारीख पर उच्च न्यायालय के समक्ष सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया जाए। हालांकि पीठ ने ऐसा कोई आदेश जारी (शेष पृष्ठ 7 पर)

श्रद्धा जागरण म्यूजिकल ने भक्ति गीतों से बांधी समां

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- साहिल झांकी ग्रुप कानपुर ने दिखाई अद्भुत झांकियां
- भण्डारे में हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

शिवगढ़, रायबरेली। शिवगढ़ नगर पंचायत में स्थित प्राचीन कालीन श्री बरखण्डीनाथ महादेव मन्दिर में आयोजित सात दिवसीय संगीतमयी दिव्य श्रीरामकथा के समापन पर हवन पूजन एवं विशाल भण्डारे व जागरण का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धा जागरण म्यूजिकल ग्रुप रायबरेली के मशहूर गायकों ने रिंकू जायसवाल के नेतृत्व भक्ति गीतों से समां बांध दी। वहीं साहिल झांकी ग्रुप कानपुर के मशहूर कलाकारों ने विध्न विनाशक गणेश जी, राम-लक्ष्मण सीता, बाहुबली हनुमान, वानर सेना, राधा- कृष्ण, सुदामा चरित्र, शंकर-पार्वती, शिव ताण्डव की अद्भुत झांकियां दिखाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया झांकियों की अनुपम प्रस्तुति देख दर्शक भक्ति रस में शराबोर होकर तालियां बजाते हुए झूमने गाने लगे, भगवान श्रीराम व भोलेनाथ के जयकारों से समूचा मन्दिर परिसर गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी राज दीक्षित उर्फ राजू भैया हरियाणा वाले व उनकी टीम को आयोजक कमेटी द्वारा माला पहनकर एवं अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। इस धार्मिक आयोजन में राज दीक्षित ने विशेष योगदान देने के साथ ही श्रद्धा म्यूजिकल ग्रुप के सभी सदस्यों एवं साहिल झांकी ग्रुप कानपुर के सभी कलाकारों को सम्मानित किया। युवा समाजसेवी लवकुश मिश्रा ने बताया कि हर साल की तरह संगीतमयी दिव्य श्रीराम कथा, विशाल भण्डारे, जागरण का आयोजन श्रद्धालुओं के सामूहिक सहयोग से किया गया, अपराह्न 2 से शुरू हुआ भण्डारा देर रात तक चला। भण्डारे में दूर दराज से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने मंदिर में माता टेकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर अंजनी कुमार दीक्षित, अमित मिश्रा, कन्हैया कुमार मिश्रा,अखिलेश मिश्रा,अनिल शुक्ला, सुरेश कुमार दीक्षित,विक्की दीक्षित, राकेश त्रिवेदी जिला अध्यक्ष ब्राह्मण महासभा, पवन मिश्रा,छोटू मिश्रा,अनूप मिश्रा मोहित सिंह,योगेश सिंह, राजकिशोर शुक्ला,सुशील गोस्वामी,अनिल शुक्ला,सभासद काजल गिरि,प्रतिनिधि सुशील गिरि, राकेश गोस्वामी, पूर्व रमेश मौर्य, पवन दीक्षित,पुष्पेंद्र सिंह,नरसिंह बहादुर सिंह, डॉ.राजू सिंह,राकेश सिंह, अमरजीत सिंह, गुड्डू गोस्वामी,अनुज बाजपेई आदि लोग उपस्थित रहे।

होली एवं रमजान के सम्बंध में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

संवाददाता

उतरौला (बलरामपुर)। होली एवं रमजान पर्व को सकुशल सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से रविवार को कोतवाली उतरौला परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से आये होलिका दहन संचालक एवं सम्भ्रांत व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान प्रभारी निरीक्षक उतरौला संजय दूबे ने विभिन्न क्षेत्रों से आये सम्भ्रांत व्यक्तियों एवं चौकी प्रभारियों से क्षेत्र में दौरान की गई तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुये सम्बन्धित को इस सम्बन्ध में जरूरी दिशा निर्देश दिये। आयोजकों ने त्योहार के दौरान नगर पालिका के अधिशासी अधिकारियों को साफ सफाई का विशेष ध्यान देने की बात कही। जहां भी कूडादान नही वहां रखे जाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाने की मांग की। इसके साथ ही पानी सप्लाई हेतु प्रयोग किये जाने वाले टैंकरो की भी साफसफाई के साथ पानी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ विद्युत तारों की ऊचांई पर बिशेष ध्यान दिए जाने, ढीले तार को तत्काल सही कराये जाने की मांग की। प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे ने कहा कि कोई भी त्यौहार हर्षोल्लास एवं परम्परागत तरीके व भाई चारे के साथ मनाने की अपील की। इस मौके पर उपजिलाधिकारी उतरौला अवधेश कुमार, क्षेत्राधिकारी प्रमोद कुमार सिंह यादव , नगर पालिका अध्यक्ष उतरौला प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता, सभासद विजयपाल वर्मा, राजकुमार कौशल पांडे, विकास गुप्ता, संतोष कसौधन, शुभम चौरसिया, राजेंद्र सैनी, दुर्गा प्रसाद, अल्ताफ रोहित राज, दीपक चौधरी, मौलाना मोहम्मद अख्तर रजा, मोहम्मद अबरार, समेत प्रधानगढ़, नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के संभ्रांत लोग मौजूद रहे।

भरे बाजार में मित्र के साथ चाय पीते समय उठाकर, दूसरे दिन पुलिस ने आर्म्स ऐक्ट में जेल भेजा

युवक के परिजनों ने पशु तस्करी का विरोध करने पर, पशु तस्कर की सह पर पुलिस द्वारा जेल भेजने का आरोप लगाया

संवाददाता

सुलतानपुर। गोसाईगंज पुलिस के जरिये फर्जी मुकदमा बनाकर युवक का आर्म्स एक्ट में गलत तरीके से चालान कर जेल भेजने का मामला सामने आया है।पुलिस के जरिये युवक को पकड़ने के सही स्थल व सही समय की सीसीटीवी फुटेज ने हकीकत खोलकर रख दी है।सीसीटीवी कैमरे में कैद पुलिस की वीडियो वायरल हो गई है।बीते 14 मार्च को सिरवारा रोड-गोसाईगंज स्थित काफी शॉप होटल से जावेद नाम के युवक को पुलिस ने उस समय उठाया था,जब वह अपने परिचित के लोगो के साथ चाय पी रहा था। एसआई गुलाब चन्द्र पाल,कांस्टेबल विशाल जायसवाल व विकास कुमार के ऊपर जावेद को चाय की दुकान से 14 फरवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे बिल्कुल सामान्य स्थिति में उठाने का आरोप लगा है। पुलिस द्वारा थाने लाये गये युवक जावेद निवासी सिरवारा-गोसाईगंज की गिरफ्तारी इटकौली चौराहे के पास से वह भी अगले दिन यानी 15 मार्च के सुबह की बताकर एवं उसके कब्जे से 315 बोर का तमंचा व एक जिंदा कारतूस दिखाकर आर्म्स एक्ट में जेल भेज दिया गया।पुलिस पर अपने पद का दुरुपयोग कर युवक को फर्जी तरीके से जेल भेजने की साजिश रची जाने के आरोप लग रहे हैं। जेल भेजे गए युवक की मां जहां आरा के आरोप के मुताबिक सिरवारा का रहने वाला अब्दुल सुत सत्तू प्रतिबंधित गोश्त की सप्लाई करता है। जिसका उसके बेटे जावेद ने कई बार विरोध किया था।पीड़ित पक्ष के मुताबिक स्थानीय पुलिस से सेटिंग-गेटिंग कर अब्दुल प्रतिबंधित गोश्त बेचता था।विरोध करने वाले जावेद को पुलिस से अच्छी पकड़ होने का धौंस जताकर अब्दुल ने फंसवा देने की धमकी भी दी थी।सामने आए तथ्यो के मुताबिक जावेद अपने गांव के अब्दुल एवं पुलिस के बीच चल रहे इस सेटिंग गेटिंग के अवैध कारोबार में रोड़ा बन रहा था।जिसे सबक देने के लिए अपने कमाऊपूत अब्दुल की सह पर एसआई गुलाबचन्द्र पाल एवं सिपाही विशाल जायसवाल व विकास कुमार ने जेल भेजने का ताना-बाना बुना।जिले की पुलिस का काला सच सामने आ गया।पुलिस के इस कारनामे की बगल के दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद वीडियो ने सच्चाई बयां कर दिया।जिले के एसपी उक्त मामले में जल्द ले संज्ञान सकते है।योगी जी की मंशा पर पानी फेरने व सरकार की छवि को बदनाम करने वाले इन जिम्मेदार पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों पर जल्द ही गाज गिर सकती है।एसआई जगदीश यादव को मामले की जांच मिली है।इस समय इंस्पेक्टर धीरज कुमार प्रभारी निरीक्षक गोसाईगंज हैं।

बीडीओ आवास की बाउंडरी गिरी, गुणवत्ता पर उठा सवाल

चर्चित राजनीति। संवाददाता

रायबरेली। बीडीओ के आवास की बाउंडरी एकाएक गिर जाने के बाद ढह गई जिससे विभाग के अंदरोनी खेल की पोल खोल दिया है। बाउंडरी ढहने के कारण गुणवत्ता पर सवाल खड़ा कर दिया है। हालांकि पूरे प्रकरण को स्थानीय अधिकारियों के द्वारा दबाया जा रहा है।

ऊंचाहार ब्लाक परिसर में खण्ड विकास अधिकारी आवास बना हुआ है।जिस आवास की बाउंडरी एकाएक भरभराकर गिर गया।जिसमें गलीमत रही कि मौके पर कोई मौजूद नहीं था नही तो हादसा होना तय था बाउंडरी गिरने से गुणवत्ता पर सवाल खड़ा कर दिया है। विकास की पोल गिरा हुआ बाउंडरी ने खोल दिया है।ब्लाक में आने वाले लोग भी मजा ले रहे थे कि ब्लाक का जब ये खेल भ्रष्टाचार का है तो ब्लाक के अन्तर्गत आने वाले ग्राम पंचायतों में क्या होता होगा। जिसको लेकर जब खण्ड विकास अधिकारी कामरान नेमानी से पूंछा गया तो उन्होने कहा कि गिरी है तो उसको बनवाया भी तो जा रहा है। उधर, सीडीओ ने बताया कि यदि ऐसा मामला है तो उसकी जांच करवाया जाएगा।

मतदाता सूची में छूटे हुए नाम जोड़ने, फोटो, पता की अशुद्धि सही करने के लिए 28 अप्रैल तक होगा आवेदन - जिलाधिकारी

संवाददाता

बस्ती - आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में मतदाता सूची में छूटे हुए नाम जोड़ने, नाम, फोटो, पता की अशुद्धि सही करने के लिए 28 अप्रैल को शाम 5रू00 बजे तक आवेदन किया जा सकेगा। उक्त जानकारी जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी अंद्रा वामसी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को दिया है। वे लोकसभा निर्वाचन की तिथि निर्धारित होने के बाद कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आश्वस्त किया कि राजनीतिक दलों को दी गई अंतिम मतदाता सूची एवं मतदान के लिए बूथ पर दी गई मतदाता सूची एक होगी। इसमें किसी प्रकार का अंतर नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि समय-समय पर नाम जोड़े जाने के बाद भी मतदाता सूची दी जाएगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन की घोषणा होने के बाद आयोजित किए जाने वाले सभी कार्यक्रमों की अनुमति संबंधित उप जिलाधिकारी से प्राप्त करें। अनुमति के लिए सुविधा एप पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। अनुमति के लिए संबंधित कार्यालय में ऑफ्लाइन भी प्रार्थना पत्र दिया जा सकता है। मतदेय स्थल को जाने वाले रास्ते, रूट प्लान, क्रिटिकल एवं बरनरेबल बूथ तथा किसी राजनीतिक दल के साथ जुड़कर प्रचार-प्रसार करने वाले अधिकारी कर्मचारी के बारे में समय से सूचना प्रदान करें। उन्होंने आसश्वस्त किया कि राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के सुझाव पर कर्मचारियों की प्रशिक्षण के दौरान उन्हें 17 सी फार्म के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी दिया। उप जिला निर्वाचन अधिकारीध्एडीएम कमलेश चंद्र ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन की अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी होगी और इसी के साथ नामांकन शुरू हो जाएगा। नामांकन करने की अंतिम तिथि 6 म ?ई है। नामांकन की जांच 7 मई, नाम वापसी 9 मई, तथा मतदान 25 मई को होगा। मतगणना 4 जून को संपन्न होगी। उन्होंने बताया कि कलेक्ट्रेट में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका फोन नंबर- 05542-247132 है। प्रचार हेतु तैयार किए गए वीडियो, सोशल मीडिया सामग्री का सत्यापन कराना होगा, अनुमति मिलने के बाद ही इसे संचालित कर सकते हैं। बैठक में सीआरओ संजीव ओझा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शाहिद अहमद, उप जिलाधिकारी शत्रुघ्न पाठक, विनोद पांडेय, आशुतोष तिवारी, सत्येंद्र कुमार सिंह, विधायक महेंद्र नाथ यादव तथा राजनीतिक दल के ज्ञानेंद्र पांडेय, राम सुभाष वर्मा, के. के. तिवारी, जय हिंद गौतम, राजमणि पटेल एवं राजेश राम उपस्थित रहे।

पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह बने किसान मोर्चा भाजपा जिला महामंत्री

संवाददाता, सुल्तानपुर। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आर ए वर्मा व किसान मोर्चा भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण जयसवाल ने पूर्व मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह पर भरोसा जताते हुए किसान मोर्चा भाजपा का जिला महामंत्री नियुक्त किया है।जिलाध्यक्ष श्री जयसवाल ने कहा मै आशा करता हु कि सतीश सिंह पार्टी के लिए कड़ी मेनहत व पुरी निष्ठा से पार्टी की सेवा करेगें और ज्यादा से ज्यादा लोगो को पार्टी के साथ जोड़कर एक नई दिशा में पार्टी हित के लिए काम करेंगे। सतीश सिंह दूबेपुर क्षेत्र के उतुरी गांव के निवासी है।सतीश कुमार सिंह ने किसान मोर्चा भाजपा के प्रदेश नेताओं व जिलाध्यक्ष डॉ.आर ए वर्मा, अरुण जयसवाल का आभार व्यक्त करते हुऐ कहा कि पार्टी हित मे हम पुरी निष्ठा व ईमानदारी से काम करेंगे। सतीश सिंह को जिला महामंत्री किसान मोर्चा बनाऐ जाने पर क्षेत्रवासियों ने खुशी जाहिर किया।

रक्तदाता प्रत्यक्ष देवदूत, रामकृष्ण सेवा फाउंडेशन के कैम्प में बने 25 महादानी

संवाददाता

अयोध्या। व्यायाम शिक्षक राजकुमार वर्मा जी के जन्मदिन के परिपेक्ष्य में राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के बैनर तले एक दिवसीय स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में किया गया। शिविर में 28 लोगों ने रक्तदान के लिए पंजीकरण कराया जिसमें 25 रक्तदाता ब्लड डोनेट कर महादानी बनें। शिविर का शुभारंभ का सुसाकेत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अभय कुमार सिंह ने रिबन काट कर किया। मुख्य अतिथि का स्वागत संस्था के संरक्षक राजेश चौबे व उपाध्यक्ष इंद्र प्रीत सिंह बेदी ने स्मृति चिन्ह, अंग वस्त्र व माल्यार्पण कर किया। रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि रक्तदाता प्रत्यक्ष देवदूत तुल्य है जो अपने लहू से किसी को जीवन दान देते है। युवाओं को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए जिससे किसी की मौत खून के अभाव में न हो। संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त ने कहा कि रक्तदान के प्रति लोग जागरूक हो यहीं संस्था का मुख्य उद्देश्य है और संस्था द्वारा अभी तक करीब 120 रक्तदान शिविर का आयोजन कर करीब सात हजार लोगों को ब्लड मुहैय्या कराया जा चुका हैं। संस्था सचिव शशि रावत ने कहा कि असहाय, बेबस व जरुरत मंद लोग संस्था से संपर्क करके बिना किसी शर्त के आधी रात को भी ब्लड प्राप्त कर सकते हे। रक्तदान कराने में लैब टेक्नीशियन रामू प्रजापति, विष्णु पांडेय काउंसलर ममता खत्री का सराहनीय योगदान रहा।

रक्तदान करने में मंजीत कुमार, कैलाश लखमानी, शिव नारायण शुक्ला,आदेश्र प्रजापति, आशीष वर्मा, महेश वर्मा, विकास मिश्रा, अजय जायसवाल, ठाकुर प्रसाद मांझी, राजकुमार वर्मा, सुभाष वर्मा, अरुणेश वर्मा, आकाश कन्नौजिया विजय नाथ तिवारी , शंकर वर्मा ,श्याम वर्मा, श्रवण कुमार जयसवाल व अन्य रहे। इस मौके पर अमरेश चंद्र मिश्र ,राहुल कुमार मोहम्मद अहद ,अंशिका सिंह ,पवन कुमार अन्य लोग उपस्थित रहे।

संक्षिप्त समाचार

अवैध शस्त्रों का युवक ने किया प्रर्दशन, जांच जारी

रायबरेली, चसं। गदागंज थाना क्षेत्र के गांव एक गांव का युवक अवैध शस्त्रों का प्रदर्शन करते हुए फोटो सोशल मीडिया में वायरल किया जा रहा है।वायरल फोटो में युवक दोनो हांथो में अवैध शस्त्रों को लहरा रहा है।जिसके फोटो वायरल होने के बाद पुलिस महकम्मा में हलचल पैदा कर दिया।जिससे साफ जाहिर है कि दो अवैध असलहे अवैध शस्त्रों की फैक्टरी फलने फूलने की ओर इशारा लोकसभा चुनाव के बिगुल फूंकने के दौरान ही कर रहा है।हलाकि ये कोई नया थाना नही है बल्कि जिले के अन्य कई थानो में अवैध असलहों के प्रदर्शन का फोटो वायरल हो चुका है।उधर सीओ ने बताया कि गदागंज थाना क्षेत्र के युवक की शिनाख्त फोटो के आधार पर करवाया जा रहा है।

वाहन ने भाई बहन कों रौंदा, मौत

रायबरेली, चसं। भदोखर थाना क्षेत्र के गांव मुंशीगंज कस्बा में बाइक सवार विमल पाल 32वर्ष पुत्र श्यामलाल निवासी बस्तेपुर; व बहन अशोक कुमारी 34वर्ष पुत्री श्यामलाल निवासी गोराबाजारबस्तेपुर को अज्ञात वाहन ने रौंदकर फरार हो गया।जिसमें दोनो को अस्पताल ले जाया गया जहां पर उपचार के दौरान मौत हो गई है। भदोखर थाना प्रभारी ने बताया कि दोनो शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है। किस वाहन से दुर्घटना हुई है उसको लेकर सीसी कैमरे की मदद से जांच पड़ताल किया जा रहा है।

आग लगने से दो मासूम झुलसे, एक की मौत, दूसरा गम्भीर

रायबरेली, चसं। खीरो थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गांव गनेशपुर मजरे जसमऊ निवासी रीना पत्नी शिवबोधन लोधी अपने घर पर दो बच्चों के साथ घर पर अकेली रहती है।पति जम्मू में ईंटभट्ठे पर मजदूरी करता है।जिसके यहां सोमवार व मंगलवार की मध्य रात्रि आग मच्छर के हटाने के लिए फूसफास सुलगाया गया था जिस दौरान उठी चिंगारी से आग लग गया आम पर जब तक दमकल व गांव के ग्रामीण काबू पाते तब तक आग की चपेट में आने से आयुष 7 वर्ष व आर्यन 9 माह झुलसने पर खीरो सीएचसी में ले जाया गया जहां पर आर्यन की मौत हो गई जबकि आयुश 7 वर्ष की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर करने पर वहां ले जाकर भर्ती करवाया गया है।खीरो थाना प्रभारी ने बताया कि दो मासूम झुलसे थे जिसमें आर्यन 7 माह की मौत हो गई है जिसका शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है।उधर एसडीएम ने बताया कि प्रशासनिक स्तर से मदद परिजन का किया जाएगा जिसको लेकर रिपोर्ट तैयार किया जा रहा है।

युवती ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

रायबरेली, चसं। लालगंज कोतवाली के गांव बहाई निवासिनी राखी 17वर्ष अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया है।जिसकी हालत गंभीर होने पर सीएचसी लालगंज से रेफर करने के बाद जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है जहां पर उसकी हालत समाचार लिखे जाने तक चिंताजनक बनी हुई थी।लालगंज कोतवाली प्रभारी ने बताया कि सूचना मिली है जिसकी जांच करवाया जा रहा है।

सिंदूर खाने से युवक की हालत बिगड़ी, भर्ती

रायबरेली, चसं। ऊंचाहार कोतवाली के गांव पूरे तीर मजरे खरौली निवासी आशीष 28वर्ष पुत्र रामआसरे अपने घर के विवाद से खिन्न होकर सिंदूर घोलकर पी लिया जिसके बाद उसकी हालत गंभीर हो गया।जिनको सीएचसी में भर्ती किया गया है।कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि जांच किया जा रहा है।

युवक को दबंगों ने पीटा, भर्ती

रायबरेली, चसं। ऊंचाहार कोतवाली के गांव लालताकापुरवा निवासी संदीप कुमार 18वर्ष पुत्र अमृतलाल को मामूली विवाद में दबंगो ने मारपीट करके लहूलुहान कर दिया।जिनको गंभीर चोट आने पर मंगलवार को दोपहर के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार में एबुलेंस से लाकर भर्ती करवाया गया।पीड़ित की ओर से कोतवाली में लिखित तहरीर दिया गया है समाचार लिखे जाने तक मुकदमा दर्ज नही किया गया था न ही अस्पताल में पुलिस के द्वारा मेडिकल करवाया गया था।

किशोर बालक ने बछरावां में खाया जहरीला पदार्थ, गम्भीर

रायबरेली, चसं। बछरावां थाना क्षेत्र के अन्तर्गत गांव इचौली निवासी शिवा 16वर्ष जहरीला पदार्थ खा लिया जिसके बाद किशोर की हालत गंभीर होने पर सीएचसी में भर्ती किया गया।जहां से उनको प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

मार्गदुर्घटना में तीन घायल, भर्ती

रायबरेली, चसं। ऊंचाहार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में मार्गदुर्घटना में घायल होने पर माताफेर 65वर्ष निवासी गांव मदारीपुर;सुनील कुमार 35वर्ष निवासी सरायसहिजन;गीता 40वर्ष निवासी मदारीपुर को भर्ती करवाया गया।सीएचसी के अधीक्षक ने बताया कि तीनों घायलो को भर्ती करके उपचार किया जा रहा है।

ग्यारह सौ ग्राम अवैध गांजा समेत युवक गिरफ्तार

रायबरेली, चसं। ऊंचाहार कोतवाली के अन्तर्गत गांव अरखा निवासी अतिन कुमार 22वर्ष फूलचन्द्र ग्यारहसौ ग्राम अवैध गांजा के साथ पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा करते हुए उसको मंगलवार के दिन जेल संबंधित धारा में दर्ज करके भेजा है।कोतवाली प्रभारी ने बताया कि चेकिंग के दौरान अभियुक्त को अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार करके जेल भेजा गया है।

सरकारी दफ्तरों से नेताओं के तस्वीर हटाने का आदेश

रायबरेली, चसं। लोकसभा चुनाव को लेकर समस्त सरकारी दफ्तरों में लगे नेताओं की तस्वीरों को हटाने का आदेश दिया गया है।जिसको लेकर अपर मुख्य सचिव जितेन्द्र कुमार के आदेश के बाद डीएम हर्षिता माथुर ने समस्त सरकारी विभाग के जिला व तहसील एवं ब्लाक तथा नगर पालिका व नगर पंचायत के अधिकारियों को नेताओं की तस्वीरों को दफ्तरों से हटाने का आदेश दिया है।

एएसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन में ली परेड की सलामी

अमेठी, चसं। आज अमेठी में अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र कुमार ने रिजर्व पुलिस लाइन के परेड ग्राउंड में परेड की सलामी ली और परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में एकरूपता और अनुशासन बनाए रखने के लिए टोलीवार ड्रिल व व्यायाम करवाया गया।इस दौरान मौके पर मौजूद सभी समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन का मुआयना करते हुए बैरक, क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, मेस, बैरिक, कैश कार्यालय और परिवहन शाखा का निरीक्षण कर साफसफाई व अभिलेखों के रखरखाव के संबंध में आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए। पुलिस लाइन आदेश कक्ष में विभिन्न रजिस्टरों एवं अभिलेखों को चेक कर अद्यावधिक रखने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। दरअसल, प्रत्येक मंगलवार की तरह आज अमेठी एएसपी हरेंद्र कुमार द्वारा अमेठी के ककवा रोड पर स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली गई। वहीं एसपी ने बैरक, क्वार्टर गार्द, शस्त्रागार, मेस, बैरिक, कैश कार्यालय और परिवहन शाखा का निरीक्षण कर साफसफाई और अभिलेखों के रखरखाव के संबंध में आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए। पुलिस लाइन में स्थित आदेश कक्ष में अलग अलग रजिस्टरों और अभिलेखों को चेक कर सुरक्षित रखने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एयर कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।एएसपी के निरीक्षण के दौरान प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान एएसपी ने मेस में जाकर पुलिस कर्मियों के लिये बनाये का रहे खाने को भी चेक किया।

संक्षिप्त समाचार

जीआरपी चारबाग के चंगुल में शातिर चोर

लखनऊ, चसं। थाना जीआरपी चारबाग टीम द्वारा ट्रेन व रेलवे स्टेशन पर चोरी करने वाला अभियुक्त अर्जुन कश्यप(21) गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के दो मोबाइल, बिछिया, नगदी बरामद। पुलिस अधीक्षक रेलवे, लखनऊ के निर्देशन में आगामी त्यौहार में ट्रेनों व रेलवे स्टेशनों पर चोरी,लूट व जहर खुरानी की घटनाओं की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत पुलिस उपाधीक्षक रेलवे, प्रथम विकास पाण्डेय के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक संजय खरवार थाना जीआरपी चारबाग लखनऊ के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना जीआरपी चारबाग से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया । अभियुक्त अर्जुन कश्यप पुत्र श्रीपाल कश्यप ग्राम क्यारा थाना सदर कैण्ट जनपद बरेली का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक अभियुक्त बहुत ही शातिर किस्म का चोर है जो ट्रेनों मे व रेलवे परिसर मे सो रहे यात्रियों एवं ट्रेन मे चढते समय यात्रियों के मोबाइल, ज्वैलरी व अन्य सामान की चोरी करता है।

जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर घूस लेते गिरफ्तार

लखनऊ, चसं। राजधानी लखनऊ में विजिलेंस ने जीएसटी के डिप्टी कमिश्नर धनेंद्र कुमार पांडेय को घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मंगलवार शाम को विजिलेंस टीम सेल्स टैक्स मुख्यालय पहुंची और धनेंद्र पांडेय को 2 लाख रुपए लेते गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, एडम डाटा सर्विसेज ने धनेंद्र कुमार के खिलाफविजिलेंस से शिकायत की थी। बताया था कि डिप्टी कमिश्नर घूस मांग रहे हैं। विजिलेंस की टीम प्लानिंग के साथ सेल्स टैक्स मुख्यालय पहुंची और धनेंद्र को 2 लाख रुपए लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई।

काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने किया मूल्यांकन दूसरे दिन भी जारी रहा शिक्षकों का विरोध

लखनऊ, चसं। माध्यमिक शिक्षा विभाग में मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा विभाग में बोर्ड परीक्षा का मूल्यांकन शिक्षकों के प्रतीकात्मक विरोध के साथ शुरू हुआ। काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने बोर्ड कॉपियों का मूल्यांकन जारी रखा। इस दौरान शिक्षकों ने शासन की तरफसे पीड़ित परिवार को दिए गए 25 लाख के मुआवजे को नाकाफी बताते हुए 1 करोड़ की धनराशि की मांग की। इससे पहले सोमवार को मुजफ्फरनगर की घटना के बाद प्रदेश भर में मूल्यांकन प्रक्रिया बाधित रही लखनऊ समेत कई जिलों में मूल्यांकन पूरी तरह से ठप भी रहा। लखनऊ में माध्यमिक शिक्षा निदेशक के शिविर कार्यालय में शाम को शिक्षक वार्ता के लिए पहुंचे। मंगलवार सुबह से मूल्यांकन केंद्रों पर रोज की तरह शिक्षक पहुंचे। मूल्यांकन शुरु करने से पहले सभी ने काली पट्टी बांधकर घटना को लेकर विरोध जताया। शिक्षकों का कहना था कि मुजफ्फरनगर की घटना झकझोरने वाली हैं। इसके दोषी पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही पीड़ित परिवार के लिए हर संभव सहायता की जाने की जरूरत हैं।

नदियां जीवन रेखा हैं, इनका संरक्षण जरूरी

लखनऊ, चसं। नदियाँ जीवन रेखा हैं और इनका संरक्षण करना व इन्हें स्वच्छ बनाये रखना भावी पीढ़ी के सुखद जीवन के लिए जरूरी है। यह विचार जिला गंगा समिति द्वारा बाराबंकी के अवशानेश्वर मंदिर के निकट गोमती नदी के तट पर आयोजित गंगा स्वच्छता अभियान में विनय कुमार शुक्ला सहायक विकास अधिकारी त्रिवेदीगंज ने व्यक्त किये। उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए प्रदीप सारंग सदस्य जिला गंगा समिति ने कहा कि नदियाँ आर्थिक ऊन्नति में सहायक होने के साथ हमारी संस्कृति को समृद्ध करती हैं। हर नदी की एक कहानी है जिसे समझना होगा और नदियों को स्वच्छ बनाये रखने में योगदान देना चाहिए। उमेश कुमार कनौजिया उप वन-क्षेत्राधिकारी ने कहा कि यदि हम पर्यावरण के प्रति सचेत नहीं हुए तो प्राकृतिक आपदाओं के रूप में आने वाले भयंकर परिणामों के लिए हमें तैयार रहना होगा।नमामि गंगे व जिला गंगा समिति के परियोजना अधिकारी दिवाकर सिंह ने कहा कि गंगा नदी सहित समस्त जलश्रोतों को स्वच्छ बनाने के लिए नियमित काम करना होगा। अपनी दैनिक आदतों में सुधार करते हुए हम गंदा करना बन्द कर दें तो स्वच्छता के लिए बड़ा योगदान होग। विद्यालयी बच्चों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई तथा अभिव्यक्ति नामक संस्था द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। उपस्थित सभी ने ग्लब्स पहनकर गोमती नदीके तट पर विखरा पड़ा कूड़ा प्लास्टिक आदि उठाकर कूड़ेदान में एकत्रित किया गया तथा स्वच्छता संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता जितेन्द्र त्रिवेदी, प्रधान अध्यापक जितेंद्र कुमार ने भी विचार रखे ।

गन्ने के खेत में प्रेमी युगल मना रहे थे रंगरेलियां, ग्रामीणों ने कराया निकाह

लखनऊ, चसं। यूपी की राजधानी लखनऊ से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है जहां एक लड़का और लड़की गन्ने के खेत में रोमांस कर रहे थे उसी दौरान कुछ ग्रामीणों की नजर इन पर पड़ी गई। इस दौरान गांव वालों ने पहले दोनों को पीटा फिर निकाह करा दिया। दरअसल, राजधानी लखनऊ में एक प्रेमी जोड़े की शादी सुर्खियों में बनी हुई है। इन दोनों को ग्रामीणों ने गन्ने के खेत में पकड़ा था। उसके बाद ग्रामीणों ने युवक और युवती के परिजनों को बुलाया और इस मामले को लेकर पंचायत बैठाई गई। इतना ही नहीं लोग दोनों की हरकतों से काफी नाराज थे और ऐसे में युवक और युवती की पिटाई भी की थी। लेकिन, बाद में लड़के का हाथ पीला करवा दिया गया। बताया जा रहा है कि, लखनऊ के एक गांव के खेत में ग्रामीणों ने प्रेमी जोड़े को धर दबोचा। प्रेमी युगल गन्ने के खेत में रंगरेलिया मना रहा था। ग्रामीणों ने उन्हें रंगेहाथ पकड़ कर उनकी जमकर पिटाई की। इस मामले को लेकर गांव में पंचायत बैठाई गई। फैसला लेने के बाद दोनों का निकाह कराया गया।

लोकसभा चुनाव : 8 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 20 को जारी होगी अधिसूचना

20 मार्च से शुरू होगा नामांकन, चुनाव प्रचार में खर्च कर सकते हैं 95 लाख रुपये

चर्चित राजनीति। ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा निर्वाचन की तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए 20 मार्च से चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो रही है।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण में 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 20 मार्च को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होगी। इसके साथ ही इन निर्वाचन क्षेत्रों में नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। नामांकन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 03 बजे के मध्य किये जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पहले चरण के अंतर्गत जिन 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए चुनाव सम्पन्न किया जाना है। वे क्रमशः सहारनपुर-01, कैराना-02, मुजफ्फरनगर-03, बिजनौर-04, नगीना-05 अनु0जाति, मुरादाबाद-06, रामपुर-07 व पीलीभीत-26 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र शामिल हैं। पहले चरण की 08 लोकसभा सीटों में 07 सीटें सामान्य श्रेणी की हैं और 01 सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। ये सभी 08 निर्वाचन क्षेत्र प्रदेश के 03 मण्डलों-सहारनपुर, मुरादाबाद और बरेली के अन्तर्गत 09 जिले- सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मेरठ, मुरादाबाद, रामपुर, पीलीभीत व बरेली आते हैं।मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव के निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन के प्रथम चरण की 8 लोकसभा सीटों के लिए नामांकन भरने की अंतिम तिथि 27 मार्च निर्धारित है। नामांकन पत्रों की जांच 28 मार्च को होगी। 30 मार्च को नाम वापसी की अंतिम तिथि निर्धारित है। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को होगा। उत्तर प्रदेश की सभी निवार्चन क्षेत्रों की 04 जून को मतगणना की जायेगी। 06 जून से पूर्व निर्वाचन की प्रक्रिया पूर्ण करा ली जायेगी। प्रथम चरण की 08 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में 1.43 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 76.23 लाख पुरूष, 67.14 लाख महिला तथा 824 थर्ड जेन्डर हैं।



इन निर्वाचन क्षेत्रों में 7693 मतदान केन्द्र तथा 14842 मतदेय स्थल हैं। लोकसभा सामान्य निर्वाचन हेतु प्रत्येक सामान्य श्रेणी के प्रत्याशी को 25000 रुपये तथा अनु.जाति, अनु.जनजाति के प्रत्याशी को 12,500 रुपये जमानत धनराशि जमा करनी होगी। राष्ट्रीय ,राज्यीय दलों के प्रत्याशियों को निर्वाचन क्षेत्र का एक निर्वाचक प्रस्तावक के रूप में तथा रजिस्ट्रीकृत अमान्यता प्राप्त राजनैतिक दल एवं निर्दलीय प्रत्याशियों को 10 प्रस्तावक की आवश्यकता होगी।

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में व्यय की अधिकतम सीमा 95 लाख रुपये निर्धारित है। नामांकन के समय रिटर्निंग आफिसर,सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यालय के 100 मीटर की परिधि के भीतर अधिकतम 03 वाहन तथा प्रत्याशी सहित अधिकतम 05 व्यक्तियों के प्रवेश की अनुमति होगी। राजनैतिक दलों द्वारा खड़े किये गये उम्मीदवारों को फार्म-ए तथा फार्म-बी दाखिल करना होगा।

मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता से सम्पन्न

लखनऊ, चसं। लखनऊ में मंडल स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन विज्ञान एवम प्रौद्योगिकी परिषद विज्ञान भवन लखनऊ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिलाधिकारी लखनऊ सूर्य पाल गंगवार द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी कहा आप सब यदि किसी एक विषय में महारत हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध रहे तो आने वाले समय में विज्ञान क्षेत्र में होने वाली तमाम नई खोजो और नवाचारों को आपका नाम से जाना जाएगा और भविष्य में आप सभी एक श्रेष्ठ वैज्ञानिक के रूप में जाने जायेंगे। इस तरह की प्रतियोगिताएं सभी में वैज्ञानिक स्वभाव को उत्पन्न करने में सहायक होंगी जो कि हमारे संविधान में भी मूल कर्तव्य के रूप में बताया गया है।

प्रतियोगिता में लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, हरदोई, उन्नाव और रायबरेली के जिलों से लगभग 40 मॉडलों को छात्रों ने प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता अनुष्का प्रजापति, दीपांजलि(महर्षि विद्या मंदिर सीतापुर), शुभि दीक्षित(सनातन धर्म इंटर कॉलेज लखीमपुर खीरी),आजम खान (राजकीय उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल सरोजिनी नगर लखनऊ), सांत्वना प्रथम रूपक वर्मा (पंडित दीनदयाल सरस्वती विद्या मंदिर लखीमपुर),सांत्वना द्वितीय उत्कर्ष वर्मा (आर बी एस बी सिंह इंटर कॉलेज सीतापुर) पुरस्कार मिला।

भाई बहन ने रचाई शादी, अब जायेंगे जेल, दो अफसर सस्पेंड

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लाभ खातिर लिए थे फेरे

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के महराजगंज से बीते दिन हैरान करने वाली खबर सामने आई थी। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ उठाने के लिए दो भाई बहन ने ही आपस में शादी कर ली थी। यूपी प्रशासन के भी होश उड़ गए थे। अब मामले की भनक योगी सरकार के कानों तक पहुंच गई है और सरकार ने सख्त एक्शन लेते हुए अधिकारियों समेत दोनों दूल्हा-दुल्हन पर कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। महराजगंज के लक्ष्मीपुर ब्लॉक में भाई-बहन की फर्जी शादी का मामला काफी चर्चा में है।

ऐसे में क्षेत्र विकास अधिकारी ने मामले की रिपोर्ट पेश की है जिसपर एक्शन लेते हुए 2 अधिकारियों को सस्पेंड कर दिया गया है। रिपोर्ट के आधार पर डीडीओ ने ग्राम पंचायत अधिकारी को निलंबित कर दिया है। मनरेगा के तकनीकी सहायक को भी जिला मुख्यालय में ट्रांसफर कर दिया गया है। इसके अलावा बीडीओ ने 35 हजार की इनाम राशि पर रोक लगा दी है और गृहस्थी का सामान भी वापस मंगवा लिया है।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ उठाने के लिए भाई-बहन ने आपस में फेरे ले लिए थे। ऐसे में दोनों भाई-बहन के खिलाफकेस दर्ज हो चुका है। फर्जीवाड़े के केस में दोनों को जेल हो सकती है। हालांकि पुलिस अभी मामले की जांच में लगी है। मुकदमा दायर होने के बाद दोनों को क्या सजा मिलेगी? इसका फैसला अदालत करेगी।

5 मार्च को महराजगंज के लक्ष्मीपुर ब्लॉक में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 38 जोड़ों की शादी करवाई गई थी। शादी के बाद सभी जोड़ों को गृहस्थी का सामान और 35 हजार रुपए मिलने वाले थे।

सरकार के प्रतिबंधित करने के बावजूद प्रीपेड मीटर का दिया जा रहा अनुमोदन

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ता परिषद का बड़ा खुलासा

लखनऊ। केन्द्र एवं राज्य सरकार 2020 में चाइनीस मीटरों पर प्रतिबंध लगा चुकी है। लेकिन निजी घरानों पर मेहरबानी के चलते ऐसे स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को जीटीपी को अनुमोदन दिया जा रहा है जिनम प्रमुख कंपोनेंट चाइनीसें इस्तेमाल किया गया है। उपभोक्ता परिषद ने पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से इसे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।

उत्तर प्रदेश में बडे पैमाने पर स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की पूरी तैयारी की जा रही है। इस बीच उपभोक्ता परिषद जो खुलासा किया उससे पावर कार्पोरेशन प्रबंधन एक बार सोचने पर मजबूर हो जाएगा कि बिजली कंपनियां किस प्रकार स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाले निजी घरानों पर मेहरबान है। बिजली कंपनियों की तरफ से स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने के पहले उनकी गारंटीड टेक्निकल पर्टिकुलर यानी जीटीपी जो बिजली कंपनियों की तरफ से अनुमोदित की जा रही है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम की जीटीपी में खुलासे से पता चला कि स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी मीटर के अंदर महत्वपूर्ण पैरामीटर जैसे माइक्रोप्रोसेसर डिस्प्ले माड्यूल ऑप्टिकल पोर्ट पावर सप्लाई इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पोनेंट बैटरी पीसीबी आरटीसी व अन्य लगने वाल ज्यादातर कॉम्पोनेंट का मेक और ओरिजन चाइनीस बता रहा है। उसे अनुमोदित भी किया गया है। यानि कि आने वाले समय में स्मार्ट प्रीपेड मीटर जो लगेगा उसके अंदर के कंपोनेंट चाइनीस होंगे। जो पूरी तरह गलत है भारत सरकार वह उत्तर प्रदेश सरकार ने वर्ष 2020 में चीनी मीटर लगाने पर रोक लगा दिया था। अब उत्तर प्रदेश में स्मार्ट प्रीपेड मीटर के अंदर लगने वाल प्रमुख तकनीकी पैरामीटर को चाइनीस कंपनी द्वारा लिया जाना प्रस्तावित करना ही अपने आप में बडे जांच का मामला है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा स्मार्ट प्रीपेड मीटर उत्तर प्रदेश में काफी ऊंची दरों पर खरीदे जा रहे हैं।

इसके बावजूद भी उसमें लगने वाले प्रमुख कंपोनेंट को चीनी कंपनियों द्वारा खरीदे जाने की अनुमति अपने आप में गंभीर मामला है। जल्द ही पूरे मामले पर उपभोक्ता परिषद पावर कार्पोरेशन प्रबंधन से बात करेगा। इस प्रकार की कार्यवाही पर अभिलंब विराम लगाने की मांग करेगा। उपभोक्ता परिषद के अनुसार सभी बिजली कंपनियों मे स्मार्ट प्रीपेड मीटर की जीटीपी को अनुमोदित करने के लिए होड मची है। आखिर ऐसा क्या है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने वाले निजी घराने जो चाह रहे हैं वही जीटीपी अनुमोदित कर ले रहे हैं। इसकी भी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

मिशन 80 : आसान नहीं है डगर

चर्चित राजनीति। संवाददाता

- बदले सियासी समीकरणों से बढ़ीं भाजपा की आस

लखनऊ। राजनीति में नामुमकिन कुछ भी नहीं लेकिन यूपी की सभी सीटों को अपने पाले में लाने का लक्ष्य और दावा पूरा होना आसान नहीं। भाजपा ने यूपी के लिए मिशन 80 तय किया है। डगर आसान नहीं है।

2019 में हारी हुई 14 सीटें भी जीतनी होंगी। उपचुनाव में जीती आजमगढ़ और रामपुर सीटों पर 2024 में बड़ी चुनौती है। 11 सीटों में हार-जीत का अंतर 25 हजार से कम था। इनमें से भाजपा ने 9 सीटें जीती थीं। मछलीशहर लोकसभा सीट पर तो भाजपा ने बसपा पर सिर्फ181 वोटों से जीत दर्ज की थी। मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत, सुल्तानपुर, चंदौली, कन्नौज, बदायूं जैसी सीटों पर भी हार-जीत का अंतर कम था। एनडीए ने यूपी में 2014 में 80 में 73 सीटें जीती थीं। 2019 में यह संख्या 64 रही थी। सीटें कम होने के बावजूद भाजपा का वोट शेयर बढ़ा था। हारी16 सीटों में आजमगढ़ और रामपुर सीटें उपचुनाव में भाजपा ने सपा से छीन ली थीं। आजमगढ़ में भाजपा के दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ की जीत का अंतर 8679 वोटों का था। रामपुर में भाजपा के घनश्याम सिंह लोधी करीब 42 हजार से जीते थे। हारी सीटों में मैनपुरी और रायबरेली ऐसे लोकसभा क्षेत्र हैं, जिनका तिलिस्म भाजपा नहीं तोड़ पाई है।2024 में भाजपा को प्रदेश की करीब दो दर्जन सीटों पर विपक्ष से कड़ी चुनौती मिल सकती है। इसमें हारी के साथ ही जीती हुई,वो सीटें शामिल हैं जहां हार-जीत का अंतर अधिक नहीं था। पार्टी ने काफी पहले ही इन सीटों को रेड जोन में शामिल करते हुए इन्हें जीतने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया था। पार्टी ने पहले हारी सीटों पर लोकसभा और विधानसभा विस्तारक भेजे। केंद्रीय मंत्रियों को जिम्मेदारी दी थी। सामाजिक समीकरण को देखते हुए हारी हुई दो सीटें बिजनौर और घोसी अपने सहयोगियों रालोद और सुभासपा को दे दी हैं। दूसरे दलों के मजबूत चेहरे पार्टी में शामिल कराये जा रहे है। सामाजिक समीकरण साधने पर फोकस है। भाजपा द्वारा जीती सीटों में सात तो 15 हजार वोटों तक के मार्जिन वाली थीं। हार-जीत का सबसे कम अंतर मछलीशहर सीट पर था। भाजपा के बीपी सरोज ने बसपा के त्रिभुवन राम को मामूली अंतर से हराया था। दूसरे कम अंतर वाली जीत मेरठ सीट पर हुई थी। भाजपा के राजेंद्र अग्रवाल ने बसपा के हाजी याकूब पर 4729 वोट से जीत दर्ज की थी। मुजफ्फरनगर सीट पर भाजपा के संजीव बालियान ने रालोद के चौधरी अजित सिंह को 6526 वोटों से हराया था। कन्नौज सीट पर भाजपा के सुब्रत पाठक सपा की डिंपल यादव से 12353 वोटों से जीते थे। चंदौली सीट पर केंद्रीय मंत्री डा. महेंद्रनाथ पांडेय की जीत का अंतर 13959 वोट का था। सुल्तानपुर सीट पर भाजपा की मेनका गांधी 14526 वोटों से जीती थीं।बलिया सीट पर भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त 15519 वोटों से जीते थे। कम मार्जिन वाली एक सीट बसपा के खाते में आई थी।

श्रावस्ती सीट पर बसपा के राम शिरोमणि वर्मा ने भाजपा के ददन मिश्र को 5320 वोटों से हराया था। भाजपा ने यूपी की सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य तय किया है। प्रदेश में सियासी उलटफेर ने भाजपा की उम्मीदों को पंख लगाए हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा, बसपा और रालोद साथ थे।इसी समीकरण ने महागठबंधन को 15 सीटें जिताई थीं, जिसमें 10 बसपा और 5 सपा के खाते में आई थीं। अब हालात बदल चुके हैं। बसपा अब अलग से मैदान में है। रालोद अब एनडीए का हिस्सा बन चुका है।

आम आदमी पार्टी ने शहीद शिक्षक धर्मेंद्र कुमार को दी श्रद्धांजलि

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। मंगलवार को शिक्षक प्रकोष्ठ आम आदमी पार्टी उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश कार्यालय गोमतीनगर पर पुलिस आरक्षी द्वारा जघन्य हत्या किये गए शिक्षक धर्मेंद्र कुमार जी की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

ज्ञात हो कि सहायक अध्यापक धर्मेंद्र कुमार राजकीय हाई स्कूल में गांव वाराणसी जो की बोर्ड की कॉपियां जमा करने मुजफ्फरनगर गए थे जिनकी आरक्षी चंद्रप्रकाश द्वारा गोली मारकर जघन्य हत्या कर दी गई है। इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से समस्त शिक्षा जगत सहित आम आदमी पार्टी भी शोकाकुल है। पार्टी श्री धर्मेंद्र कुमार जी के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करती है। श्रद्धांजलि सभा मे शिक्षक प्रकोष्ठ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष घनश्याम श्रीवास्तव, प्रदेश महासचिव अजय गुप्ता प्रदेश, प्रदेश सचिव दुर्गेश चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ दिग्विजय सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ मुकेश यादव, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती प्रतिभा मौर्य, जिला उपाध्यक्ष अनूप वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष सहदेव शर्मा, बबिता वर्मा, पूर्व जिला महासचिव अरफोज आलम, उधम सिंह, सिद्दराज सिंह आदि सदस्य उपस्थित रहे।

एकेटीयू की संक्रमण रोकने में सक्षम नोट गिनने वाली मशीन को मिला पेटेंट

चर्चित राजनीति। संवाददाता



लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में कोरोनाकाल के दौरान नोट गिनने वाली सेनेटाइजिंग युक्त मशीन के अविष्कार को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय ने पेटेंट किया है। विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एडवांस स्टडीज ने पेटेंट के लिए आवेदन किया था। इस मशीन को डॉ. अनुज कुमार शर्मा और महीप सिंह ने बनाया था।

कोरोना काल के दौरान जब तेजी से संक्रमण फैल रहा था तब इस मशीन को बनाने का आइडिया आया था। इसके जरिये बिना कोरोना के संक्रमण के नोटों को आसानी से गिना जा सकता है। यह मशीन सेनेटाइज करके 200 नोट प्रति मिनट गिनने में सक्षम है। यूवी लाइट और सेनेटाइजर का प्रयोग करके इसे बनाया गया है। इस मशीन में सेनेटाइज के भाप का प्रयोग किया जाता है। इससे नोट खराब नहीं होती। इससे नोट गिनने पर कोरोना के अलावा अन्य संक्रमण को भी फैलने से रोका जा सकता है। भविष्य में विश्वविद्यालय यदि कोई इंडस्ट्री इस तकनीक को लेना चाहेगी तो उसे टेक्नोलॉजी ट्रांसफर भी करेगा। पेटेंट मिलने पर माननीय कुलपति प्रो0 जेपी पांडेय ने मशीन बनाने वाली टीम को बधाई दी। कहा कि विश्वविद्यालय लगातार तकनीकी के क्षेत्र में ऐसे कार्य कर रहा है। उच्च गुणवत्ता के शोध के अलावा अविष्कार किये जा रहे हैं। आपको बता दें कि कोरोना काल के दौरान एकेटीयू के शिक्षकों ने संक्रमण रोकने के लिए कई अन्य अविष्कार भी किये थे। इसमें हॉस्पिटल के लिए रोबोट, शुद्धि सुरंग, ऑफिस सेनेटाइजर मशीन सहित अन्य प्रोडक्ट थे।

एकेटीयू के बीटेक छात्रों को कैंपस प्लेसमेंट का अवसर : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के बीटेक और एमसीए के छात्रों को नौकरी पाने का सुनहरा अवसर है। जल्दी ही नामी कंपनी एनटीटी डाटा सर्विस कैंपस प्लेसमेंट करने जा रही है। इसमें छात्र सर्विस डेस्क एसोसिएट्स बन सकते हैं। प्लेसमेंट में शामिल होने के लिए छात्र 21 मार्च तक पंजीकरण करा सकते हैं। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से आयोजित कैंपस प्लेसमेंट में चयनित छात्रों को आकर्षक पैकेज देगी। कुलपति प्रो. जेपी पांडेय के निर्देशन में इस कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन छात्रों के पंजीकरण के बाद जल्द आयोजित किया जाएगा। इसमें बीटेक सीएस, आईटी, ईसीई, ईईई के अलावा एमसीए 2023 बैच पास आउट छात्र हिस्सा ले सकते हैं। कैंपस प्लेसमेंट में शामिल होने के लिए छात्रों को पंजीकरण कराना होगा। कंपनी की ओर से लिखित परीक्षा, ग्रुप डिस्कशन, पर्सनल इंटरव्यू लिया जाएगा। सफल छात्र को कंपनी की ओर से ट्रेनी के रूप में नियुक्त किया जाएगा। चयनित छात्र को कंपनी की ओर से प्रशिक्षण के बाद सालाना पैकेज तीन लाख रूपये दिया जायेगा। प्रशिक्षण दो से तीन महीने का होगा। ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की डीन प्रो. अरूमिणा वर्मा के नेतृत्व में इस कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन होगा। उन्होंने बताया कि इसमें छात्र शामिल होकर अपना भविष्य बना सकते हैं। कंपनी में चयनित छात्र को काफी अच्छी सुविधाएं मिलेंगी।

वहीं कैरियर के लिहाज से भी काफी ग्रोथ होगा। आपको बता दें कि पिछले दो तीन महीनों में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों की आधा दर्जन मल्टीनेशनल में काम करने का मौका मिला है।

अखिलेश यादव का तंज, हमें निर्वाचन आयोग पर तो भरोसा है लेकिन भाजपा पर नहीं

लखनऊ, चसं। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर देश की संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उन्हें निर्वाचन आयोग पर तो भरोसा है लेकिन भाजपा पर नहीं। उन्होंने भाजपा की मोदी की गारंटी को घंटी करार देते हुए कहा कि प्रदेश में नौकरी के लिए आंदोलन कर रहे अभ्यर्थियों को घर जाकर संकल्प लेना चाहिए कि लोकसभा चुनाव में भाजपा के खिलाफ वोट करके इन गारंटी वालों की घंटी बजानी है। अखिलेश यादव ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में निर्वाचन आयोग पर मतदाता सूचियों से सपा समर्थक मतदाताओं के नाम गलत तरीके से हटाने संबंधी शिकायतों पर कोई कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया। इसी दौरान पूछे गये एक सवाल पर उन्होंने कहा, हमें निर्वाचन आयोग पर तो भरोसा है लेकिन भाजपा पर नहीं है। आप बात समझिए... भाजपा संस्थाओं को कमजोर करती है। वह संस्थाओं का इस्तेमाल कर रही है। संस्थाओं के माध्यम से जो अन्याय हो सकता है वह कर रही है।

आगामी त्यौहार व लोस चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक रेलवे ने जीआरपी थाना हरदोई का किया निरीक्षण

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। पुलिस उपाधीक्षक रेलवे लखनऊ हृषीकेश यादव द्वारा आगामी त्यौहार होली व लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत जीआरपी थाना हरदोई का किया अर्धवार्षिक निरीक्षण व अर्दली रूम। प्लेटफॉर्म, ओवरब्रीज पर भ्रमण करके सुरक्षा का लिया जायजा, ट्रेन में स्कॉर्ट व सुरक्षा को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

पुलिस अधीक्षक रेलवे, अनुभाग लखनऊ के निर्देशन में पुलिस उपाधीक्षक रेलवे लखनऊ हृषीकेश यादव द्वारा द्वारा आगामी त्यौहार होली व लोकसभा चुनाव 2024 के दृष्टिगत जीआरपी थाना हरदोई का अर्धवार्षिक निरीक्षण व अर्दली रूम किया गया। इस दौरान जीआरपी थाना प्रभारी हरदोई सहित थाने के समस्त विवेचना अधिकारी मौजूद रहे। महोदय द्वारा महिला संबंधी अपराध, ट्रेन में चोरी/लूट आदि के अपराधों से संबंधित विवेचनाओं की प्रगति व लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा मौजूद पुलिस अधिकारियों को शातिर व वांछित/वारंटी अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही व शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित कर सुदृण कानून व्यवस्था बनाये रखने के सम्बन्ध में अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। थाने में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया, लंबित मुकदमों से संबंधित माल निस्तारण व रखरखाव तथा ट्रेनों में सघन चेकिंग अभियान चलाने के साथ-साथ ट्रेन व रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले संदिग्ध लोगों की लगातार चेकिंग की जाये। थाने पर मौजूद समस्त कर्मचारियों की समस्याओं को सुना तथा पुलिस बल के साथ प्लेटफार्म, वेटिंग हॉल, सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग आदि स्थानों का भ्रमण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

हमारा कार्य केवल कर्म करना हैं, कर्म ही हमारा कर्तव्य है! फल देने वाला स्वामी ऊपर वाला है, राष्ट्रवाद मानव जाति के उच्चतम आदर्शों यानी सत्यम, शिवम्, सुंदरम् से प्रेरित है, जहां शहद का अभाव हो वहां गुड़ से ही शहद का कार्य निकालना चाहिए, मैंने जीवन में कभी भी खुशामद नहीं की है : सुभाषचंद्र बोस

संपादकीय

रूप में फिर ब्लादिमिर पुतिन

एक बार फिर ब्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं। वे पांचवीं बार राष्ट्रपति बने हैं। जो बताता है कि दो वर्ष पूर्व यूक्रेन युद्ध शुरू करने के चलते पूरी दुनिया के निशाने पर आने वाले पुतिन का अपने देश रूस में एकछत्र राज है। वैसे खुफिया एजेंसी प्रमुख से लेकर राष्ट्रपति बनने तक पुतिन की निरंकुश सत्ता लगातार परवान चढ़ती रही है। पश्चिमी देशों की सुविधा के अनुरूप लायी गई उदारीकरण व खुलेपन की वैश्विक नीतियों से सोवियत संघ के बिखराव के बाद आहत रूसी राष्ट्रवाद को पुतिन ने अपने तरीके से सींचा। शासन, चुनाव तंत्र और मीडिया पर वर्चस्व रखने वाले पुतिन ने अपनी सुविधा का लोकतंत्र गढ़ा। यही वजह है कि पांचवीं बार राष्ट्रपति चुनाव लड़ रहे पुतिन का राष्ट्रपति बनना अटल सत्य था। उनके सामने जो तीन उम्मीदवार थे, कहा जाता है कि उन्हें क्रेमलिन की ओर से ही खड़ा किया गया था। वे पुतिन की तारीफ में कसीदे पढ़ते देखे गए। वह बात अलग है कि कुल वोट का 87 फीसदी हिस्सा मिलने के बाद पुतिन ने कहा कि रूसी लोकतंत्र कई पश्चिमी देशों के लोकतंत्र से ज्यादा सशक्त है। लेकिन जैसा कि पश्चिमी जगत आरोप लगाता रहा है कि पुतिन ने अपने तमाम विरोधियों को ठिकाने लगा दिया था और वास्तविक युद्ध विरोधियों को चुनाव लड़ने की इजाजत तक नहीं दी गई। वे उनके सशक्त विरोधी रहे एलेक्सी नवेलनी की हालिया संदिग्ध मौत को इसी कड़ी का हिस्सा बताते हैं। नवेलनी समर्थकों ने रूस के शहरों व पश्चिमी देशों में रूसी दूतावासों के बाहर विरोध स्वरूप प्रतीकात्मक रूप से मतदान किया। उनका मानना रहा है कि रूस में एक भी प्रत्याशी ऐसा नहीं था, जिसकी विश्वसनीयता मानी जा सके। वहीं पश्चिमी देश कुछ लोगों की गिरफ्तारी का भी आरोप लगाते हुए कहते हैं कि चुनाव स्वतंत्र, पारदर्शी व निष्पक्ष नहीं रहा। दूसरी ओर जर्मनी जहां इन चुनावों को सेंसरशिप के बीच छद्म चुनाव बता रहा है,वहीं ब्रिटेन का आरोप है कि रूस द्वारा यूक्रेन के अधिकृत इलाकों में अवैधानिक तरीके से चुनाव कराए गए। निस्संदेह, साम्यवादी व्यवस्था वाले देशों में पूंजीवाद का भय दिखाकर राष्ट्रवाद की चाशनी में जिस तरह के लोकतंत्र को परिभाषित किया जा रहा है, उसकी बानगी हमारे पड़ोसी देश चीन में भी नजर आती है। जहां सत्ता से जुड़े प्रतिष्ठानों व सेना पर अधिकार करके मनमाफिक कार्यकाल के लिये चुनावों का प्रपंच रचा जाता है। सही मायनों में उस चुनाव का वास्तविक लोकतंत्र से कोई लेना-देना नहीं होता। बल्कि निरंकुश सत्ता को तार्किक बनाने की कवायद में लोकतंत्र का प्रहसन ही किया जाता है। दरअसल, निरंकुश सत्ताधीश सरकारी सूचना माध्यमों पर वर्चस्व कायम कर और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगाकर सूचना के तमाम स्वतंत्र स्रोतों का प्रवाह बंद कर देते हैं,जिससे वास्तविक सूचना व लोकतांत्रिक आजादी से लोग वंचित रह जाते हैं। ऐसा नहीं है कि यूक्रेन में जारी दो साल लंबे युद्ध में रूस ने बड़ी कीमत न चुकायी हो, लेकिन सूचना माध्यमों से युद्ध में बढ़त के तौर पर दर्शाया जा रहा है। यह विडंबना ही है कि उग्र राष्ट्रवाद के नाम पर निरंकुश सत्ताओं को पोषण का अनवरत सिलसिला दुनिया के तमाम देशों में जारी रहा है। विडंबना यही है कि सामाजिक मूल्यो में गिरावट, सत्ता लोलुपता और दोहरे मापदंडों से जहां वास्तविक लोकतंत्रों की स्थापना कठिन होती है, वहीं महत्वाकांक्षी और सशक्त नेता इसी लोकतंत्र को अपनी ताकत में बदल देते हैं। उनकी सत्ताएं इसी छद्म लोकतंत्र के सहारे ही आगे बढ़ती हैं। आधुनिक तकनीक व सूचना माध्यमों पर उनका वर्चस्व सही मायनों में वास्तविक लोकतंत्र स्थापित करने के मार्ग में बाधक बन जाता है।

विपक्ष के नकारात्मक प्रचार से मोदी को फायदा

> किसी भी राजनीतिक दल के पास आदर्श चेहरा नहीं है, कोई पवित्र एजेंडा नहीं है, किसी के पास बांटने को रोशनी के टुकड़े नहीं हैं, जो नया आलोक दे सकें। जो मोदी रूपी अर्जुन के देश-विकास के बाणों का मुकाबला कर सके। यह वक्त विपक्षी दलों और उनके उम्मीदवारों को कोसने की बजाय मतदाताओं के जागने का है। आज मतदाता विवेक से कम, सहज वृति से ज्यादा परिचालित हो रहा है। इसका अभिप्रायः यह है कि मतदाता को लोकतंत्र का प्रशिक्षण बिल्कुल नहीं हुआ। सबसे बड़ी जरूरत है कि मतदाता जागे, उसे लोकतंत्र का प्रशिक्षण मिले। हमें किसी पार्टी विशेष का विकल्प नहीं खोजना है।

लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है और चुनाव का माहौल गरमा रहा है। चुनावों की तारीखें घोषित किए जाने के साथ ही जैसी कि उम्मीद थी, सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बयानबाजी और तेज हो गई। कौरव रूपी विपक्षी दल एवं पाण्डव रूपी भाजपा के बीच इस चुनाव में असली जंग सत्य और असत्य के बीच है। सत्ता पक्ष और विपक्ष की यह नोकझोंक ही तो लोकतंत्र की खूबसूरती है, यह जितनी शालीन एवं उग्र होगी, लोकतंत्र का यह महापर्व कुंभ उतना ही ऐतिहासिक एवं खास होगा। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतन्त्र है और उदार बहुदलीय राजनैतिक प्रणाली का जीवन्त उदाहरण है जिसकी वजह से चुनावों का समय एवं प्रचार विविधतापूर्ण, आक्रामक व रंग-रंगीला होना ही है मगर इसमें कहीं भी कड़वापन, उच्छृंखलता और आपसी रंजिश का पुट नहीं आना चाहिए। इस बार के चुनाव में जहां भाजपा नेतृत्व अगले 20 वर्षों का विजन पेश कर रहा है, वहीं कांग्रेस नेतृत्व इसे लोकतंत्र बचाने का आखिरी मौका करार दे रहा है। यानी इन चुनावों का फलक पांच साल के काम के आधार पर अगले पांच साल के लिए जनादेश के सामान्य ट्रेंड तक सीमित नहीं रहा। यह चुनाव असल में आजादी के अमृतकाल यानी वर्ष 2047 के लक्ष्य को सुनिश्चित करने वाला है। इस चुनाव में सर्वाधिक चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनके भावी देश-निर्माण के संकल्प की है। असल में तो इन चुनाव में भाजपा की जीत तो निश्चित मानी जा रही है, लेकिन वह अपने 400 के लक्ष्य को हासिल कर पाती है या नहीं? भाजपा इसके इर्दगिर्द अपना अभियान चला रही हैं। जबकि विपक्ष जीत का दावा करते हुए भाजपा के इस बड़े लक्ष्य को हास्यास्पद बता रहा है, उनके प्रति अपनी नापसंदगी से परेशान है। भाजपा के पास बड़ा उद्देश्य है, जबकि विपक्ष भाजपा की काट करने के लिये भी प्रभावी मुद्दे नहीं तलाश पा रही है। भाजपा प्रचार में शामिल हैं- आर्थिक विकास, देश और विदेश में सशक्त राष्ट्रवाद, हिंदुत्व, सांस्कृतिक पुनरुत्थान, नया भारत-सशक्त भारत, औद्योगिक क्रांति, दुनिया की महाशक्ति बनना, स्थिरता, शांति। विपक्ष इन ही बड़े उद्देश्यों की आलोचना कर रहा है। मोदी इन चुनावों के महानायक है, परिवर्तनकारी व्यक्ति हैं जो स्थिरता का वादा करते हुए वोट मांग रहे हैं। अपने आलोचकों के लिए, वह एक अत्यंत ध्रुवीकरण करने वाले व्यक्ति हैं। इस बार का आम चुनाव रोमांचक होने के साथ देश में बड़े परिवर्तन का कारण बनेगा। इस चुनाव में सभी पार्टियां सरकार बनाने का दावा पेश कर रही हैं और अपने को ही विकल्प बता रही हैं तथा मतदाता सोच रहा है कि देश में नेतृत्व का निर्णय मेरे मत से ही होगा। इस वक्त मतदाता मालिक बन जाता है और मालिक याचक। बस केवल इसी से लोकतंत्र परिलक्षित है। बाकी सभी मर्यादाएं, प्रक्रियाएं हम तोड़ने में लगे हुए हैं। जो नेतृत्व स्वतंत्रता प्राप्ति का शस्त्र बना था, वही नेतृत्व जब तक पुनः प्रतिष्ठित नहीं

होगी तब तक मत, मतदाता और मतपेटियां सही परिणाम नहीं दे सकेंगी। आज देश को एक सफल एवं सक्षम नेतृत्व की अपेक्षा है, जो राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने। आज देश को एक अर्जुन चाहिए, जो मछली की आंख पर निशाने की भांति भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराध, महंगाई, बेरोजगारी, बढ़ती आबादी, सरकारी खजाने का गलत इस्तेमाल, देश की सीमा-रक्षा आदि समस्याओं पर ही अपनी आंख गड़ाए रखें। इस दृष्टि से सबकी नजरे मोदी पर ही लगी हैं। मोदी ही अर्जुन की मुद्रा में हैं जो मछली की आंख पर निशाना लगा सके। वे ही युधिष्ठिर है, जो धर्म का पालन करते हुए दिख रहे हैं। जो स्वयं को संस्कारों में ढाल, मजदूरों की तरह श्रम कर रहे हैं। वे आदर्शों एवं मूल्यों के साथ चुनावों में उतरे हैं, राजनीति की चकाचौंध में धृतराष्ट्र बने नेताओं के लिये वे एक चुनौती है। सभी विपक्षी दलों में आंतरिक लोकतंत्र का अभाव है और परिवारवाद तथा व्यक्तिवाद की छाया है। कोई अपने बेटे को प्रधानमंत्री के रूप में देखना चाहती है तो कोई अपने बेटे को मुख्यमंत्री के रूप में। किसी का पूरा परिवार ही राजनीति में है, इसलिए विरासत संभालने की जंग भी जारी है। ऐसे में मोदी ही सबसे प्रभावी नेता बन कर सामने आ रहे हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी जैसे पुराने मुद्दे भी उठाए ही जा रहे हैं, लेकिन वोटर के फैसले में इनकी कितनी भूमिका रहेगी यह अभी स्पष्ट नहीं है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की दो-दो यात्राओं से उपजे प्रभाव की परीक्षा भी इन्हीं चुनावों में होनी है। कुल मिलाकर, विपक्ष और सत्ता पक्ष कुछ भी कहे देशवासियों की जागरूक चेतना को देखते हुए यह तय माना जा सकता है कि आम चुनाव का यह लोकतांत्रिक पर्व एक बार फिर देश में लोकतंत्र की जड़ों को गहरा ही करेगा। विपक्षी दलों ने देश-सेवा के स्थान पर स्व-सेवा में ही एक सुख मान रखा है। आधुनिक युग में नैतिकता जितनी जरूरी मूल्य हो गई है उसके चरितार्थ होने की सम्भावनाओं को इन विपक्षी दलों ने उतना ही कठिन कर दिया गया है। ऐसा लगता है मानो ऐसे तत्व पूरी तरह छा गए हैं। खाओ, पीओ, मौज करो। सब कुछ हमारा है। हम ही सभी चीजों के मापदण्ड हैं। हमें लूटपाट करने का पूरा अधिकार है। हम समाज में, राष्ट्र में, संतुलन व संयम नहीं रहने देंगे। यही आधुनिक चुनावों का घोषणा पत्र है, जिस पर लगता है कि सभी विपक्षी दलों ने हस्ताक्षर किये हैं। भला इन स्थितियों के बीच उन्हें वास्तविक जीत कैसे हासिल हो? आखिर जीत तो हमेशा सत्य की ही होती है और सत्य इन तथाकथित राजनीतिक दलों के पास नहीं है। महाभारत युद्ध में भी तो ऐसा ही परिदृश्य था। कौरवों की तरफ से सेनापति की बागडोर आचार्य द्रोण ने संभाल ली थी। एक दिन दुर्योधन आचार्य पर बड़े क्रोधित होकर बोले-''गुरुवर कहां गया आपका शौर्य और तेज? अर्जुन तो हमें लगता है समूल नष्ट कर देगा। आप के तीरों में जंग क्यों लग गई। बात क्या है?'' आज लगभग हर राजनीतिक दल और उनके नेतृत्व के सम्मुख यही प्रश्न खड़ा है और इस प्रश्न का उत्तर भी और कहीं नहीं, उन्हीं के पास है। राजनीति की दूषित हवाओं ने हर राजनीतिक दल और उसकी चेतना को दूषित कर दिया है। सत्ता और स्वार्थ ने अपनी आकांक्षी योजनाओं को पूर्णता देने में नैतिक कायरता दिखाई है। इसकी वजह से लोगों में विपक्षी दलों के प्रति विश्वास इस कदर उठ गया है कि चौराहे पर खड़े आदमी को सही रास्ता दिखाने वाला भी झूठा-सा लगता है। आंखें उस चेहरे पर सच्चाई की साक्षी ढूंढ़ती हैं। यही कारण है कि दुर्योधन की बात पर आचार्य द्रोण को कहना पड़ा, ''दुर्योधन मेरी बात ध्यान से सुनो। हमारा जीवन इधर ऐश्वर्य में गुजरा है। मैंने गुरुकुल के चलते स्वयं 'गुरु' की मर्यादा का हनन किया है।

:: एजेंसी

अब भारत होगा उच्च मध्यम आय वाला देश

हाल ही में 6 मार्च को वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत आर्थिक, वित्तीय तथा संरचनात्मक सुधारों के कारण वर्ष 2031 तक निम्न मध्यम से उच्च मध्यम आय वाला देश बन जाएगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि चालू वित्त वर्ष 2023-24 में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रहने और आगामी वित्त वर्ष 2024-25 में 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

भारत फिलहाल 3.6 लाख करोड़ डॉलर के जीडीपी के साथ दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। इसके आगे अमरीका, चीन, जापान और जर्मनी हैं। 2030-31 तक भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार 6.7 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच जाएगा और उस समय तक भारत की प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर 4500 अमरीकी डॉलर तक पहुंच जाएगी और भारत उच्च मध्यम आय वाले देशों के समूह में शामिल हो जाएगा। गौरतलब है कि विश्व बैंक की परिभाषा के मुताबिक दुनिया में निम्न आय वर्ग वाले 26 देश हैं, जिनकी प्रति व्यक्ति सालाना आय 83000 रुपए या उससे कम है। निम्न मध्यम वर्ग वाले 55 देश हैं जिनकी सालाना प्रति व्यक्ति आय 83000 से 332000 रुपए के बीच है। उच्च मध्यम वर्ग वाले 55 देश हैं जिनकी सालाना प्रति व्यक्ति आय 332000 से 996000 रुपए के बीच है। उच्च वर्ग वाले 79 देश हैं जिनकी प्रति व्यक्ति सालाना आय 1000565 रुपए से अधिक है। इस समय भारत जीडीपी के मद्देनजर दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। भारत से आगे अमरीका, चीन, जर्मनी और जापान हैं। माना जा रहा था कि भारत 2026 में जापान को पीछे कर दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन अब भारत और जापान की अर्थव्यवस्था में बहुत थोड़ा अंतर रह गया है। इसलिए जापान की अर्थव्यवस्था से इसी साल 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था आगे निकल सकती है। 7 मार्च को दुनिया की वैश्विक वित्तीय सेवा कंपनी बार्कलेज ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि आगामी 5 वर्षों तक चीन की विकास दर भारत से कम रह सकती है तथा दुनिया की कुल जीडीपी में भारत का जो वर्तमान योगदान करीब 10 फीसदी है, वह 2028 में बढ़कर 16 फीसदी हो जाएगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि हाल ही में ब्लूमबर्ग के द्वारा भारतीय सरकारी बॉन्डों को अपने सूचकांक में शामिल करने के फैसले से भारतीय ऋण बाजार को काफी मजबूती मिलेगी। इन बॉन्डों को 31 जनवरी 2025 से ब्लूमबर्ग सूचकांक में शामिल किया जाएगा। जेपी मॉर्गन के बाद ब्लूमबर्ग अपने उभरते बाजार बॉन्ड सूचकांक में भारतीय सरकारी बॉन्ड को शामिल करने वाला दूसरा प्रमुख वैश्विक सूचकांक प्रदाता है। जेपी मॉर्गन ने जून 2024 से भारतीय बॉन्डों को अपने सूचकांक में शामिल करने का निर्णय

> सरकार के द्वारा विगत 10 वर्षों में किए गए आर्थिक और वित्तीय सुधारों के साथ-साथ कठोर प्रशासनिक निर्णयों से आर्थिक विकास की जो रफ्तार बढ़ी है, वह अब आगामी लोकसभा चुनाव के बाद और तेज होते हुए दिखाई दे सकेगी। पिछले दिनों 3 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा मंत्रिपरिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए 'विकसित भारत-2047' के लिए दृष्टि पत्र और अगले पांच वर्षों के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-मंथन किया गया। इस बैठक में लोकसभा चुनाव के बाद मई 2024 में नई सरकार के गठन के तुरंत बाद उठाए जाने वाले कदमों के लिए 100 दिवसीय एजेंडे के शीघ्र क्रियान्वयन पर चर्चा की गई।

लिया है। भारतीय सरकारी बॉन्डों को ऐसे वैश्विक सूचकांकों में शामिल किए जाने से वैश्विक वित्तीय बाजार में भारत की वित्तीय प्रतिष्ठा बढ़ेगी और इसके कई लाभ होंगे। इससे भारत में विदेशी निवेश बढ़ेंगे, जिससे सरकार को अपने राजकोषीय घाटे की भरपाई करने में मदद मिलेगी। साथ ही सरकार को चालू खाते के घाटे की भरपाई में भी आसानी होगी। यह बात महत्वपूर्ण है कि इन दिनों भारत की अर्थव्यवस्था पर प्रकाशित हो रही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह रेखांकित हो रहा है कि भारत की अर्थव्यवस्था विकास की पटरी पर पूरी रफ्तार से दौड़ रही है और विकास की ऐसी तेज रफ्तार से भारत 2027 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश तथा वर्ष 2031 तक उच्च मध्यम आय वाला देश बन जाएगा। साथ ही वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में चमकते हुए दिखाई दे सकता है। हाल ही में राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक वित्त वर्ष 2023-24 की अक्टूबर से दिसंबर तिमाही में देश का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 8.4 फीसदी की तेज दर से बढ़ा है। जीडीपी की यह रफ्तार भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 6.5 फीसदी के अनुमान से भी अधिक रही है। जीडीपी के इस उत्साहवर्द्धक परिदृश्य के मद्देनजर अब एनएसओ ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 के लिए विकास दर का अनुमान बढ़ाकर 7.6 फीसदी कर दिया है। इस समय भारतीय शेयर बाजार भी दुनियाभर में ऊंचाइयों पर रेखांकित होते हुए दिखाई दे रहा है। 7 मार्च 2024 को जो सेंसेक्स 74000 से अधिक की अब तक की रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा है, वह 2024 के अंत तक 100000 से अधिक के स्तर पर पहुंच सकता है। इस तरह भारतीय अर्थव्यवस्था उम्मीद से बढ़कर प्रदर्शन कर रही है। इससे पता चलता है कि अर्थव्यवस्था की ताकत और क्षमता बढ़ रही है और इससे भारत विकसित राष्ट्र बनने की डगर पर आगे बढ़ने की अच्छी संभावनाएं रखता है। इसमें कोई दो मत नहीं कि इस समय भारत दुनिया की सबसे तेज अर्थव्यवस्था के साथ आर्थिक विकास की डगर पर तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय अर्थव्यवस्था को आर्थिक पंख लगे हुए दिखाई दे रहे हैं। घरेलू संरचनात्मक सुधार, मैन्युफैक्चरिंग, ग्लोबल सप्लाई चेन, इंफ्रास्ट्रक्चर में इन्वेस्टमेंट और ग्रीन एनर्जी पर निर्भरता बढ़ने से भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है।

भारत में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी, सबसे अधिक कौशल प्रशिक्षण के अभियान, बढ़ता सर्विस सेक्टर, बढ़ते निर्यात और अर्थव्यवस्था के बाहरी झटकों से उबरने की क्षमता नए भारत के निर्माण की बुनियाद बन सकती है। इतना ही नहीं, तेजी से बढ़ते भारतीय बाजार के कारण दुनिया के अधिकांश देशों की भारत के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की ललक दिखाई दे रही है, प्रवासी भारतीयों के द्वारा लगातार प्रति वर्ष अधिक धन भारत को भेजने के साथ भारत को तकनीकी विकास के लिए मदद बढ़ी है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि वैश्विक राजनीतिक और आर्थिक मंचों पर भारत को विशेष महत्व, अमरीका और रूस दोनों महाशक्तियों के साथ दुनिया के जी-20 देशों में भारत की नई अहमियत और दुनिया में मजबूत लोकतंत्र और स्थिर सरकार के रूप में भारत की पहचान भारत के विकास को तेज रफ्तार दे रही है।

:: एजेंसी

दर्द भरे जिगर की आवाज

इस देश के लोगों को उन कतारों में खड़े होने की आदत हो गई है, जो आगे नहीं सरकती। वैसे कतारों में खड़े होने की आदत यहां है भी नहीं। कतार तोड़ कर आगे बढ़ जाने की धक्कमपेल है। धक्का-मुक्की यहां शूरवीरता मानी जाती है और चोर दरवाजे खोल कर गद्दी पर आसीन हो जाना नए युग का धर्म। फिर जो आसीन हो गया, वह नीचे उतरता कहां है। संन्यास लेने का वक्त आ

जाए, तो भी देश की चिंता उसे इतना सताती है कि उसका संन्यास मुल्तवी होता जाता है। यहां त्याग और तपस्या एक मुखौटा बन गई है, और जीवन जीने का उपदेश देना एक रिवाज। जो जिंदगी जी नहीं पाए, वे अपनी असफलता को रण छोड़ना नहीं, अपनी त्याग भावना का प्रतीक मानते हैं। कला-संस्कृति की बात करने वाली उवाच प्रशस्ति के तराजुओं में तोल कर हर धान एक ही कीमत बिकता है।

वह कीमत है, थोथा चना बाजे घना। बड़े आदमी के साथ फोटो खिंचवा कर फेसबुक से लेकर सांस्कृतिक समाचारों में घुसपैठ कर जाना एक ऐसा प्रिय शगुन है कि जिसे हर स्थापना का भी तलाशना है। यह स्थापना कहीं भी हो सकती है, केवल लेखन ही नहीं, खेल के मैदान में, खोज तलाश के अन्वेषण में और ऊंचे स्वर में चिल्ला कर उनकी ऐसी उपलब्धियों के चीखो-पुकार में जो कभी आपके पास फटकी नहीं। लेकिन उनकी प्राप्ति की घोषणा करने में आपने कभी कमी नहीं की। वैसे जब आर्थिक प्रगति के दावे हों तो लगता है ऊंची अटारियों वालों के घर और भी ऊंचे हो गए और गूदड़ बस्तियों के क्रंदन को कोई सुनता नहीं। संघर्ष, प्रगति और निरंतर चलते रहना कितने अच्छे शब्द लगते हैं, लेकिन उनका खोखलापन अजनबी नहीं लगता। क्योंकि यहां संघर्ष का अर्थ है रेंगना, प्रगति का अर्थ खोखले आंकड़ों का मायाजाल और निरंतर चलते रहने का अर्थ है एक ही वृत्त में निरंतर गोलाकार घूमते रहना। यहां रोज परिभाषाएं बदल जाती हैं। यहां समाजवाद को उल्टे रास्ते से पकडने का प्रयास शुरू हो गया। पहले कहते थे निर्धन और वंचित को रोजी, रोजगार और धनियों के अनावश्यक शोषण पर रोक ही नए समाज का निर्माण करेगी। लेकिन बंधु, समाज का निर्माण तो हुआ नहीं, बल्कि अरबपतियों के धन बढ़ाने का रिकार्ड बनने लगा, नई ऊंचाइयां मिलने लगीं। लीजिये सब पुराने रास्ते दरकिनार हो गए और सार्वजनिक क्षेत्र को नौकरशाही का पुलिंदा कह कर नकारा जाने लगा, अब उसके स्थान पर निजी क्षेत्र को तरक्की का जामिन बना दिया गया, प्रगति दर के बढने का ऊंचा मीनार बता दिया गया। आज लाखों हाथ नौकरी मांगते हैं, टूटे हुए हाथों को अपना हाथ जगन्नाथ का उपदेश मिल गया। योजनाबद्ध आर्थिक विकास की पंचवर्षीय योजना का आसरा लेकर आर्थिक विकास की दर वहां पहुंचा देनी थी, जहां अर्थव्यवस्था स्वतः स्फूर्त कहला देती थी। लेकिन यह कैसा स्वतः स्फूर्त कि देश का उत्पाद चौबीस प्रतिशत घट गया और आर्थिक विकास दर शून्य से भी सात प्रतिशत नीचे गिर कर शर्मिन्दा हो गई। इन योजनाओं को बनाने वाला योजना आयोग सफेद हाथी करार दे दिया गया।

अब उसकी जगह प्रगट हुआ नीति आयोग, जिसकी नीति की तलाश हो रही है और आयोग के सदस्य किंकर्त्तव्यविमूढ़ हैं कि नई योजना बनाएं या इसे भी निजी क्षेत्र की सरदारी के हवाले कर दें? बड़े आंकड़ों की इस दुनिया में महामारी में हर देने वाली दवाइयों की घोषणा होती है तो लोग उसकी खाली और प्रयुक्त शीशियों की तलाश में जुट जाते हैं। दवा के ऐसे पाऊडर बना इनमें भरे जाते हैं, जो बुखार के भरोसे छोड़ उस पर नित्य नई विजय प्राप्त कर लेने की घोषणा करते हैं। लेकिन यह सब चलता ही रहता है। लोगों को तो अच्छे दिनों के नाम पर यह सब भुगतने की आदत हो गई है।

स्कूल के सालाना समारोह कितने हितकारी

वार्षिक समारोह किसी भी विद्यार्थी जीवन के लिए महत्वपूर्ण दिन माना जाता है। इस पर्व में पूरे वर्ष भर का लेखा-जोखा उसकी उपलब्धियों को सम्मानित करने का शुभ अवसर भी प्राप्त होता है। विद्यार्थी भी इस प्रकार के सह संज्ञानात्मक गतिविधियों में वार्षिक समारोह को मनाने से पूर्व बड़ी उत्सुकता के साथ तैयारी में जुट जाते हैं। अध्यापकों द्वारा सिखाए गए तमाम उन गतिविधियों का निचोड़ हम इस दिन देखते हैं। ऐसे समारोह को स्कूलों में आयोजित करने से इसकी महता इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है क्योंकि ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन से न केवल साहित्य और संस्कृति की पहचान होती है, बल्कि बच्चों के अंदर छिपी हुई प्रतिभाएं उजागर होती हैं, साथ ही बच्चे विशेष की पहचान करने का एक सुनहरा अवसर भी मिलता है।

कार्यक्रमों को कैसे विधिवत तरीके से आयोजित किया जाता है, इसकी बखूबी जानकारी से बच्चे रूबरू होते हैं। आजकल ऐसे समारोहों को मनाने की परंपरा काफी जोरों पर है। अध्यापक भी उनकी तैयारी में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। पढ़ाई से ज्यादा महत्वपूर्ण बच्चों के संस्कार होते हैं जिन्हें बच्चा अध्यापक से अधिक सीखता है। जिस बच्चे में संस्कारिक गुण विकसित होते हैं, वह सदैव सफल इनसान बनता है। एक अध्यापक को बच्चों अथवा विद्यार्थी से यही उम्मीद रहती है कि उसे मिलने पर मान-सम्मान दे और उनके द्वारा पढ़ाया गया बच्चा देश का एक अच्छा नागरिक बने। जिस

> मोबाइल का सही प्रयोग वरदान है, परंतु इसके गलत इस्तेमाल से जिंदगी अभिशाप बन गई है। आज आवश्यकता इस बात की है कि अध्यापक ऐसे समारोहों के दौरान बच्चों और अभिभावकों के बीच संवाद करके तमाम मूल्यों पर आधारित शिक्षा पर ध्यान अवलोकित किया जाए। दिशाहीन बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां तैयार करके मार्गदर्शन किया जाए।

भी पद पर कार्य करे, ईमानदारी से और एक सफल इनसान बने। विद्यार्थियों में ऐसे गुण देख कर अध्यापक का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। आजकल अधिकतर विद्यार्थी शैक्षिक मूल्य से भटककर ऐसे गलत रास्ते की ओर जा रहे हैं जिससे उनका जीवन अंधकारमय होता दिखाई देता है। कई प्रकार के नशों में संलिप्त होकर गलत आदतों का शिकार हो रहे हैं। वे अपने मां-बाप की कमाई की परवाह न करते हुए समाज और अध्यापक की नजरों में चरित्रहीन होते दिखाई देते हैं जिससे एक अध्यापक और अभिभावकों को काफी आघात पहुंचता है। अध्यापक स्कूली कक्षा कक्ष में सबको बराबर शिक्षा देता है, परंतु कुछ शिक्षा व समय का उचित फायदा उठाकर अपने भविष्य को संवार लेते हैं और समाज की मर्यादा का पालन करते हैं, परंतु कुछ ऐसे शिक्षा विहीन रह जाते हैं जो समय और अध्यापकों की शिक्षाओं की परवाह न करते हुए गलत आदतों का शिकार हो जाते हैं और ऐसे साथी ढूंढ लेते हैं जिनका मकसद गुंडागर्दी, चौरी, डकैती और दहशत फैलाना ही मात्र रह जाता है। इसलिए ऐसे वार्षिक समारोहों को मनाने का मकसद बच्चों को सही दिशा में ले जाने के लिए नुक्कड़ नाटकों और भाषणों के द्वारा बच्चों और अभिभावकों को शैक्षिक मूल्यों और नैतिक मूल्यों से अभिप्रेरित करवाना होता है। विद्यार्थी जीवन में अधिकतर छात्रों को समय के महत्व की जानकारी नहीं होती है। जैसे कहावत भी है, बीता हुआ समय कभी वापस नहीं आता। जिस भी विद्यार्थी ने मां-बाप और गुरुओं का सम्मान करना सीख लिया और जो भी पढ़ाया अथवा सिखाया जाता है, उसको समझ के साथ अपने व्यावहारिक जीवन में उतार लिया। अच्छी और बुरी आदतों की पहचान करना सीख लिया, तो सफलता अपने आप ही उसके कदम चूमने लगती है। प्राचीन काल में शिक्षा गुरुकुलों में दी जाती थी। शिष्यों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए कठिन से कठिन परीक्षाओं से गुजरना पड़ता था। शिष्यों और गुरुओं के बीच संबंध बहुत मूल्यवान थे, परंतु आज शिक्षा ग्रहण करने का स्वरूप बदलता हुआ दिखाई देता है। अधिकतर बच्चे स्कूलों में अपने मनोरंजनात्मक कार्यों के लिए पाठशाला में समय बिताने आते हैं। अध्यापकों के कठोर वचनों का विरोध करते हैं और किसी भी हद तक जाने से भी गुरेज नहीं करते। आज ऐसे लगता है जैसे अर्जुन और गुरु द्रोणाचार्य जैसा रिश्ता कागजों में ही सिमट कर रह गया है। विद्यार्थियों में असंतोष और रास्ते से भटकने का एक कारण यह भी मुझे लगता है कि आज विज्ञान ने काफी तरक्की कर ली है, परंतु इस तरक्की का नाजायज प्रयोग आज का युवा वर्ग कर रहा है, जैसे मोबाइल की वजह से विज्ञान और ज्ञान के क्षेत्र में क्रांति आई है, बहुत से लोग इस मोबाइल का गलत इस्तेमाल कर अपना समय और जिंदगी बर्बाद कर रहे हैं और कुछ तो कर भी बैठे हैं। मोबाइल के साथ इस प्रकार चिपके हुए हैं जैसे मखीर के साथ मक्खी।

:: चर्चित डेस्क

आज का राशिफल

मेषः- आज कुछ अच्छे आसारों से मन प्रफुल्लित रहेगा। रोजगार संबंधी यात्रा में अवरोध संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार है। शिक्षा क्षेत्र में जुड़े सभी छात्रों को परिश्रम करने की आवश्यकता है।

वृषभ :- स्वयं पर भरोसा कर योजनाओं को सुचारु रूप से क्रियान्वित करें। संबंधों में सरल व व्यवहारिक बनने की कोशिश करें। आर्थिक चिंता संभव। शिक्षार्थियों के लिए विशेष लाभ के आसार हैं।

मिथुनः- किसी महत्वपूर्ण कार्य में अवरोध मन को हतोत्साहित करेगा। संबंधों के प्रति नयी शिकायतें संभव। किसी विद्वान के विचारों से प्रभावित मन मे उत्साह का संचार होगा। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

कर्क :- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। पत्नी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

सिंह :- किसी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा। मित्रवत संबंधों का लाभ प्राप्त होगा। आवेश में लिये गये निर्णय से पश्चाताप संभव। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

कन्या :- समस्याओं के समाधान हेतु मन नए युक्तियों पर केन्द्रित होगा। महत्वपूर्ण कार्यो के प्रति आलस्य न करें। छोटी-छोटी बातों पर क्रोधित न हो। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा।

तुला :- मन सकारात्मक विचारों से प्रभावित होगा। नाजुक संबंधों में सन्तुलित व मधुर वाणी का प्रयोग करें। कोई आपका अपना बिगड़े हुए सम्बन्धों में सुधार कराएगा। किसी कार्य से संपन्न होने के आसार हैं।

वृश्चिक :- सभी प्रकार के दायित्वों की पूर्ति हेतु सन्तुलित योजना पर चलें। किसी महत्वपूर्ण निर्णय में संबंधों का सहयोग प्राप्त होगा। विरोधियों की प्रबलता से कठिनाइयां संभव। मधुर वाणी का प्रयोग करें।

धनु :- नए समीकरण लाभकारी कार्य क्षमता के परिचायक होंगे। प्रणय सम्बनध मे प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आय-व्यय मे सन्तुलन बनने का प्रयत्न करें। आलस्य का त्याग करें। रोजगार के अवसर सुलभ होंगे।

मकर :- कोई नई जिज्ञासा मन को आकर्षित करेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी। शिक्षा-प्रतियोगिता के दिशा में प्ररिश्रम तीव्र होगा। रोजगार में प्रगति संभव। कटु शब्दों का प्रयोग न करें।

कुम्भ :- पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर आप उत्साहित होंगे। नियोजित कार्यकुशलता प्रगति के लिए आशान्वित होंगे। सुखद कार्यो की व्यस्तता रहेगी। भौतिक सुख-साधनों की लालसा बढ़ेगी।

मीन :- क्षमता से परे किसी कार्य की जिम्मेदारी लेना हानिकार हो सकती है। विद्यार्थी शिक्षा मे लापरवाही ना करें। रोजगार में नए लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

राशि रत्न

खराब रैंकिंग में सुधार के लिए गम्भीरता से विशेष प्रयास करें : जिलाधिकारी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के सम्बन्ध में बैठक हुई।

जिलाधिकारी ने बैठक में खराब प्रगति वाले विभागाध्यक्षों को निर्देश दिये कि चालू फ्लैगशिप स्कीमों की प्रगति को बरकरार रखें और ख़राब रैंकिंग में सुधार के लिए गंभीरता से विशेष प्रयास करें। बिजली विभाग को निर्देश दिया कि खुले तारों को ठीक कराया जाये। आईजीआरएस का गुणवत्तापरक निस्तारण कराया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

दिव्यांग मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं : कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आहूत की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि दिव्यांग मतदाताओं का शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए गंभीरता से प्रयास किये जाएं और सभी मतदान केन्द्रो पर रैम्प के साथ दिव्यांगों के लिए सुविधाजनक शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। सक्षम ऐप का व्यापक प्रचार-प्रसार कराया जाये जिसके माध्यम से दिव्यांग मतदाता सुविधाओं हेतु आवेदन कर सकते हैं। दिव्यांग आइकॉन से माध्यम से अन्य दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक किया जाये। उनकी ओर से दिव्यांग मतदाताओं को सन्देश दिलाया जाये। उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदान केन्द्र पर व्हील चेयर की व्यवस्था करायी जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

परिवहन एवं पुलिस विभाग मिलकर ओवरलोडिंग पर लगाम लगायें : कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि परिवहन एवं पुलिस विभाग मिलकर ओवरलोडिंग पर लगाम लगाये तथा स्कूलों में समय समय पर सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में कार्यक्रम कराये जाएं और बस व ट्रक चालकों को ट्रेफिक नियमों के बारे में बताया जाये। हेलमेट के लिए लोगों को प्रेरित किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

परीक्षा को नकलविहीन व शुचितापूर्ण सम्पन्न करायें : कलेक्ट्रेट सभागार आश्रम पद्धति स्कूलों में प्रवेश परीक्षा के सम्बन्ध में आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि ने परीक्षा केन्द्र का निर्धारण जल्द करा लें और परीक्षा को नकलविहीन व शुचितापूर्ण संपन्न करायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

जनमानस की सुरक्षा और शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए तत्काल प्रभाव से 5 जून तक धारा 144 लागू : जिला मजिस्ट्रेट

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। जिला मजिस्ट्रेट मंगला प्रसाद सिंह ने अवगत कराया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा कर दी गयी है और वर्तमान में आदर्श चुनाव आचार संहिता प्रभावी हो चुकी है तथा 13 अप्रैल 2024 को मतदान और 4 जून 2024 को मतगणना निर्धारित है, इसके अतिरिक्त 24, 25 एवं 26 मार्च 2024 को रंगपर्व होली का त्यौहार एवं 11 अप्रैल 2024 को ईल-उल फितर और अप्रैल माह में चैत्र नवरात्रि मनाया जायेगा।

उन्होंने कहा है कि उक्त के सम्बन्ध में गड़बड़ी व अव्यवस्था फैलाये जाने की किसी भी आशंका से इन्कार नही किया जा सकता है और असामाजिक तत्वों द्वारा धार्मिक स्थलों पर धार्मिक भानवना उकसाने, धरना प्रदर्शन, जुलूस आदि करते हुए अराजकता फैलाने का प्रयास किया जा सकता है, इसलिए जनमानस की पूर्ण सुरक्षा एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए जनपद में तत्काल प्रभाव से 16 मार्च से 05 जून 2024 तक धारा 144 लागू की जाती है। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा है कि इस दौरान जनपद के सभी लोगों, राजनैतिक दलो, चुनाव लड़ने वाले प्रत्योशियो, संस्थाओं आदि द्वारा लागू आदर्श चुनाव आचार संहिता का अक्षरशः पालन किया जायेगा और कोई भी व्यक्ति एवं संस्था किसी जाति, धर्म, भाषा व समुदाय के प्रति कोई आपत्ति जनक भाषा का प्रयोग नहीं करेगें और किसी राजनैतिक दल द्वारा मंदिर, मस्जिद, चर्च एवं अन्य पूजा स्थलों पर निर्वाचन प्रचार के लिए मंच के रूप में प्रयोग नहीं किया जायेगा और कोई प्रत्याशी आदि किसी मतदाता को घूस देने, शराब, साड़ी, कपड़े, पैसा, बर्तन आदि नहीं बांटा जायेगा और न ही किसी मतदाता को डराया डमकाया जायेगा। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान सभी प्रत्याशियों को जुलूस, प्रदर्शन, चौपाल एवं वाहन संचालन आदि गतिविधियों के लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति लेना आवश्यक होगा। उन्होने कहा है कि कोई भी व्यक्ति अपने मकान अथवा परिसर में ईट, रोड़ा, पत्थर आदि इकत्रित नही करेगें और न ही सार्वजनिक स्थानों एवं परिवहन बसों में विस्फोटक लेकर चलेगें और सार्वजनिक सम्पत्ति सड़क, रेलवे लाइन, बस को क्षतिग्रस्त नही किया जाये एवं मार्गो को अवरूद्ध नही किया जायेगा। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा है कि उक्त अवधि में आर्दश चुनाव आचार संहिता का उल्लघंन करने वालों पर सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही की जायेगी।

एसडीएम शाहाबाद ने की अपील

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। उप जिलाधिकारी शाहाबाद ने सभी से अपील की सभी लोग मतदान कर अपने बूथ का मतदान प्रतिशत सबसे अच्छा करके दिखाएगे। उप जिलाधिकारी शाहाबाद पूनम भास्कर ने थानाध्यक्ष शाहाबाद, तहसीलदार शाहाबाद तथा अन्य प्रशासनिक अमले के साथ ग्राम कचूरा में समस्त ग्रामवासियो के साथ एक चुनावी बैठक की। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2019 में कचूरा में सबसे कम मतदान प्रतिशत रहा था जिसके क्रम में आज उप जिलाधिकारी पूनम भास्कर द्वारा ग्राम वासियों से वार्ता की गाई तथा सभी बढ़ चढ़कर इस बार 2024 के चुनाव में मतदान करे, इसके लिए प्रेरित किया गया उपस्थित समस्त ग्राम वासियों को मतदाता शपथ दिलाई गयी। सभी मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

इस पर उप जिलाधिकारी ने सभी से अपील की सभी लोग मतदान कर अपने बूथ का मतदान प्रतिशत सबसे अच्छा करके दिखाएंगे।

एसडीएम बिलग्राम ने सीओ के साथ फ्लैग मार्च किया

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। उप जिलाधिकारी बिलग्राम गरिमा सिंह ने बताया है कि विगत दिवस लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत लागू आदर्श आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु अधोहस्ताक्षरी व सुनील शर्मा, क्षेत्राधिकारी बिलग्राम, ध्रुव कुमार, प्रभारी निरीक्षक थाना माधौगंज तथा बीएसएफ की बटालियन व अन्य पुलिस बल के साथ ग्राम गौरा, बघियारी, जेहदीपुर व कस्बा माधौगंज का फ्लैग मार्च व ऐरिया डामिनेशन किया गया।

पुलिस पर कोरे कागज पर अंगूठा लगवाने का लगा आरोप

हरदोई, चसं। कस्बे के मोहल्ला बबुराई की रहने वाली एक महिला ने अदालत के आदेश पर दर्ज कराए गए मुकदमे में वादी होने की वजह से पुलिस द्वारा धमकाकर जबरन कोरे कागज पर अंगूठा लगवाने का आरोप लगाया है।एसएसआई ने बयान दर्ज करने के बात अंगूठा लगवाने की बात कही है। बबुराई निवासी कमला देवी के अनुसार अषाढ़ के महीने में भदासी निवासी लाला पुत्र लिक्खी, उसके पुत्र मानू और पंचम ने जेठ सुखराम से खेत का बैनामा कराने के बाद पैसे मांगने पर उनकी हत्या कर मड़ैया में फांसी पर लटका दिया। गांव में यह प्रचार कर दिया की सुखपाल ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। कमला देवी ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में लिखाने का प्रार्थना पत्र दिया।परंतु कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। तब उसने न्यायालय की शरण ली। तीन महीने की कवायद के बाद अदालत के आदेश पर तीनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की।

कमला ने बताया रिपोर्ट लिखने के बाद उसके यहां पुलिस पहुंची और बयान के नाम पर उससे कोरे कागज पर अंगूठा लगवा लिया और कहा तुमने झूठा मुकदमा लिखाया है। तुम खुद फंस जाओगी। उस समय उसके घर में उसका कोई पढ़ा लिखा बेटा मौजूद नहीं था। कमला देवी ने उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार की है।

एसएसआई अमित सिंह ने बताया पैसे के लेन देन का विवाद है न्यायालय के आदेश पर दर्ज रिपोर्ट के बाद वादी और अन्य ग्राम वासियों के बयान दर्ज किए गए हैं।बयान लिखे जाने के बाद बयान देने वाले के साइन लिए जाते हैं।पुलिस अपनी कार्यवाही कर रही है महिला का आरोप निराधार है।

भाजपा लोकसभा की 156 विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति की हुई बैठक

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। भारतीय जनता पार्टी हरदोई लोकसभा की 156 विधान सभा चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, जिला उपाध्यक्ष एवं लो.स. प्रभारी प्रीतेश दीक्षित, नि. सांसद एवं लोकसभा के प्रत्याशी जय प्रकाश रावत, वि. स. संयोजक अविनाश मिश्र, विधानसभा प्रभारी नंदलाल शास्त्री और विपिन गौर मंच पर मौजूद रहे।

बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने लोकसभा चुनाव की जीत का मूल मंत्र देकर भाजपा कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सरकार की कल्याणकारी योजनाएं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सशक्त नीति है, इसलिए जनता भाजपा से सहमत है और मोदी की गारंटी से संतुष्ट है। अब सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रबंधन समिति के माध्यम से सामूहिक रूप से हरदोई लोकसभा क्षेत्र में 156 विधानसभा में मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मतदान कराने की सभी योजनाओं को गति प्रदान करना है। उन्होंने आगे कहा कि कार्यकर्ता लाभार्थियों से सम्पर्क स्थापित कर भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगे। केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में चर्चा करने के साथ हर कार्य क्षेत्र में कार्य करना है हर काम को आगे बढ़कर करना है और अबकी बार चार सौ पार के लक्ष्य को प्राप्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक बार पुनः प्रधानमंत्री बनाना है तथा जनता के आशीर्वाद से इस बार प्रचंड बहुमत से हरदोई लोकसभा में कमल खिलाना है। बैठक को पूर्व सांसद एवं लोकसभा प्रत्याक्षी जय प्रकाश ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व में देश से लेकर गांव अभूतपूर्व विकास के परिवर्तन का साक्षी बना है। भाजपा पर कभी शहरी पार्टी होने का तमगा लगता था पर संघठन के कठोर परिश्रम और सत्कार की कल्याणकारी योजनाओं ने पार्टी को गांव गांव तक पहुंचाया। इसका श्रेय पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष से लेकर बूथ अध्यक्षों को जाता है। उन्होंने देश के विकास में भाजपा की अहमियत गिनते हुए कहा कि सत्तर सालों बाद आज देश की यह मानसिकता बन गई है जब हम गरीबी की नहीं बल्कि देश को विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था में शामिल होने की बात करते हैं।

देश-विदेश में भारत की आर्थिक प्रगति का गुणगान हो रहा है।लोकसभा संयोजक प्रीतेश दीक्षित ने बैठक में सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्वों के विषय में जानकारी प्रदान की।

दो विद्यालयों में ताला तोड़कर प्रोजेक्टर व गैस सिलिण्डर ले गये चोर

हरदोई, चसं। थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव के सरकारी विद्यालयों में अज्ञात चोर ताला तोड़कर प्रोजेक्टर व गैस सिलेंडर चोरी करके फरार हो गए।पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के इकनौरा गांव के संविलियन विद्यालय में छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षण कार्य करने के लिए आया प्रोजेक्टर चोरी हो गया है। विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक ज्ञान सिंह ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि जब वह सुबह विद्यालय पहुंचे तो विद्यालय का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो बच्चों को अच्छी शिक्षा प्रदान करने के लिए आया प्रोजेक्टर वहां से गायब था। जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है। दूसरी ओर मिघौली गांव के कन्या प्राथमिक विद्यालय के सहायक अध्यापक भान सिंह ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि रसोई कक्ष का ताला तोड़कर उसमें रखे गैस सिलेंडर को अज्ञात चोर चोरी करके फरार हो गए हैं। घटना की तहरीर शिक्षक ने थाने में दी है। प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि इकनौरा गांव के विद्यालय में हुई चोरी की रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। वहीं दूसरे विद्यालय में हुई चोरी की घटना की जांच पड़ताल की जा रही है।

युवक की गोली मारकर हत्या पुलिस ने शुरू की पड़ताल

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। अतरौली थाना क्षेत्र में युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसका शव दुकान में चारपाई के नीचे पड़ा मिला है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं।

जिले के अतरौली थाना क्षेत्र के रेहरियामऊ निवासी सुरेश (42) की गोली मारकर हत्या कर दी गई। उसका शव महगवां-संडीला मार्ग पर बरतली चौराहे के पास बनी उसकी ही दुकान में पड़ा मिला। दुकानें अभी अर्ध निर्मित हैं और इनमें शटर भी नहीं लगा है। वह खेती और मजदूरी करता था। सुरेश के दो गोली मारी गई हैं। एक गोली पेट में और एक सीने पर लगी है। उसका शव चारपाई से नीचे पड़ा मिला।

राहगीरों ने सुबह शव देखकर पुलिस को सूचना दी। सुरेश अपने परिजनों से अलग रहता था। घटना की जानकारी पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी नृपेंद्र, सीओ संडीला शिल्पा कुमारी और अतरौली के प्रभारी निरीक्षक दिलेश सिंह मौके पर पहुंच गए। घटना की जांच शुरू कर दी गई है। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से आवश्यक नमूने जुटाए हैं।

भयमुक्त होकर करें मतदान : अनुज मिश्रा

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। लोकसभा चुनावों को शांतिपूर्वक एवं निष्पक्ष संपन्न कराने को लेकर क्षेत्राधिकारी अनुज मिश्रा पैरामिलिट्री फोर्स और सिविल पुलिस के साथ मंझिला थाना क्षेत्र में पैदल मार्च किया और लोगों में भय मुक्त वातावरण में मतदान केंद्रों पर पहुंचकर मतदान करने का संदेश दिया। क्षेत्राधिकारी के नेतृत्व में मंझिला पुलिस ने थाना क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक ग्रामों में पैरामिलिट्री फोर्स के साथ पैदल भ्रमण किया और लोगों को भय मुक्त होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। सीओ श्री मिश्रा ने बताया चुनाव आयोग के निर्देश पर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैदी से डटा हुआ है। निष्पक्ष और शांतिपूर्वक चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सभी तैयारियां कर रखी हैं।सभी से निष्पक्ष और निडर होकर मतदान करने की अपील की गई।

पुलिस लगातार गोष्ठी और संपर्क माध्यम से लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने एवं भय मुक्त होकर मतदान करने के लिए अपील कर रही है। इस मौके पर मंझिला थाना प्रभारी सुब्रत तिवारी भी मौजूद रहे।

खाद्य विभाग ने तीन पदार्थों के नमूने छापा मारकर किए एकत्र

चर्चित राजनीति। संवाददाता

हरदोई। जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक आयुक्त खाद्य ग्रेड 2 सतीश कुमार के निर्देशन में आम जनमानस को होली पर्व के दृष्टिगत शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सांडी के विभिन्न स्थानों पर छापा मारकर 3 नमूने संग्रहित किए गए।

एक नमूना सरसों तेल का प्रदीप तेल भंडार सांडी से व पी एन डिस्ट्रीब्यूटर्स नवाबगंज सांडी से एक सैंपल वनस्पति का व एक सैंपल लाल मिर्च पाउडर का संग्रहित किया गया ,तथा 1230 लीटर सरसो का तेल जिसकी अनुमानित कीमत 141450 है व 405 वनस्पति जिसकी अनुमानित कीमत 182250 है मौके पर सीज करके खाद्य कारोबार करते की अभिरक्षा में दिया गया।

सैंपल को जांच के लिए खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहे हैं जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी।इस कार्यवाही के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुभाष मौर्या, पुलिस बल मौजूद रहा।

संक्षिप्त समाचार

अमर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर भोला सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई

हरदोई, चसं। स्वतंत्रता समर के महान योद्धा ठाकुर भोला सिंह की पुण्यतिथि पर उनके पोते देवेंद्र विक्रम सिंह व सपरिवार, शुभचिंतकों ने उपस्थिति दर्ज कराकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर याद किया गया।

जनपद के विकासखंड हरियावां के ग्राम सभा उतरा के निवासी ठाकुर भोला सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। विदेशी सत्ता और दासता की गाड़ी की तेज रफ्तार को थामने के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ठाकुर भोला सिंह ने रेल पटरियां उखाड़कर अंग्रेजों को देश से खदेड़ने की हुंकार भरते रहे थे। व्यक्तिगत सत्याग्रह में जेल गए और जुर्माना भी सहा।स्वतंत्रता पश्चात विकास विभाग में सेवाएं देकर प्रगति में सहायक बने। शहर के पिहानी चुंगी पर आशियाना होते हुए भी वह अपने जन्मस्थली उतरा से बराबर संपर्क बनाए रहे। इस अवसर पर उनके पोते ठाकुर देवेंद्र विक्रम सिंह ने पारिवारिक और शुभचिंतकों के साथ उनके चित्र पर पुष्पांजलि श्रद्धा सुमन अर्पित किए और उनके प्रेरणादायक कार्यों से समाज को एक नई दिशा मिले, इसकी शपथ भी ली।

मधुमक्खियों के झुंड ने किसान पर किया हमला

बिलग्राम/हरदोई, चसं। थाना क्षेत्र के बेहटी खुर्द गांव में एक किसान खेत में पानी से खेत की सिंचाई कर रहा था तभी अचानक मधुमक्खियां का झुंड आ गया और किसान पर हमला कर दिया जिससे किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार, घायल किसान श्री कृष्णा 55 वर्ष पुत्र गंगाराम निवासी ग्राम बेहटी खुर्द जो गांव के बाहर खेत की सिंचाई कर रहा था तभी अचानक एक बड़ा झुंड मधुमक्खियां का आ गया और किसान पर हमला कर दिया जिससे किसान घायल हो गया परिजनों ने आनन फानन में उपचार के लिए सीएचसी भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों द्वारा किसान का उपचार किया जा रहा है।

बैंक से लेने आया था पैसा बाइक हुई चोरी, 13 दिन बाद बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज

हरपालपुर/हरदोई, चसं। थाना क्षेत्र के जोधनपुरवा गांव निवासी अवनीश कुमार पुत्र अशोक कुमार बीते 6 मार्च को अपनी बाइक से हरपालपुर स्थित इलाहाबाद बैंक से रुपए निकालने आए थे। तभी वहां बाइक नीचे खड़ी करके दो मंजिल पर स्थित बैंक में पैसा निकालने के लिए चले गए।जहां पर अज्ञात चोर ने बाइक चोरी कर मौके से फरार हो गया। हरपालपुर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ बाइक चोरी का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आनंद नारायण त्रिपाठी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कर बाइक की तलाश की जा रही है।

अलग-अलग स्थानों पर दो ने खाया जहरीला पदार्थ

हरदोई, चसं। कस्बे सहित क्षेत्र में दो अलग अलग स्थानों पर एक महिला सहित दो लोगों को जहरीला पदार्थ पीने के कारण सीएचसी में भर्ती करवाया गया। जहां उन्हें इलाज के बाद स्तिथि सुधरने पर घर भेज दिया गया।

क्षेत्र के ग्राम कुइयां निवासी प्रवेश की पत्नी पारुल ने पति से किसी बात पर विवाद हो जाने पर डीजल पी लिया।परिजनों ने घबरा कर उसे सीएचसी में भर्ती करवाया।वहीं कस्बे के मोहल्ला अल्लाहपुर सैदीखेल निवासी सतीश पुत्र राधेश्याम ने घर में कुछ बातचीत हो जाने पर चारे में डालने वाली दवा पी ली।परिजनों ने उसे सीएचसी में भर्ती करवाया।उसके परिजनों ने बताया वह नशे का आदी है विवाहित तीन बच्चों का पिता है।त्योहार आने के कारण उससे घर वाले कुछ काम धाम करने को कहा इसी बात पर उसने दवा पी ली।सीएचसी पर दोनो की स्तिथि में सुधार आने पर डाक्टरों ने उन्हें इलाज के बाद घर भेज दिया।

ग्रामवासियों को दिलाई गई मत डालने की शपथ, 2019 में किया था मतदान का बहिष्कार

हरदोई, चसं। क्षेत्र के ग्राम कचरा में उप जिलाधिकारी ने प्रभारी निरीक्षक, तहसीलदार तथा अन्य प्रशासनिक अमले के साथ ग्राम कचूरा में समस्त ग्रामवासियो के साथ एक चुनावी बैठक कर होने वाले लोकसभा चुनाव में मतदान करने की शपथ दिलवाई। सामान्य लोकसभा निर्वाचन 2019 में ग्राम कचूरा में ग्रामवासियों ने मतदान का बहिष्कार किया था।प्रशासन के तमाम प्रयास के बाद भी मतदान का प्रतिशत बहुत कम रहा था।कुछ दिन पूर्व प्रभारी निरीक्षक ने ग्रामवासियों के साथ बैठक की थी।मंगलवार को एसडीएम पूनम भास्कर द्वारा ग्राम वासियों से अपील की गई कि वे सभी बढ़ चढ़कर इस बार 2024 के चुनाव में मतदान करे, उपस्थित समस्त ग्राम वासियों को मतदाता शपथ दिलाई गयी द्य ग्राम वासियों द्वारा अनुरोध किया गया कि उनके ग्राम की सड़क को बनवा दिया जाए जिस वे सभी मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे द्य इस पर एसडीएम द्वारा उनको आश्वस्त किया गया कि उनकी बात शासन प्रशासन तक भेजी जाएगी और उनकी सुविधाओं को दिलवाने का पूरा प्रयास किया जाएगा द्य अंत मे सभी को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शपथ दिलाई गई कि इस बार सभी लोग मतदान कर अपने बूथ का मतदान प्रतिशत सबसे अच्छा करके दिखाएंगे।

करंट लगने से युवक घायल, जिला अस्पताल रेफर

हरदोई, चसं। सीएचसी में करंट लगने से घायल हुए एक युवक को लाया गया।जिसकी हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया है। पचदेवरा थाना क्षेत्र के ग्राम कूडी में कोई वैवाहिक कार्यक्रम था जिसमे टैंट लगवाया गया था।कार्यक्रम समाप्त होने पर गांव का जितेंद्र पुत्र सुरेश टेंट खोल रहा था।निकट से निकले बिजली के तार से टेंट का पाइप छू जाने से करेंट की चपेट में आ गया।परिजन गांव वालों के साथ घायल युवक को सीएचसी लेकर आए लेकिन हालत गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीण स्वच्छता व पोषण समितियों के खातों का मांगा ब्यौरा, अनिमितता बरतने वालों पर होगी कार्रवाई

कछौना/हरदोई, चसं। गांवों में बेहतर स्वास्थ्य के लिए ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता समिति के माध्यम से प्रति वर्ष दस हजार रुपये की धनराशि ग्राम सभा को भेजी जाती है, परंतु विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते धनराशि का व्यय न होने से खातों में डंप पड़ी रहती है। धनराशि पहले से डंप पड़ी होने के बावजूद ग्राम सभा में संक्रामक बीमारियों में इजाफा होने पर ग्राम प्रधान धनराशि का रोना रोते रहते हैं। जिसका खामियाजा आम जनमानस को उठाना पड़ता है। पूरे मामले की शिकायत मंडल अध्यक्ष नवीन पटेल ने धनराशि का सही ढंग से क्रियान्वयन की मांग शासन प्रशासन से की। बताते चलें, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण स्वच्छता एवं पोषण समितियां के माध्यम से प्रतिवर्ष ग्राम प्रधान और एएनएम के संयुक्त खाते में दस हजार रुपये की धनराशि आती है। जिससे गांव में बीमारियों से बचाव, किसी गरीब को अस्पताल पहुंचने, पोषण और स्वच्छता के छिड़काव, फागिंग आदि कार्य करा सकते हैं। लेकिन विभागीय अधिकारियों की उदासीनता व बन्दर बाट के चलते आम जनमानस को लाभ नहीं मिल पाता है। विकासखंड कछौना की 41 ग्राम सभाओं में धनराशि डंप पड़ी है। प्रभारी अधीक्षक डॉक्टर किसलय वाजपेई ने बताया सभी समितियों से वाउचर खर्च का ब्यौरा मंगाया जा रहा है, अनिमितता बरतने वालों पर कार्यवाई की जाएगी।

साधु की हत्या कर शव फेंका

उन्नाव, चसं। जनपद के औरास थाना क्षेत्र के आलमखेड़ा व जमालनगर गांव के बीच स्थित टीला के पास बीती रात अज्ञात साधू का गर्दन कटा शव पड़ा मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी पर एएसपी, सीओ बांगरमऊ व इंस्पेक्टर ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की जा रही है। एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद ने बताया कि झगड़ा होने पर साथी ने बांके से हमला कर अज्ञात साधू की हत्या कर दी है। वारदात को अंजाम देने के बाद साथी भाग गया है। औरास मोहान मार्ग स्थित आलमखेड़ा गांव बरम्ह बाबा टीला स्थित पीपल पेड़ के पास झोपड़ी डाल कर रहने वाले साधू मैकू साई के पास उनका पैंतीस वर्षीय अज्ञात साधू चेला रहता था और उनके लिए खाना आदि बनता था। हसनगंज थाना क्षेत्र के तरेहा गांव के रहने वाले बैजनाथ का बेटा बब्लू पासी की औरास थाना क्षेत्र के आलमखेड़ा गांव निवासी लाल जी के घर ननिहाल में रहता था। पंद्रह दिन पहले बबलू की अज्ञात साधू चेला से दोस्ती हो गई और उसके बाद बब्लू भी झोपड़ी में रहने लगा था।

संक्षिप्त समाचार

टीसीएस में भारी बिकवाली, विदेशी कोषों की निकासी से सेंसेक्स 736 अंक टूटा

नयी दिल्ली, एजेंसी। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), इन्फोसिस और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी बड़ी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली, अन्य एशियाई बाजारों में गिरावट और विदेशी कोषों की निकासी के बीच मंगलवार को प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी एक-एक प्रतिशत टूट गए। इस दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 736.37 अंक या 1.01 प्रतिशत गिरकर 72,012.05 अंक पर बंद हुआ। दिन के कारोबार में यह 815.07 अंक या 1.12 प्रतिशत फिसलकर 71,933.35 अंक के स्तर पर आ गया था। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 238.25 अंक या 1.08 प्रतिशत गिरकर 21,817.45 अंक पर बंद हुआ। विश्लेषकों ने कहा कि इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर फैसले से पहले निवेशक सतर्कता का रुख अपना रहे हैं। सेंसेक्स के शेयरों में टीसीएस में चार प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। कंपनी की प्रवर्तक टाटा संस ने एक थोक सौदे में इसके लगभग 2.3 करोड़ शेयर या 0.65 प्रतिशत इक्विटी हिस्सेदारी बेची है। इसके अलावा इंडसइंड बैंक, विप्रो, नेस्ले, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, आईटीसी, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स और अल्ट्राटेक सीमेंट में भी उल्लेखनीय गिरावट हुई। दूसरी ओर बजाज फाइनेंस, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, बजाज फिनसर्व, टाइटन और भारती एयरटेल के शेयर लाभ में बंद हुए। अन्य एशियाई बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग गिरकर बंद हुए, जबकि जापान के निक्की में तेजी हुई। यूरोपीय बाजार दोपहर के कारोबार में मामूली बढ़त में थे। अमेरिकी बाजार सोमवार को तेजी के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने सोमवार को 2,051.09 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.40 प्रतिशत गिरकर 86.54 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

चालू वित्त वर्ष में भारत का निर्यात 450 अरब डॉलर तक सम्भव : फियो अध्यक्ष

नयी दिल्ली, एजेंसी। लाल सागर संकट जैसी भू-राजनीतिक चुनौतियों के बावजूद चालू वित्त वर्ष के अंत तक देश का वस्तुओं का निर्यात 450 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। निर्यातकों के शीर्ष संगठन फियो के निर्वाचित अध्यक्ष अश्विनी कुमार ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि लाल सागर संकट से पैदा हुई चुनौतियों का समाधान समुद्री बीमा और माल ढुलाई शुल्क में तर्कसंगत वृद्धि करके किया जा सकता है। कुमार ने कहा कि देश के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए निर्यात क्षेत्र को आसान और कम लागत वाले ऋण तथा विपणन समर्थन की जरूरत है। ब्रिटेन और ओमान के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को जल्द अंतिम रूप देने से भी निर्यात को मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, मैं एमएसएमई के मुद्दों का समाधान करने पर ध्यान केंद्रित करूंगा, क्योंकि वे प्रमुख भूमिका निभाने जा रहे हैं। ये इकाइयां 2030 तक 1,000 अरब डॉलर के वस्तु निर्यात के लक्ष्य को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि छोटी और मझोली इकाइयां अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उन्हें ऋण से संबंधित कुछ मुद्दों का सामना करना पड़ रहा है। कुमार ने कहा,मैं बैंकों से इन इकाइयों को समर्थन देने के लिए आगे आने का आग्रह करूंगा। फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गेनाइजेशन (फियो) के अध्यक्ष ने कहा कि संगठन लैटिन अमेरिका और अफ्रीका जैसे क्षेत्रों में निर्यातकों के लिए अधिक अवसर तलाशने पर भी काम कर रहा है। उन्होंने कहा, चुनौतियां हैं, लेकिन मुझे यकीन है कि हम चालू वित्त वर्ष में 450 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात को हासिल कर लेंगे। उन्होंने कहा कि समस्याओं के बावजूद फरवरी में निर्यात लगभग 12 प्रतिशत बढ़कर 41.40 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी के दौरान वस्तुओं का निर्यात 395 अरब अमेरिकी डॉलर था।

अब हमारे पास जेनरेटिव एआई युग के लिए एक चिप है : एनवीडिया

नई दिल्ली, एजेंसी। बिग टेक कंपनियों का लक्ष्य आजकल जेनेरिक एआई दौड़ का नेतृत्व करना है। ऐसे में एनवीडिया के संस्थापक और सीईओ जेन्सेन हुआंग ने कहा कि उन्होंने जेनएआई युग के लिए एक प्रोसेसर बनाया है। अमेरिका में आयोजित जीटीसी सम्मेलन में कंपनी के नए ब्लैकवेल कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म को पेश करते हुए हुआंग ने कहा कि बढ़ी हुई कंप्यूटिंग शक्ति सॉफ्टवेयर से लेकर सेवाओं, रोबोटिक्स से लेकर चिकित्सा प्रौद्योगिकी के साथ काफी कुछ दे सकती है। हुआंग ने अपने मुख्य भाषण के दौरान 11,000 से अधिक उपस्थित लोगों को बताया, एक्सेलेरेटेड कंप्यूटिंग अपने चरम बिंदु पर पहुंच गई है, जनरल पर्पस कंप्यूटिंग अब समाप्त हो गई है। दुनिया के एआई बुनियादी ढांचे पर बड़े पैमाने पर जानकारी देते हुए हुआंग ने ट्रिलियन पैरामीटर लार्ज लैंगुएज मॉडल को रियल टाइम में जेनरेटर एआई में लाने के लिए एनवीडिया ब्लैकवेल प्लेटफॉर्म पेश किया।

हुआंग ने एनवीडिया एनआईएम को भी पेश किया जो पैकेजिंग और सॉफ्टवेयर वितरित करने का एक नया तरीका है। यह डेवलपर्स को सभी प्रकार के कस्टम एआई को तैनात करने के लिए लाखों जीपीयू के साथ जोड़ता है। कंपनी ने उन्नत सिमुलेशन क्षमताएं प्रदान करने के लिए ओम्निवर्स क्लाउड एपीआई भी पेश किया। हुआंग ने कहा, हम इसे मल्टीमॉडैलिटी डेटा के साथ प्रशिक्षित करने जा रहे हैं, न केवल इंटरनेट पर टेक्स्ट, बल्कि हम इसे टेक्स्ट और इमेज ग्राफ और चार्ट पर प्रशिक्षित करने जा रहे हैं। हुआंग ने साफ तौर पर कहा कि हमें बड़े जीपीयू की आवश्यकता है। हुआंग ने कहा, भविष्य में डेटा केंद्रों को एआई फैक्ट्री के रूप में देखा जाएगा। इसका लक्ष्य इस मामले में राजस्व उत्पन्न करना है। एनवीआईडीआईए पहले से ही जीन अनुक्रमण उपकरणों में इमेजिंग सिस्टम में है और अग्रणी सर्जिकल रोबोटिक्स कंपनियों के साथ काम कर रही है। इस पर हुआंग ने कहा कि एआई का सबसे बड़ा प्रभाव स्वास्थ्य सेवा में होगा।

टी 20 विश्वकप का ट्रॉफी टूर लॉन्च करने के लिए न्यूयॉर्क की एम्पायर स्टेट बिल्डिंग को किया गया रोशन

चर्चित राजनीति। एजेंसी



न्यूयॉर्क। वेस्टइंडीज के दिग्गज और सफेद गेंद क्रिकेट के सबसे प्रसिद्ध खिलाड़ियों में से एक, क्रिस गेल ने यूएसए के अली खान के साथ आगामी आईसीसी पुरुष टी20 के ट्रॉफी टूर का शुभारंभ करने के लिए न्यूयॉर्क की एम्पायर स्टेट बिल्डिंग को रोशन किया।

विश्व कप 2024 ग्लोबल ट्रॉफी टूर 15 देशों का दौरा करेगा, जिसमें वेस्ट इंडीज और यूएसए में आयोजित ऐतिहासिक आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 की उलटी गिनती में सभी नौ मेजबान स्थल शामिल होंगे। आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप 2024 ट्रॉफी टूर सोमवार को दो बार के चैंपियन क्रिस गेल और यूएसए स्टार अली खान के साथ प्रतिष्ठित गगनचुंबी इमारत को रोशन करने के साथ शुरू हुआ, क्योंकि प्रशंसक अब तक के सबसे बड़े वैश्विक टी20 क्रिकेट आयोजन की उलटी गिनती शुरू कर रहे हैं। ट्रॉफी टूर को लॉन्च करने के लिए एक आधिकारिक समारोह एम्पायर स्टेट बिल्डिंग में आयोजित किया गया था, जहां गेल और खान को न्यूयॉर्क की सबसे प्रतिष्ठित इमारत को नेवी और गुलाबी रंग में रोशन करने का सम्मान मिला। आईसीसी ने मंगलवार को एक विज्ञप्ति में बताया कि 381 मीटर ऊंची गगनचुंबी इमारत के शीर्ष पर बैठना पुरस्कार है, जिसके लिए सभी 20 टीमें 1-29 जून तक वेस्टइंडीज और यूएसए में आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी। सार्वजनिक मतपत्र में 3 मिलियन से अधिक टिकट आवेदनों की भारी मांग के बाद, 55 मैचों में से 51 के लिए अतिरिक्त टिकट जारी किए गए हैं, जिनमें ऐसे फिक्स्चर भी शामिल हैं जहां आवंटन पहले समाप्त हो गए थे।

■ विश्व कप 2024 ग्लोबल ट्रॉफी टूर 15 देशों का दौरा करेगा

यह आयोजन पहली बार संयुक्त राज्य अमेरिका में आईसीसी विश्व कप का आयोजन करेगा, जिसमें न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी में बिल्कुल नए, अत्याधुनिक मॉड्यूलर 34,000 क्षमता वाले स्टेडियम में आठ मैच शामिल होंगे। नए पुनर्निर्मित मौजूदा स्थल, डलास में ग्रैंड प्रेयरी क्रिकेट स्टेडियम और लॉडरहिल में ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम प्रत्येक चार मैचों की मेजबानी करेंगे। सह-मेजबान वेस्टइंडीज का टी20 क्रिकेट में एक समृद्ध इतिहास है, उसने दो बार टी20 विश्व कप जीता है, जिसमें लोकप्रिय कैरेबियाई पर्यटक स्थल, एंटीगा और बारबुडा, बारबाडोस, गयाना, सेंट लूसिया, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस और त्रिनिदाद और टोबैगो सभी मैचों की मेजबानी करते हैं। आउट ऑफ दिस वर्ल्ड ट्रॉफी टूर चार महाद्वीपों के 15 देशों तक पहुंचेगा क्योंकि यह प्रतिष्ठित खेल टीमों और स्टेडियमों, प्रसिद्ध स्थलों और दिग्गज क्रिकेटरों का दौरा करेगा, साथ ही प्रशंसकों को टी20 क्रिकेट के सबसे बड़े वैश्विक पुरस्कार की एक झलक पाने का मौका भी देगा।

वेस्टइंडीज और संयुक्त राज्य अमेरिका में सभी मेजबान स्थानों का दौरा करने के अलावा, ट्रॉफी अमेरिका के उभरते क्रिकेट देशों अर्जेंटीना, ब्राजील और कनाडा का भी दौरा करेगी - जिससे नए प्रशंसकों को इस क्षेत्र में एक ऐतिहासिक घटना से जुड़ने में मदद मिलेगी।

ऋषि ब्रदर्स टी-ट्वेंटी ओपन चंडीगढ़ क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

चर्चित राजनीति। संवाददाता

चंडीगढ़। बॉलीवुड और पॉलीवुड अभिनेता सचिन ऋषि और राजीव ऋषि द्वारा आयोजित 4 दिवसीय ऋषि ब्रदर्स टी-20 ओपन चंडीगढ़ क्रिकेट टूर्नामेंट आज महाजन क्रिकेट ग्राउंड, किशनगढ़, चंडीगढ़ में धूमधाम से शुरू हुआ। इस टूर्नामेंट में पूरे देश से टीमें और खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में यूटीसीए, बीसीसीआई के अध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता संजय टंडन पहुंचे। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए प्रतिभाशाली युवाओं को मंच प्रदान करने के लिए आयोजकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए इस तरह की पहल सराहनीय हैं। इसके साथ ही युवाओं को खेल अपनाने और एक उज्ज्वल करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। उन्हें उम्मीद है कि हम इनमें से कुछ युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर के टी-20 मैचों में देख पाएंगे। सचिन ऋषि ने कहा कि खूबसूरत शहर चंडीगढ़, आगामी टी 20 ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट के साथ क्रिकेट प्रतिभा का रोमांचक प्रदर्शन देख रहा है।

यह रोमांचक आयोजन इस क्षेत्र की कुछ बेहतरीन शौकिया टीमों को कड़ी प्रतिस्पर्धा के लिए एक साथ लाने का वादा करता है। यह हमारे लिए गर्व का क्षण है कि हम इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य चंडीगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में क्रिकेट प्रतिभा को बढ़ावा देना है। इसके अलावा इच्छुक क्रिकेटरों को अपने कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करना और खेल भावना को बढ़ावा देना है। इस पहल के बारे में जानकारी देते हुए राजीव ऋषि ने कहा कि ट्राइसिटी में ऐसा आयोजन पहली बार हो रहा है, जहां खिलाड़ियों और टीमों को बड़े नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली और भारत के अन्य स्थानों से प्रथम श्रेणी क्रिकेटर यहां खिताब जीतने के लिए खेलेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन की मेजबानी करना हमारा सपना था और आज हम अपने सपने को सच करने में सक्षम हैं। टी-20 ओपन क्रिकेट टूर्नामेंट एक प्रमुख भीड़-खींचने वाला टूर्नामेंट होने का वादा करता है, जो चंडीगढ़ के सभी कोनों से क्रिकेट प्रेमियों को आकर्षित करेगा। असाधारण क्रिकेट एक्शन के साथ विद्युतीकरण करने वाला माहौल इस आयोजन को वास्तव में अविस्मरणीय अनुभव बना देगा।

सूर्यकुमार यादव फिटनेस टेस्ट में फेल

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत और मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 संस्करण के शुरुआती मैचों में नहीं खेल पाएंगे क्योंकि वह फिटनेस टेस्ट पास करने में असफल रहे और उन्हें बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) से मंजूरी नहीं मिली। एनसीए में सूर्यकुमार यादव के मामले से जुड़े एक सूत्र ने आईएएनएस को बताया, वह मंगलवार को फिटनेस टेस्ट पास करने में असफल रहे। हम गुरुवार को उसके लिए एक और फिटनेस टेस्ट करेंगे और अगर वह पास हो जाता है, तभी वह आईपीएल में खेल सकता है। मुंबई इंडियंस अपना पहला मैच 24 मार्च को अहमदाबाद में गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेलेगी और सूर्यकुमार के उस मैच में शामिल होने की संभावना नहीं है।

33 वर्षीय सूर्यकुमार दिसंबर 2023 में दक्षिण अफ्रीका दौरे के दौरान टखने की चोट के बाद से एक्शन से बाहर हैं। मुंबई इंडियंस का बल्लेबाज जनवरी में सर्जरी के लिए जर्मनी के म्यूनिख गया था। सोमवार को मुंबई में आयोजित मुंबई इंडियंस की प्री-सीजन प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि उन्हें अभी भी भारतीय टीम प्रबंधन से सूर्यकुमार यादव की फिटनेस पर अपडेट का इंतजार है। तो, सूर्या इस समय भारतीय क्रिकेट टीम के मार्गदर्शन में भी हैं। इसलिए हम बस उस पर अपडेट का इंतजार कर रहे हैं। मुझे सूक्ष्म प्रबंधन पसंद नहीं है। हमारे पास एक विश्व स्तरीय मेडिकल टीम है वह उन सभी पर नियंत्रण रखता है। हां, अतीत में हम कुछ फिटनेस मुद्दों से बाधित रहे हैं।

सलीमा टेटे ने झारखंड के जमीनी स्तर के कार्यक्रम की सराहना की

चर्चित राजनीति। एजेंसी

पुणे। मेजर ध्यानचंद हॉकी स्टेडियम पिंपरी में खेली जा रही प्रतिष्ठित 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में अपनी घरेलू टीम को सशक्त बनाते हुए, सलीमा टेटे, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग और निक्की प्रधान बिलिंग पर खरे उतर रहे हैं।

हॉकी झारखंड ने पूल सी में शीर्ष पर रहकर टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। इस पूल में उत्तर प्रदेश हॉकी भी शामिल है, जिसमें वंदना कटारिया और मुमताज खान जैसे भारतीय सितारे हैं, जो इस अद्वितीय घरेलू आयोजन में अपनी-अपनी घरेलू टीमों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसमें भारतीय टीम के खिलाड़ियों की पूरी उपस्थिति रही। भारतीय टीम की आक्रामक मिडफील्डर सलीमा टेटे ने बुधवार को हॉकी मिजोरम के खिलाफ टीम के आगामी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में आत्मविश्वास व्यक्त किया। उन्होंने राज्य के जमीनी स्तर के कार्यक्रम की भी सराहना की जिसने इच्छुक खिलाड़ियों को सही प्रशिक्षण और सुविधाओं के साथ सशक्त बनाया है। ÷पिछले कुछ वर्षों में बहुत बदलाव आया है। पहले खिलाड़ी घास पर खेलते थे लेकिन अब एस्ट्रोटर्फ पर खेलते हैं। झारखंड सरकार से भी हमें काफी सहयोग मिल रहा है। बहुत कुछ है। इन कार्यक्रमों से बाहर आने वाले खिलाड़ियों की संख्या। उनकी क्षमता और उनके पास मौजूद कौशल को देखना आश्चर्यजनक है। हमें हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोला नाथ से भी निरंतर समर्थन और प्रेरणा मिल रही है। प्रतिभा पहचान कार्यक्रम और जमीनी स्तर पर विकास की पहल हॉकी इंडिया के हवाले से टेटे ने कहा, नई प्रतिभाओं को सामने लाने में मदद मिली। सलीमा ने इस बात पर भी अपने विचार व्यक्त किए कि कैसे युवा खिलाड़ियों के पास अपनी टीम के अनुभवी खिलाड़ियों से सीखने का यह सुनहरा अवसर है। इन सभी युवा खिलाड़ियों के पास अनुभवी खिलाड़ियों के साथ समय बिताने, उनके साथ बातचीत करने और यह सीखने का मौका है कि वे अपने खेल में कहां सुधार कर सकते हैं। हम हमेशा उनकी मदद करने और उनका समर्थन करने के लिए मौजूद हैं। हमने उनका खेल और ये सब देखा है खिलाड़ियों में आने वाले वर्षों में भारतीय जर्सी पहनने की प्रतिभा है।

2026 में पटरी पर दौड़ने लगेगी बुलेट ट्रेन

नई दिल्ली, एजेंसी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन 2026 में पटरियों पर दौड़ने लगेगी। मंत्री ने कहा, भारत की पहली बुलेट ट्रेन 2026 में तैयार हो जाएगी और सूरत से एक सेक्शन में चलेगी। उन्होंने कहा कि स्टेशनों के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और समुद्री सुरंग पर काम शुरू हो गया है। इसी सुरंग से ट्रेन ठाणे से मुंबई पहुंचेगी।

रेल मंत्री ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन कॉरिडोर का एक वीडियो साझा किया। इस कॉरिडोर के चालू होने से दोनों शहरों के बीच 508 किलोमीटर की दूरी का समय घटकर मात्र 2 घंटे रह जाएगा।

पूरे साल की मेहनत का नतीजा था खिताब : स्मृति मंधाना

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नई दिल्ली। आरसीबी की महिला टीम ने फैंस का 16 साल का इंतजार खत्म किया और डब्ल्यूपीएल 2024 ट्रॉफी अपने नाम की। टीम की खिताबी जीत के बाद कप्तान स्मृति मंधाना ने सपने को हकीकत में बदलने के लिए की गई कड़ी तैयारियों का खुलासा किया। ड्रेसिंग रूम से लेकर ऑफ-सीजन में भारतीय घरेलू खिलाड़ियों के साथ कैम्प में समय बिताने तक, आरसीबी की टीम ने ट्रॉफी जीतने के सपने को पूरा करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी, जो आखिरकार रविवार को डब्ल्यूपीएल फाइनल मुकाबले में दिल्ली को हराकर पूरा हुआ। यह आरसीबी के लिए एक यादगार रात थी। खिलाड़ियों ने फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन किया। खासतौर पर आरसीबी के गेंदबाजों ने खराब शुरुआत के बावजूद दमदार वापसी की और दिल्ली कैपिटल्स को 113 के मामूली स्कोर तक सीमित कर दिया। फिर, टीम ने बल्ले से भी अच्छा प्रदर्शन किया और केवल दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। फेयर प्ले पुरस्कार जीतने के अलावा, आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल में पहली बार ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए व्यक्तिगत पुरस्कार भी जीते। जिसमें सर्वाधिक रनों के लिए ऑरेंज कैप 347 (एलिस पैरी), जबकि श्रेयंका पाटिल ने सर्वाधिक 13 विकेटों के लिए पर्पल कैप और टूर्नामेंट की उभरती खिलाड़ी का ताज पहना। आरसीबी के ट्रॉफी जीतने के बाद कप्तान स्मृति ने कहा कि मैदान के अंदर और बाहर एक साल की योजना और रणनीति ने टीम को यहां तक पहुंचाया। पहली बात, वे कहते थे, यह आपकी टीम है और आप इसे जिस तरह से बनाना चाहते हैं उसे बनाएं। यह मेरे लिए सबसे बड़ी बात थी। स्मृति ने कहा, दूसरी बात यह थी कि हम वास्तव में खुश हैं और पॉजिटिव चीजों के मामले में एक अच्छी संस्कृति स्थापित करना चाहते हैं। इसलिए योजना के मामले में यह एक बड़ी बात थी कि हम टीम का माहौल कैसा चाहते हैं। फिर योजना का दूसरा हिस्सा, जहां हमने नाम तय करना शुरू किया, खिलाड़ियों पर नजर रखना शुरू किया, जैसे कि सोफी पिछले साल चोटिल हो गई थी। इसलिए, हमें उसे ट्रैक करना था, क्या वह ठीक कर रही है। कोच ल्यूक विलियम्स के ऑस्ट्रेलिया से होने के कारण वास्तव में मदद मिली। पिछले वर्ष आरसीबी द्वारा आयोजित कई प्रशिक्षण शिविरों के महत्व के बारे में बात करते हुए, आरसीबी की कप्तान ने कहा, आरसीबी ने एक बहुत अच्छी बात की थी कि उन्होंने पिछले साल कई शिविर आयोजित किए थे। प्रशिक्षण शिविर, फिटनेस शिविर, बल्लेबाजी और गेंदबाजी-विशिष्ट शिविर, वह भी हमारी योजना का हिस्सा था। हमारी योजना घरेलू क्रिकेटरों को एक मंच देना था ताकि वे इस स्तर के लिए पूरी तरह से तैयार हो सकें। उन्होंने कहा, पिछले एक साल में हमने एक साथ बहुत सारी वीडियो कॉल की। हमारे पास अपनी भारतीय घरेलू लड़कियों का एक समूह था और जब भी उन्हें किसी चीज़ की ज़रूरत होती तो हम सभी हमेशा मौजूद रहते थे। इसलिए यदि आप पूरे साल मेहनत कर रहे हैं, तो सीजन आने पर आपका काम आसान हो जाता है। एक बार सीजन शुरू होने के बाद, उस तरह का काम करना थोड़ा कठिन हो जाता है। इसलिए आरसीबी ने उन पर एक साल तक काम किया, और इसका वास्तव में फायदा मिला। वहीं स्मृति मंधाना का मानना है कि उनकी टीम की डब्ल्यूपीएल में खिताबी जीत के संदर्भ में विराट कोहली की बेंगलुरु फ्रेंचाइजी के लिए हासिल की गई उपलब्धियों को कम करके आंकना गलत होगा। मंधाना की अगुवाई में आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को हराकर डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीजन में ही चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है, जबकि उसकी पुरुष टीम पिछले 16 सालों में आईपीएल का खिताब जीतने में नाकाम रही। इस दौरान लगभग एक दशक तक कोहली टीम के कप्तान रहे। मंधाना ने संवाददाताओं से कहा कि खिताब अलग चीज है लेकिन विराट कोहली ने देश के लिए जो हासिल किया है वह उल्लेखनीय है। इसलिए मैं अभी करियर के जिस मोड़ पर हूं और उन्होंने जो कुछ हासिल किया है, उसे देखते हुए मुझे नहीं लगता की तुलना करना सही है।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज स्थगित की

चर्चित राजनीति। एजेंसी

नई दिल्ली। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्होंने अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के मानवाधिकारों में गिरावट का हवाला देते हुए इस साल अगस्त में अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली पुरुषों की टी-20 सीरीज को स्थगित कर दिया है। तीन मैचों की सीरीज की मेजबानी अफगानिस्तान द्वारा की जानी थी, जिसके मैच यूएई में खेले जाने की उम्मीद थी।

सीए ने पहले अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच रद्द कर दिया था, जो नवंबर 2021 में होबार्ट में खेला जाना था। बाद में उसने अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के मानवाधिकारों में गिरावट के बाद मार्च 2023 के लिए वनडे सीरीज स्थगित की, जिसमें कहा गया कि हम देश में महिलाओं और लड़कियों की बेहतर स्थिति की उम्मीद में अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ जुड़ना जारी रखेंगे। सीए ने एक बयान में कहा, पिछले 12 महीनों में सीए ने अफगानिस्तान की स्थिति पर ऑस्ट्रेलियाई सरकार के साथ बात करना जारी रखा है। सरकार की सलाह है कि अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों के लिए हालात खराब हो रहे हैं। इस कारण से, हमने अपनी पिछली स्थिति बरकरार रखी है और अफगानिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला को स्थगित करने का फैसला किया। सीए ने दुनिया भर में क्रिकेट में महिलाओं और लड़कियों की भागीदारी का समर्थन करने के लिए अपनी मजबूत प्रतिबद्धता जारी रखी है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद को सक्रिय रूप से शामिल करना जारी रखेगा और भविष्य में अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड के साथ मिलकर काम करेगा ताकि यह निर्धारित किया जा सके कि द्विपक्षीय मैचों को फिर से शुरू करने के लिए क्या कार्रवाई की जा सकती है।

दिल्ली कैपिटल्स के नए खिलाड़ी आईपीएल में खेलने के लिए उत्सुक

चर्चित राजनीति। एजेंसी

विशाखापत्तनम। जेएसडब्ल्यू और जीएमआर की सह-स्वामित्व वाली फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल मिनी-नीलामी 2024 में ऑलराउंडर सुमित कुमार, विकेटकीपर-बल्लेबाज कुमार कुशाग्र और बल्लेबाज रिकी भुई में तीन रोमांचक प्रतिभाओं को चुना। ये खिलाड़ी वर्तमान में हेड कोच रिकी पोंटिंग और डीसी क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली की निगरानी में विशाखापत्तनम में आईपीएल 2024 प्री-सीजन कैंप में कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

19 प्रथम श्रेणी मैचों में 1245 रन बनाने वाले कुमार कुशाग्र ने पहली बार किसी आईपीएल टीम का हिस्सा बनने के बारे में कहा, मैं पहली बार आईपीएल का हिस्सा बनने के लिए बहुत उत्साहित हूं। मुझे मौका मिलेगा। इतने सारे बड़े अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलना, जिन्हें देखकर मैं बड़ा हुआ हूं। हालांकि, मेरा मुख्य उद्देश्य दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैच जीतना होगा। कुशाग्र ने प्रशिक्षण सत्र के दौरान सुपरस्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के साथ बल्लेबाजी का भी अनुभव लिया, मैंने पहली बार ऋषभ पंत के साथ बल्लेबाजी की और उन्होंने मुझे मेरे खेल के बारे में काफी जानकारी दी। वह अकेले ही शॉट खेल रहे थे और छक्के लगा रहे थे। वह अच्छी गेंद को भी मार रहे थे।उम्मीद है कि हम साथ मिलकर दिल्ली कैपिटल्स के लिए मैच जीतेंगे। इस बीच, टी20 में 574 रन बनाने और 43 विकेट लेने वाले ऑलराउंडर सुमित कुमार ने आईपीएल अनुबंध हासिल करने से पहले अपनी यात्रा के बारे में बात की, ÷सात साल की उम्र में क्रिकेट खेलना शुरू करने के बाद से यह मेरे लिए एक लंबी यात्रा रही है। मैं पिछले तीन वर्षों में घरेलू क्रिकेट में अच्छा खेल रहा हूं और मैं आईपीएल अनुबंध की उम्मीद कर रहा था। इस साल दिल्ली कैपिटल्स में शामिल होना बहुत अच्छा है।

मेथी के दानें बढ़ा सकते हैं बालों की ग्रोथ

कम होगा हेयर फॉल, जानें उपयोग का तरीका

प्रोटीन और आयरन से भरपूर मेथी दाना बहुत सी बीमारियों के घरेलू इलाज में काम आता है। ब्लड प्रेशर कंट्रोल, डायबिटीज, डाइजेस्टिव सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए मेथी दाना का इस्तेमाल किया जाता है। एक रिसर्च के मुताबिक मेथीदाना बालों की ग्रोथ और हेयरफॉल में मददगार है। इसका प्रयोग बालों को सॉफ्ट और शाइनी बनाता है मेथी के दानें बालों के इन्फेक्शन्स और स्कैल्प एलर्जी से बचाव करने में फायदेमंद हैं। यह बालों से जुड़ी अन्य बहुत सी समस्याओं को दूर करते है। एक रिसर्च में साबित हुआ है मेथी के दानों का नियमित सेवन बाल गिरने की समस्या, कमजोर बालों और डैंड्रफ की परेशानी को दूर करने में असरदार है। मेथीदाना आपके बालों की जड़ों को स्ट्रांग बनाकर नए बालों को उगाने में सहायक है। यह बालों की चमक बढाकर बालों को सिल्की बनाने में हेल्प करता है। आइये जानते है मेथी दाना बालों को स्ट्रांग और सिल्की बनाने के लिए कैसे प्रयोग कर सकते हैं-

मेथी दाना हेयर स्प्रे

100 ग्राम मेथीदाना रात भर एक कप पानी में भिगोकर रख दें। सुबह इस पानी को छानकर किसी स्प्रे बॉटल में भर कर रख लें। इस पानी को बालों पर लगाएं। चार-पांच घंटे तक लगा रहने दें फिर साफपानी धो दें। यह आपके बालों की चमक बढ़ाने के साथ ही बालों की ग्रोथ में इजाफा करेगा।

आहार में मेथीदाना

रोजाना 50 ग्राम मेथीदाना को आहार में शामिल करने से बालों की सभी समस्याओं छुटकारा पाया जा सकता है। मेथीदानों को भोजन में सलाद के रूप में, मसालों के तौर पर और पाउडर के रूप में लिया जा सकता है। मेथी को रात भर भिगोकर रख दें और सुबह मेथी के दानें चबाकर खाएं और इसका पानी पी लें।

हेयर फॉल के लिए मेथीदाना हेयर पैक

100 ग्राम मेथी दाना एक कटोरी पानी में रात भर के लिए भीगा कर रखें। सुबह इसमें करी पत्ता और गुड़हल के फूल की पत्तियां मिलाकर उबाल लें। अब इसको पीस कर पेस्ट बना लें इस पेस्ट को स्कैल्प और बालों पर लगाएं। घंटे भर तक लगा रहने दें फिर शैम्पू कर लें। यह हेयर पैक सप्ताह में एक दिन लगाएं। यह हेयर फॉल में फायदेमंद है।

हेयर ग्रोथ और चमक के लिए मेथीदाना हेयर मास्क

50 ग्राम मेथीदाना रात भर पानी में भीगा कर रखें। सुबह इसे पीस कर पेस्ट बना लें। अब इसमें एक चम्मच कोकोनट मिल्क मिक्स करें। इस मास्क को स्कैल्प पर लगाएं और मसाज करें। 10 मिनट तक मसाज करने के बाद इसे 20 मिनट के लिए स्कैल्प पर लगा रहने दें। फिर शैम्पू कर लें, यह पैक हफ्ते में एक या दो बार लगा सकते हैं।

मेथी बालों के लिए कैसे है फायदेमंद

मेथी में प्रोटीन, निकोटिनिक एसिड पाया जाता है जो बालों को नरिश करता है।

मेथी में लिसिथिन नामक फैट होता है जो बालों को मजबूती देता है।

मेथी में एंटी-फंगल गुण होते हैं जो स्कैल्प को डैंड्रफसे बचाते है जो हेयरफाल का कारण है।

खुशनुमा मौसम के अलावा आकर्षक झीलों के लिए मशहूर है बेंग्लूरू, गोकर्ण में हैं कई प्राचीन मंदिर

आप अपने परिवार या दोस्तों के साथ कई खूबसूरत जगहों पर घूम सकते हैं। यहां पर आपको कई साल पुरानी विरासत देखने के अलावा शांत समुद्र तट मिलेंगे। अगर आप भी घूमने का प्लान बना रहे हैं तो इन बेस्ट जगहों को अपनी लिस्ट में जरूर शामिल करें। घूमने के लिए एक बढ़िया जगह मानी जाती है। यहां पर आप कई स्थानों पर घूम सकते हैं। उत्तर में बेलगाम से दक्षिण में बैंगलोर तक हर जगह घूमने और देखने के लिए काफी कुछ है। इस राज्य की खूबसूरती आपको मंत्रमुग्ध कर सकती है। यहां पर आपको शानदार नजारों के साथ ही सांस्कृतिक विरासत, शांत समुद्र तट और भोजन आदि सब देखने को मिलेगा। तमिल, कोंकणी, कन्नडिगा और मलयाली के अलावा ईसाइयों और मुस्लिमों का भी घर है। अगर आप भी कर्नाटक घूमने का प्लान बना रहे हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आइए जानते हैं कर्नाटक की कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में...



बैंगलुरु

बैंगलुरु यहां की संस्कृति और लोगों से जुड़ा एक बेहतरीन शहर है। यह कर्नाटक के फेमस जगहों में से एक है। बैंगलुरु को खुशनुमा मौसम के अलावा खूबसूरत झीलों और आकर्षक पार्कों के लिए भी जाना जाता है। यहां पर आपको हरा-भरा इलाका झरनों, वन्यजीव अभ्यारण्यों, और नदियां आदि देखने को मिलेंगी। हरे-भरे बगीचों के कारण ही इसको भारत का उद्यान शहर कहा जाता है। यहां पर आप अपने दोस्तों या फैमिली के साथ कब्बन पार्क, उल्सूर झील, इंदिरा गांधी म्यूजिकल फाउंटेन पार्क, बगले रॉक पार्क और लुंबिनी गार्डन आदि घूम सकते हैं।

गोकर्ण

कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले में स्थित शहर गोकर्ण शहर में आपको कई हजार साल पुराने मंदिर देखने को मिलेंगे। बता दें कि यह शहर कारवार से करीब 59 किमी, बेंगलुरु से 483 किमी और मैंगलोर से 238 किमी दूर स्थित है। बहुत सारे यात्रियों और विदेशियों का ध्यान शहर के देहाती दृष्टिकोण ने आकर्षित किया है। अगर आप भी यहां पर घूमने का प्लान बना रहे हैं तो यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। यहां पर स्थित तीर्थ स्थल, समुद्र तट और झरने आदि पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। अघनाशिनी नदी के यह शहर स्थित है। यह स्थान भक्तों के बीच काफी फेमस है। इसके अलावा आप यहां पर महाबलेश्वर मंदिर के दर्शन कर सकते हैं।

उडुपी

मैंगलोर से करीब 60 किमी की दूरी पर स्थित उडुपी कर्नाटक में एक अद्भुत वेकेशन स्पॉट है। इस शहर की सबसे अनोखी बात यह है कि यह स्थान एक ओर से पश्चिमी घाट और दूसरी ओर से अरब सागर से घिरा हुआ है। बैंगलोर और मैंगलोर के बाद कर्नाटक का सबसे महत्वपूर्ण शहर उडुपी है। उडुपी शहर को अपने प्राचीन समुद्र तटों, घने जंगलों, टेस्टी खाने और प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है। यहां के मंदिरों में जटिल नक्काशीदार बनाई गई है। इन मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती है। इस शहर की सांस्कृतिक विरासत करीब 700 वर्ष से भी अधिक पुरानी है। यहां पर आप सेंट मैरी द्वीप, ब्रह्मवर, बरकुर, मालपे बीच, कुडलू जलप्रपात और अनंतेश्वर मंदिर आदि देख सकते हैं।

मंगलुरु

मंगलुरु शहर कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरू के करीब 250 किमी पश्चिम में स्थित है। दक्षिण भारत में यह पर्यटकों के प्रमुख आकर्षणों में से एक है। बता दें कि मंगलुरु द्वीपों, समुद्र तटों, मंदिरों और सूर्योदय और सूर्यास्त पॉइंट के लिए काफी फेमस है। अगर आप कर्नाटक घूमने के दौरान तटीय शहर की तलाश में हैं तो मंगलुरु आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। यहां पर घूमने के दौरान समुद्री भोजन का लुत्फ लेना न भूलें। इसके अलावा यहां पर आप सोमेश्वर मंदिर, सेंट एलॉयसियस चौपल, मंगलादेवी मंदिर, अनिरभवी बीच, पनाम्बुर बीच, कादरी मंजूनाथ मंदिर आदि घूम सकते हैं।

मुरुदेश्वर

भगवान भोलेनाथ को समर्पित यह शहर काफी पवित्र है। मुरुदेश्वर दक्षिणी राज्य कर्नाटक में अरब सागर के तट पर स्थित है। इसी शहर में दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची भगवान शिव की मूर्ति विराजमान है। यहां पर आप सनसेट का मजा ले सकते हैं। पर्यटकों को अरब सागर के समुद्र तट जैसे अलीगड्डा समुद्र तट और मुरुदेश्वर समुद्र तट काफी आकर्षित करते हैं। इस शहर में आने के बाद आपको भगवान शिव की प्रतिमा जरूर देखनी चाहिए।

फैटी लिवर से बचाएंगे ये चीजें, बना लें डाइट का हिस्सा

फैटी लिवर एक ऐसी गंभीर समस्या है जिसके कारण स्वास्थ्य को काफी नुकसान होता है। इसकी चार स्टेज होती है जिसमें से आखिरी स्टेज होने पर मरीज का लिवर पूरी तरह से खराब हो जाता है। हालांकि यदि इसके शुरुआती लक्षणों पर गौर किया जाए तो इस समस्या से बचा जा सकता है। यदि आप फै टी लिवर से जूझ रहे हैं तो आपको अपनी डाइट का खास ध्यान रखना चाहिए। ऐसे में आज आपको कुछ ऐसे फूड्स बताते हैं जिनका सेवन करके आप इस समस्या से बच सकते हैं।

एवोकाडो

एवोकाडो का सेवन करने से लिवर डिटॉक्स होता है। इसका सेवन करने से लिवर सेल्स तेजी से काम करते हैं और कुछ डाइजेस्टिव एंजाइम्स को बढ़ावा देते हैं। इसके अलावा एवोकाडो में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स फै ट को पिघलाने के साथ इसे पानी के जरिए शरीर में से बाहर निकालने में मदद करते हैं।

सूरजमुखी के बीज

इनमें विटामिन-ई और शक्तिशाली एंटीऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं जो लिवर को नुकसान से बचाते हैं। इन बीजों का सेवन करने से शरीर में फैट मेटाबॉल्जिम तेज होता है और शरीर को फै ट पचाने में मदद मिलती है। इसके अलावा यह लिवर में फै ट जमा होने से भी रोकता है। ऐसे में यदि आप फै टी लिवर की समस्या से जूझ रहे हैं तो इन सीड्स को अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं।

साबुत अनाज

यह भी फै टी लिवर की समस्या में फायदेमंद साबित हो सकता है। इसमें मौजूद फाइबर लिवर सेल्स को तेज बनाने में मदद करते हैं। साबुत अनाज का सेवन करने से लिवर के काम काज में तेजी आती है और मेटाबोलिक समस्याओं को कम करने में भी मदद मिलती है। यह लिवर में फै ट को जमा होने से रोकता है। ऐसे में यदि आप फै टी लिवर से जूझ रहे हैं तो साबुत अनाज जरुर खाएं।

प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

बदायूं में दो

पर विनोद के घर में चीख-पुकार मची तो वहां पहुंचे। जावेद दरवाजे के पास ही खड़ा रहा, फोन काल पर आई पुलिस उसे मंडी चौकी ले गई। रात 8.15 बजे क्षेत्र के दर्जनों लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। इसके बाद नारेबाजी और जावेद की दुकान पर पथराव होने लगा। तोड़फोड़ की गई। कुछ दूरी पर एक मुस्लिम की किराना दुकान फूंक दी गई। पुलिस ने वहां से भीड़ खदेड़ी तो दातागंज मार्ग जाम दिया। रात 9.30 बजे बड़ी संख्या में पीएसी, पुलिस और अर्द्धसैनिक बल लगाकर बवाल रोका जा सका।

डीएम व एसएसपी पहुंचे

बवाल होने पर डीएम मनोज कुमार और एसएसपी आलोक प्रियदर्शी घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जावेद ने हत्या का कारण नहीं बताया है। बवाल थमने के बाद उससे विस्तृत पूछताछ की जाएगी। बालकों के पिता विनोद की तहरीर पर प्राथमिकी पंजीकृत करने के निर्देश दिए हैं।

सीएए नागरिकता नहीं

स्थित इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) द्वारा दायर एक याचिका का उल्लेख करते हुए कहा था कि विवादास्पद कानून को लागू करने का केंद्र का कदम संदिग्ध था क्योंकि लोकसभा चुनाव तेजी से नजदीक आ रहे हैं। कानून को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं ने कहा है कि सीएए धर्म के आधार पर मुसलमानों के खिलाफभेदभाव करता है। यह भी तर्क दिया गया है कि इस तरह का धार्मिक अलगाव बिना किसी उचित भेदभाव के है और अनुच्छेद 14 के तहत गुणवत्ता के अधिकार का उल्लंघन करता है। आईयूएमएल के अलावा, कुछ अन्य याचिकाकर्ताओं में तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा शामिल हैंय कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेशय एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसीय असम कांग्रेस नेता देबब्रत सैकियाय गैर सरकारी संगठन रिहाई मंच और सिटीजन्स अगेंस्ट हेट, असम एडवोकेट्स एसोसिएशनय और कुछ कानून के छात्र।आईयूएमएल, देबब्रत सैकिया, असोम जातियताबादी युवा छात्र परिषद (एक क्षेत्रीय छात्र संगठन), डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया (डीवाईएफआई) और सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफइंडिया (एसडीपीआई) ने भी सीएए नियम, 2024 को चुनौती दी है जिसके माध्यम से सीएए लागू किया गया था। केरल पहला राज्य था जिसने 2020 में सीएए के खिलाफसुप्रीम कोर्ट का रुख किया और कहा कि यह भारतीय संविधान द्वारा प्रदत्त समानता के अधिकार के प्रावधानों के खिलाफहै। इसने सीएए नियमों को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक और मामला भी दायर किया है। सुप्रीम कोर्ट में अपनी याचिका में, ओवैसी ने कहा, सीएए द्वारा उत्पन्न बुराई केवल नागरिकता प्रदान करने को कम करने में से एक नहीं है, बल्कि इसके परिणामस्वरूप अल्पसंख्यक समुदाय को उनके खिलाफ चुनिंदा कार्रवाई करने के लिए अलग-थलग करना है। नागरिकता से इनकार।

उम्मीदवार तय करने

हरिशंकर गंगवार के नाम पर विचार किया गया। बाराबंकी सीट पर मौजूदा सांसद उपेन्द्र रावत के स्थान पर पूर्व नौकरशाह राम बहादुर और पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष शशांक कुशमेश को चुनाव लड़ाया जा सकता है। रायबरेली से सपा विधायक मनोज पाण्डेय और कैसरगंज से बृजभूषण सिंह की पत्नी केतकी देवी सिंह या लड़के करण भूषण सिंह मैदान में उतारे जा सकते हैं। मेरठ सीट पर अभिनेता अरुण गोविल, कुमार विश्वास और कैंट विधायक अमित अग्रवाल और गाजियाबाद सीट पर मौजूदा सांसद जनरल वीके सिंह के साथ ही अनिल अग्रवाल या अनिल जैन के नाम पर चर्चा हुई। प्रयागराज से पूर्व नौकरशाह संजय मिश्रा और अभिलाषा नंदी तो गाजीपुर से मनोज सिन्हा के बेटे अभिनव सिन्हा के नाम पर चर्चा हुई। देवरिया से मौजूदा सांसद रमापति राम त्रिपाठी को दोबारा मौका देने पर तो बलिया सीट से नीरज शेखर या आनन्द स्वरूप शुक्ला के नाम पर विचार किया गया।कानपुर सीट से मौजूदा सांसद सत्यदेव पचौरी की बेटी नीतू सिंह और सतीश महाना के नाम पर विचार किया गया और मैनपुरी सीट पर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह को लड़ाने पर रायशुमारी की गई। सहारनपुर सीट पर पूर्व मंत्री सुरेश राणा और राघव लखन पाल के नाम पर चर्चा हुई।

आपत्तिजनक हालत में

लिया। इस दौरान युवती माफी मांगने लगी। लेकिन इन लोगों ने पहले युवक और युवती का वीडियो बनाया। इसके बाद दोनों को जमकर पीटा। वहीं मौका पाकर प्रेमी भाग निकला। घटना से आहत होकर युवती घर पहुंची और फांसी के लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों को इस बात की जानकारी हुई तो वह उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के परिजनों ने थाना फतेहपुर चौरासी में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रोहित, छोटू पुत्र रामकुमार, मोहनलाल पुत्र राम नरायन, विजय पुत्र मुन्नीलाल, रामविलास पुत्र छेदी, विनोद पुत्र सदनू, रजत पुत्र भूरे के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट, आत्महत्या को उकसाने और छेड़छाड समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। पुलिस ने रात में ही दबिश देकर सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थानाध्यक्ष राजेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि युवक और युवती के साथ मारपीट और युवती के आत्महत्या करने में 7 लोगों के खिलाफ और युवती से रेप करने में एक युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। सभी आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। मामले की जांच कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

भारतीय न्याय संहिता

की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारतीय न्याय संहिता 2023, को न्याय बनाए रखने और अपने नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए देश में चल रहे प्रयासों के प्रमाण के रूप में देखना चाहिए।

कृष्ण जन्मभूमि केस

करने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट ने 11 जनवरी को 'न्याय के हित में निर्देश दिया था कि हिंदू वादी द्वारा दायर एक आवेदन पर 15 मुकदमों को समाहित कर दिया जाए। हिंदू पक्ष ने उच्च न्यायालय में अपने आवेदन में कहा था कि दीवानी न्यायाधीश (वरिष्ठ संभाग), मथुरा के समक्ष 25 सितंबर, 2020 को दायर मूल मुकदमे और 13.37 एकड़ जमीन से संबंधित अन्य मुकदमों को समाहित कर दिया जाए। आगामी लोकसभा चुनाव की अब तैयारियां जोरों पर चल रही है। सभी राजनीतिक पार्टियां और चुनाव आयोग भी तैयारी में जुटा हुआ है। अब चुनाव आयोग ने उत्तर प्रदेश में चुनाव प्रक्रिया और प्रचार की हिदायतें जारी की हैं। इसी हिदायतों को और नियमों को ध्यान में रखकर पार्टियां चुनाव प्रचार करेंगी। आयोग ने सभी उम्मीदवारों के लिए गाइडलाइंस जारी की है।

हुरियारों पर बरसीं प्रेम रस से भीगीं लाठियां

वृदावन, एजेंसी। राधा रानी की नगरी बरसाने में विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली रसिया गायन के साथ के शुरू हुई। 16 श्रृंगार से होली के लिए सुसज्जित बरसाने की हुरियारिनों ने सोमवार शाम नंदगांव के हुरियारों पर प्रेम रस से भीगीं तड़ातड़ लाठियां बरसाई तो माहौल देखने लायक था। रंगों से सराबोर आसमान और ढालों की ओट में हुरियारे प्रेम पगी लाठियों से बचते देख, लट्ठमार होली खेली गई। हुरियारिनें सुबह से परंपरागत लहंगा- चुनरी पहनकर तैयारियों में जुटी रहीं। दोपहर करीब दो बजे कान्हा की प्रतीक ध्वजा लिए नंदगांव से हुरियारों के टोली आना शुरू हो गई। प्रिया कुंड पर बरसाना के गोस्वामी समाज के मुखिया के नेतृत्व में स्वागत किया गया और भांग की ठंडाई में केवड़ा, गुलाब जल और मेवा घोल कर हुरियारों को पिलाया। यहां हुरियारों ने अपने- अपने सिर पर पाग बांधी। जो बच्चे पहली बार होली खेलने आए, उनके पिता, दादा जब पाग बांध रहे थे तो लग रहा था जैसे अगली पीढ़ी को होली खेलने के लिए उत्तराधिकार दिया जा रहा हो। पाग बांध हुरियारे लाडली जी मंदिर पहुंचे। बरसाना में करीब एक हजार हुरियारिनें हाथ में लट्ठ लेकर मैदान में पहुंच गई। नंदगांव से भी इतने ही ग्वाले आए। बरसाना की गलियों में हुरियारिनें जिधर घूमती, खलबली सी मच जातीं। पता नहीं कब किस पर लाठी बरसने लगे। बरसाना निवासी सुधा शर्मा कहती हैं कि वे तो राधा रानी की सखी हैं। उनके मन में नंदगांव के हुरियारों के प्रति प्यार उमड़ता है। लट्ठ नहीं ये तो प्यार से पगी लाठी है जो वार तो करती है, मगर दर्द नहीं। वहीं रंगीली गली की रानी खुशी से सराबोर थीं। उन्होंने कहा कि इससे ज्यादा उल्लास और खुशी का मौका और कोई हो ही नहीं सकता। ब्रज की इस अनोखी होली को देखने के लिए देश ही नहीं बल्कि विदेशों से भी लोग पहुंचे। योगी सरकार द्वारा बरसाने में हुरियारों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई। छतों से अबीर- गुलाल और रंग बरसा। श्री लाडली जी मंदिर में 10 क्विंटल से ज्यादा रंग- गुलाल उड़ाया गया। हर ओर उत्सव सा माहौल रहा। बरसाने में इतनी भीड़ थी कि पैर रखने तक की जगह नहीं थी। देश- विदेश के करीब 10 लाख श्रद्धालु विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली के साक्षी बने। इस मौके पर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

सड़क हादसे में 3 की मौत

कन्नौज, एजेंसी। उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के जहानगंज क्षेत्र में मंगलवार को अज्ञात वाहन की टक्कर से मारुति वैन में सवार तीन लोगों की मौत हो गई तथा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि काली नदी पुल के समीप सोमवार और मंगलवार की रात डेढ़ बजे यह हादसा उस समय हुआ जब काली नदी छिबरामऊ मार्ग पर फौजी पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने वैन को टक्कर मार दी। शोरगुल सुन कर क्षेत्रीय ग्रामीणों ने पुलिस को सूचित किया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने वैन को कटवाकर फंसे सवारों को बाहर निकाला और समीपवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डाक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान कन्नौज जिले के थाना छिबरामऊ के ग्राम कसावा निवासी खिलावन उर्फदीपू ,थाना तालग्राम के ग्राम यूसूपुर निवासी रामजीत प्रजापति, मौकमपूर पुलिया बिशनगढ़ निवासी अनमोल के तौर पर की गई। इनके अलावा ग्राम युसूपुर निवासी शिवम को उपचार के लिए हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। गंगा नगर के उतरांव थाना अंतर्गत मोतिहा गांव में मंगलवार की सुबह एक युवक की अज्ञात हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी गई।

रकुल प्रीत सिंह ने ससुराल में पहली होली सेलिब्रेट करने के प्लान का किया खुलासा

होली के त्योहार में अब कुछ ही दिन बाकी रह गए हैं बॉलीवुड के नवविवाहित जोड़े रकुल प्रीत सिंह, जैकी भगनानी की 21 फरवरी को शादी हुई थी। इस शादी को वन मंथ पूरा होने के साथ ही रकुल की ससुराल में पहली होली भी होगी।

ऐसे में एक्ट्रेस ने बताया है कि वह अपनी पहली होली किस तरह सेलिब्रेट करेंगी। उन्होंने ये भी बताया कि शादी के बाद उनमें क्या बदलाव आया है। रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी की शादी की एक महीना होने वाला है कपल ने 21 फरवरी 2024 को गोवा में धूमधाम से शादी रचाई थी। अपनी लव स्टोरी को लेकर लंबे समय तक चर्चा में रहे ये बॉलीवुड के पावर कपल फिर दोनों ने प्यार के महीने में शादी कर ली। बता दें कपल की शादी को जल्द ही एक महीना बीतने वाला है। इसी के साथ इस बार रकुल ससुराल में पहली होली सेलिब्रेट करेंगी। होली के त्योहार में अब ज्यादा वक्त बाकी नहीं रह गया है खास बात तो यह है कि भगनानी फैमिली में रकुल की यह पहली होली होगी। 21 मार्च को एक्ट्रेस की शादी को एक महीना पूरा हो जाएगा। वहीं, 25 को एक्ट्रेस ससुराल वालों के साथ पहली होली सेलिब्रेट करेंगी। ऐसे में रकुल के लिए यह त्योहार कितना स्पेशल है और वह इसे कैसे सेलिब्रेट करेंगी, इसका एक्ट्रेस ने खुलासा किया है, तो चलिए एक नजर डालते हैं रकुल के ससुराल में पहली होली पर..रकुल अपने पति और इन लॉज के साथ पहली होली सेलिब्रेट करने के लिए बेहद एक्साइटेड हैं। रकुल ने कहा कि शादी उनकी जिंदगी का खूबसूरत पहलू है। वह मौज मस्ती के साथ इस फेस्टिवल को सेलिब्रेट करना चाहेंगी। हालांकि, इससे उनके लिए कुछ भी बदला नहीं है। शादी से पहले और बाद में भी उनके लिए कुछ बदला नहीं है। बता दें बॉलीवुड इंडस्ट्री के ये पावर कपल रकुल प्रीत सिंह और जैकी भगनानी की जोड़ी को काफी पसंद की जाती है। हालही में कपल को रीसेंट्ली मोस्ट स्टाइलिश कपल का अवॉर्ड मिला हैं। रकुल-जैकी की प्रोफेशनल लाइफकी बात करें, तो जैकी भगनानी के प्रोडक्शन में बनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' इस ईद को रिलीज हो रही है। फिल्म अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ को लीड स्टार कास्ट में लेते हुए बनी है।



वहीं, रकुल प्रीत सिंह की बात करें, तो उनके 'दे दे प्यार दे 2' और तमिल फिल्म 'इंडियन 2' में होने की चर्चा है। वहीं दूसरी ओर अभिनेता और निर्माता जैकी भगनानी ने बीते 21 फरवरी को अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के साथ सात फेरे लिए थे। यह नवविवाहित जोड़ी फिलहाल अपनी वैवाहिक जीवन का आनंद ले रही है। जैकी अपनी पेशेवर जिंदगी को लेकर भी चर्चा में हैं। उनकी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इसमें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका में हैं। इस बीच जैकी ने खुलासा किया कि वह अभिनय में वापसी करने जा रहे हैं। रकुल से शादी के बाद जैकी अभिनय की दुनिया में वापसी करने वाली हैं। बड़े मियां छोटे मियां की रिलीज के बाद वह फिल्म का ऐलान कर सकते हैं। उन्होंने कहा, मैं अभिनय में वपासी करूंगा, लेकिन अभी मैं अपनी आगामी फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में व्यस्त हूं। :: एजेंसी

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com

सोनचिरैया द्वारा आयोजित देशज के तीसरे संस्करण का मुख्य सचिव ने किया शुभारम्भ

लोकगीत, लोक नृत्य, लोक संस्कार, सैकड़ों-हजारों साल से संस्कृति को बचाकर रखा है

चर्चित राजनीति। विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने गोमतीनगर स्थित लोहिया पार्क में सोनचिरैया द्वारा आयोजित देशज के तीसरे संस्करण का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि हमारा देश विविधताओं में एकता का स्वरूप है। गांवों में किस्म-किस्म के लोक गीत, लोक नृत्य, लोक संस्कार, जिसने सैकड़ों-हजारों साल से हमारी संस्कृति और हम लोगों को बचा के रखा है। धीरे-धीरे चीजें खत्म होती चली जाती है, जिससे हम अपने आप को भूल जाते हैं, जब हम अपने आप को भूल जाते हैं, तो हमारी ताकत भी खत्म होती जाती है। हाल के समय में हमने अपने अपनी ताकत को पहचाना है।

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ हमारा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विकास भी जरूरी है, ताकि हम एक अच्छे खुशहाल इंसान बन सकें। हमारी संस्कृति, संस्कार और सभ्यता को देखें तो साल के 365 दिन हम उत्सव मनाते है। हर दिन कोई न कोई तीज त्योहार होता है। हमारा पूरा जीवन उत्सव का जीवन है, लेकिन जब हम अपने आप से दूर हो जाते हैं, तो सेलीब्रेशन के स्थान पर डिप्रेशन में चले जाते हैं। मूल प्रवृत्ति से विरत हो जाते हैं। भारत की आत्मा लोकाचार व लोक संस्कृति में है। इसे जिंदा रखने पर हमारी ताकत बढ़ेगी। भारतीय संस्कृति और सभ्यता से युवा पीढ़ी को जोड़ना चाहिये। उन्होंने मालिनी अवस्थी जी को शुभकामनायें देते हुआ कि मालिनी जी ने जिस विश्वास और निष्ठा के साथ काम शुरू किया है, उन्हें विश्वास है कि वह लोक संस्कृति और लोक व्यवहार को आगे बढ़ाने के लिए निरन्तर कार्य करती रहेंगी। सोहर हमारे लोकाचार का महत्वपूर्ण अंग है। उन्होंने बचपन के दिनों को याद करते हुए कहा कि बचपन में जब सोन चिरैया लेकर लोग चलते थे, तो वह हम लोगों को आकर्षित करती थी। यह सोनचिरैया है ऐसी जो कभी मरती नहीं, चलती रहती है। इस कार्यक्रम को सोन चिरैया नाम दिया है, जो अत्यंत सुंदर है। ग्रेट इंडियन बस्टर्ड सोन चिरैया हिन्दुस्तान की धाती है, हमारी शक्ति है, जो हमेशा चलती रहेगी। उन्होंने कहा कि देशज अर्थात देश में उपजा। देशज के माध्यम से लोक संस्कृति और लोक कला लोगों के सामने लाने का प्रयास सराहनीय है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को लोक संस्कृति और विरासत से जुड़ने का अवसर प्राप्त होता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री जी के सलाहकार श्री अवनीश कुमार अवस्थी, सुप्रसिद्ध लोक गायिका श्रीमती मालिनी अवस्थी सहित लोक कलाकार एवं दर्शकगण आदि उपस्थित थे।

देश-विदेश डायरी

जापान ने चीन से निपटने के लिए टाइप 12 एंटी शिप मिसाइल लांचर किए तैनात

टोक्यो, एजेंसी। अमेरिका के सहयोगी जापान ने पहली द्वीप श्रृंखला पर चीन के आक्रामक कदमों का मुकाबला करने के लिए ओकिनावा द्वीप पर सतह से जहाज तक मार करने वाले मिसाइल लांचर तैनात किए हैं। जापानी अखबार रयूक्यू शिम्पो ने बताया कि रक्षा मंत्रालय और आत्मरक्षा बलों ने घोषणा की कि टाइप 12 सतह से जहाज तक मार करने वाली मिसाइल लॉन्चर, जिसे इस नई इकाई का हिस्सा माना जाता है, को गुरुवार के शुरुआती घंटों में क्षेत्र में पहुंचाया गया था। यह पहली बार है कि ओकिनावा के मुख्य द्वीप पर सतह से जहाज तक मार करने वाली मिसाइल इकाई स्थापित की गई है, और यह भी पहली बार है कि सतह से जहाज तक मार करने वाली टाइप 12 मिसाइलों को मुख्य द्वीप पर पहुंचाया गया है।ष् जापान के इस रणनीतिक कदम में चीन के खिलाफउत्तर-दक्षिण नाकाबंदी बनाने के लिए पहली द्वीप श्रृंखला के प्रमुख स्थानों पर मिसाइल सिस्टम तैनात करना शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी अपने परमाणु-सक्षम बमवर्षकों को तैनात करने सहित मियाको स्ट्रेट जैसे विवादित क्षेत्रों में तेजी से काम कर रही है। पहली द्वीप श्रृंखला जापानी द्वीपसमूह से ताइवान, फिलीपींस, बोर्नियो और मलय प्रायद्वीप के माध्यम से उत्तर में फैले द्वीपों की एक श्रृंखला है। मध्य मियाको और ओकिनावा द्वीप समूह के बीच 155 मील का अंतर्राष्ट्रीय मार्ग है। ओकिनावा क्षेत्र में अमेरिकी रक्षा के लिहाज से रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि सभी चार शाखाओं के लगभग 30,000 सैनिक जापान में महत्वपूर्ण द्वीप बेस पर तैनात हैं। यह ओकिनावा के मुख्य द्वीप पर सतह से जहाज तक मार करने वाली मिसाइल इकाई की पहली स्थापना का प्रतीक है, साथ ही द्वीप पर टाइप 12 सतह से जहाज तक मार करने वाली मिसाइलें भी पेश की जा रही हैं। इससे पहले, जापानी मीडिया ने बताया था कि जापान की ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स ने 2025 तक टाइप 12 मिसाइलों को तैनात करने के कार्यक्रम को आगे बढ़ा दिया है।

हांगकांग में असंतोष के स्वर दबाने वाला नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून चीन में पारित

बैंकाक, एजेंसी। हांगकांग में नया राष्ट्रीय सुरक्षा कानून पारित कर दिया गया है। पिछले महीने ही इसका मसौदा आम जनता के सामने पेश कर दिया गया था, जिसके बाद लोगों की राय ली गई। 8 मार्च को सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा पर बिल लेकर आई और अब बिल पास होकर कानून बन गया है। लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय चिंतित है। दावा किया जा रहा है कि नया कानून हांगकांग पर चीन की पकड़ को मजबूत करेगा और नागरिकों के मानव अधिकारों का हनन होगा। चीन ने हांगकांग पर 2020 में भी एक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लागू किया था जिसका मकसद क्षेत्र में स्थिरता लाना है। हालांकि, यह कानून केवल कुछ अपराधों से निपटता था, जैसे कि विदेशी ताकतों के साथ मिलीभगत।इसके अलावा इस कानून के तहत चीन के राष्ट्रीय सुरक्षा अधिकारियों को पहली बार शहर में रहने की अनुमति भी दी गई।इसमें एक प्रावधान यह भी था जिसमें संदिग्धों को मुकदमे के लिए मेनलैंड चीन में भेजा जा सकता था। 2020 के कानून ने अनुच्छेद 23 में तेजी लाने और स्थानीय कानून बनाने की जरूरत पर जोर डाला था। एक्सपर्ट्स के अनुसार हांगकांग के नए नेशनल सिक्योरिटी कानून का मानव अधिकारों के हनन करने में गलत इस्तेमाल हो सकता है। इसे बीजिंग के 2020 में हांगकांग पर लगाए गए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून से समझा जा सकता है। 2021 में एक व्यक्ति को पुलिस अधिकारियों के एक समूह की तरफ मोटरसाइकिल चलाते हुए हांगकांग की 'मुक्ति' का नारा देने और झंडा फहराने पर आतंकवाद और अलगाव के लिए उकसाने का दोषी मानकर नौ साल की सजा दी गई थी हांगकांग के मिनी संविधान कहे जाने वाले 'बेसिक लॉ' के आर्टिकल 23 के अनुसार सरकार को सात अपराधों पर कानून बनाने की ताकत दी गई है।

सर्जरी के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से प्रिंस विलियम के साथ दिखी केट मिडलटन

लंदन, एजेंसी। प्रिंस विलियम और उनकी पत्नी कैथरीन का उनके विंडसर स्थित घर के पास एक दुकान का वीडियो सामने आया है जो दो महीने पहले केट की पेट की सर्जरी के बाद उनका यह पहला फुटेज है। 'द सन अखबार की खबर में यह जानकारी देते हुए बताया गया है कि लंदन के पश्चिम में विंडसर में यह वीडियो शनिवार को बनाया गया।

नीरज सिंह ने 50 हजार से अधिक कार्यकर्ताओं को नमो एप से जोड़ा

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। विकसित भारत के संकल्प के साथ भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आवाहन पर पार्टी द्वारा नमो एम्बेसेडर अभियान चलाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री के आह्वान पर लखनऊ महानगर में भी पिछले दो महीने से सभी जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता लोगों को नमो ऐप डाउनलोड करा कर विकसित भारत संकल्प यात्रा में नमो एंबेसडर के रूप में जोड़ने का काम किया है।इस अभियान में अब तक 2 करोड से अधिक विकसित भारत अम्बेसडर नमो एप्प पर जुड़ चुके हैं। पार्टी के सभी कार्यक्रमों अभियानों में सक्रिय भूमिका का निर्वहन करने वाले रक्षा मंत्री माननीय राजनाथ जी के कनिष्ठ पुत्र नीरज सिंह जी ने इस अभियान में भी अग्रणी भूमिका निभाते हुए इस सप्ताह राष्ट्रीय स्तर पर 50,000 से अधिक नए ÷विकसित भारत अम्बेसडर जोड़ कर सम्पूर्ण भारत मे प्रथम स्थान पर रहे। जिसकी प्रसंशा करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी से प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सर्टिफिकेट भी प्राप्त हुआ है उनकी इस उपलब्धि से लखनऊ व सम्पूर्ण प्रदेश के युवा बेहद उत्साहित है। नीरज सिंह बहुमुखी प्रतिभा के धनी हैं वो जहाँ पार्टी के सभी अभियानों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते है वही सामाजिक कार्यो में उनकी बेहद रुचि है उनके द्वारा प्रति वर्ष अटल स्वास्थ्य मेला का आयोजन होता है जिससे समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति को लाभ मिलता है व युवाओं के भविष्य को लेकर भी बेहद चिंतित दिखते है जिसके लिए व प्रति वर्ष कौशल रोजगार मेला का आयोजन करते हैं जिस से प्रतिभावान युवा बड़ी संख्या में रोजगार प्राप्त करते है ऐसे अनेकों सामाजिक आयोजनों के माध्यम से नीरज सिंह समाज सेवा का भी कार्य निरंतरता से निभा रहे हैं।

पीएम मोदी ने की तारीफ

सड़क पार कर रहे युवक को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

लखनऊ, चसं। बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ सीतापुर रोड पर अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को जोरदार टक्कर मार दी। मंगलवार दोपहर बाद हुई इस घटना की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने युवक को इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया है । पुलिस मृत युवक की शिनाख्त करवाने का प्रयास कर रही है।बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 24 लखनऊ सीतापुर रोड पर स्थित नंदना गांव के पास तेज रफ्तार अनियंत्रित अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रहे युवक को कुचल दिया। मंगलवार दोपहर बाद हुई इस घटना की जानकारी राहगीरों ने 112 और बीकेटी थाना पुलिस को दी। वहीं जानकारी पाकर मौके पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने गम्भीर रूप से घायल युवक को एम्बुलेंस से इलाज के लिए ट्रामा सेंटर ले जाया गया । जहां डॉक्टरों ने घायल युवक मृत घोषित कर दिया। पुलिस मृत युवक को शिनाख्त करवाने के लिए मर्चुरी में रखवाया है। राहगीरों द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक जिसकी उम्र लगभग 25 की होगी वह सड़क नंदना गांव की तरफसड़क पार कर रहा था तभी सीतापुर की तरफसे तेज रफ्तार अनियंत्रित कंटेनर ने युवक को कुचल दिया। वहीं राहगीरों ने इसकी सूचना 112 पुलिस कंट्रोल रूम, बीकेटी थाना पुलिस और टोल प्लाजा को दी वहीं तत्काल मौके पर पुलिस कंट्रोल रूम, बीकेटी थाना पुलिस और राष्ट्रीय राजमार्ग की पेट्रोलिंग पार्टी पहुंच गई। पुलिस ने एम्बुलेंस सेवा को सूचना दी।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों को फेक न्यूज के बारे में किया सचेत

चर्चित राजनीति। वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने मंगलवार को लोकभवन स्थित मीडिया सेन्टर में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के संबंध में मीडिया प्रतिनिधियों के साथ संवाद किया।

उन्होंने संवाद के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लागू की गई आदर्श आचार संहिता के बारे में विस्तृत रूप से बताया। आदर्श आचार संहिता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का संग्रहण है, जिसके द्वारा राजनैतिक दलों, शासकीय सेवकों एवं निर्वाचन प्रक्रिया में अन्य सहभागियों को निर्वाचन के दौरान अपेक्षित आचरण करने के लिए बाध्य करती है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने इस दौरान मीडिया प्रतिनिधियों को फेक न्यूज के बारे में सचेत करते हुए उससे उत्पन्न होने वाली समस्याओं के बारे में बताया कि किसी भी समाचार या गलत सूचना और मीडिया स्टोरी की पहचान व त्वरित प्रतिक्रिया के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक एसओपी तैयार की गई है। एमसीएमसी द्वारा राजनैतिक विज्ञापनों का पूर्व प्रमाणन, पेड न्यूज निगरानी और रिपोर्टिंग तथा मीडिया उल्लंघनों की मॉनीटरिंग की जाती है। समस्त विज्ञापन एमसीएमसी द्वारा प्रमाणित किये जाने के बाद ही इलेक्ट्रानिक मीडिया पर प्रसारित किये जा सकते हैं। नामांकन दाखिल करने की तारीख से पेड न्यूज मामलों को ध्यान में रखा जाता है। उन्होंने बताया कि विशिष्ट समाचार पत्रों के एक ही पृष्ठ पर, प्रतिस्पर्धी उम्मीदवारों की प्रशंसा करते हुए एक के ही चुनाव जीतने की संभावना का दावा संबंधी लेख, ऐसा समाचार जिसमें एक उम्मीदवार को समाज के प्रत्येक वर्ग का समर्थन मिला होना और वह उस निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव जीतेगा संबंधी प्रकाशित खबर पेड न्यूज की श्रेणी में आयेंगे। पेड न्यूज का प्रकरण सत्यापित होने पर डीआईपीआर, डीएवीपी दरों के आधार पर इसका वास्तविक या अनुमानित व्यय उम्मीदवार के चुनाव व्यय खातों में जोड़ा जायेगा। प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का नाम, पेड न्यूज आइटम के सभी विवरणों के साथ आयोग द्वारा अग्रिम कार्यवाही हेतु भारतीय प्रेस परिषद और न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन को भेजा जायेगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन के दौरान प्राधिकार पत्र धारित मीडिया प्रतिनिधियों को मतदान एवं मतगणना केन्द्रों में प्रवेश दिया जायेगा। उन्होंने मतदान से संबंधित गोपनीयता बनाये रखने हेतु मीडिया प्रतिनिधियों से अपेक्षा की है। मीडिया प्रतिनिधियों के लिए प्रत्येक मतगणना केन्द्र पर मीडिया केन्द्र स्थापित किये जायेंगे। आयोग के निर्देशों के क्रम में निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान समाप्ति के 48 घण्टें पूर्व की अवधि में निर्वाचन संबंधी कोई भी प्रचार सामग्री सिनेमा हॉल, टेलीविजन या किसी अन्य विधि से प्रसारित किया जाना प्रतिबंधित रहेगा। प्रथम चरण के मतदान से लेकर अंतिम चरण के मतदान की समाप्ति के आधे घण्टे बाद तक एक्जिट पोल भी प्रतिबंधित रहेगा।

- समाचार पत्रों द्वारा किसी उम्मीदवार की प्रशंसा में चुनाव जीतने का दावा संबंधी प्रकाशित खबर पेड न्यूज की श्रेणी में आयेगी

एमसीएमसी से प्रमाणन के बाद ही राजनैतिक दलों एवं प्रत्याशियों के राजनैतिक विज्ञापन प्रिन्ट मीडिया में प्रकाशित हो सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि चुनाव के दौरान मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा किसी भी निर्वाचन क्षेत्र में केवल एक ही प्रत्याशी को प्रोजेक्ट नहीं करना है बल्कि सभी को समान कवरेज देना है।

अग्निपथ योजना के बारे में दी जानकारी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

लखनऊ। वीरता सम्मान और गर्व का प्रतीक भारतीय सेना इस उद्देश्य से आज नवयुग कन्या महाविद्यालय, राजेंद्र नगर, लखनऊ के तत्वावधान में 19 उत्तर प्रदेश गर्ल्स बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल दीपक कुमार के दिशा निर्देशन में, प्राचार्या प्रो मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता में भारतीय सेना में कैरियर के विभिन्न अवसर तथा अग्निपथ योजना के अंतर्गत भर्ती प्रक्रिया विषय पर जानकारी प्रदान करने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे जोनल भर्ती कार्यालय से जोनल भर्ती मेडिकल ऑफिसर मेजर गौतम कुमार वर्मा ने भारतीय सेना के कमीशन अफसर के साथ-साथ एनसीसी विशेष भर्ती, तकनीकी तथा गैर तकनीकी भर्ती, अग्निवीर भर्ती से संबंधित आयु सीमा, शैक्षणिक योग्यता एवं परीक्षा संबंधी आवश्यक जानकारी से अवगत कराया। इस बात की भी जानकारी दी कि अग्निवीर भर्ती में 4 वर्ष की सेवा के पश्चात 25: को उनके प्रदर्शन के आधार पर सेना में ही समायोजित कर लिया जाएगा और बाकी के लिए रक्षा मंत्रालय तथा गृह मंत्रालय एवं राज्य सरकारों की विभिन्न संगठनों में प्राथमिकता दी जाएगी। प्राचार्य प्रो मंजुला उपाध्याय ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी एक ऐसा प्लेटफार्म है जो अनुशासित जीवन के साथ समाज में कुछ अलग करने के लिए प्रेरित करता है इसलिए दृढ़ संकल्पित होकर निरंतर लक्ष्य केंद्रित होकर प्रयास करते रहें।

रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3120 द्वारा मातृशक्ति आत्मनिर्भरता एवं स्वावलम्बन कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने हेतु सिलाई मशीनों का वितरण 17 मार्च 2024 को सुबह 11 बजे होस्ट क्लब रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ द्वारा रोटरी क्लब डिस्ट्रिक्ट 3120 (वर्ष-2022-23) की तरफ से आयी हुई सिलाई मशीनों का वितरण लखनऊ व बाराबंकी के विभिन्न रोटरी क्लब्स-रोटरी क्लब ऑफ लखनऊ,राजधानी, ट्रांस गोमती, वेस्ट, बारा।

आवश्यकता

आवश्यकता है ऐसे डी.टी.पी. ऑपरेटर की, जो समाचार पत्र, पत्रिका के पेज बनाने, फोटोशॉप में काम करने तथा कम्प्यूटर में पारंगत हो, वेतन-योग्यतानुसार।

सम्पर्क करें :- 9335322739, 8881992262

उमा इन्फ्राटेक

लखनऊ में कामर्शियल/रेजीडेन्शियल भवन, भूखण्ड, फ्री होल्ड प्लॉट, एग्रीकल्चर जमीन खरीदने एवं बेचने के लिए सम्पर्क करें।

ऑफिस पता-डी-206-सी, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।

मो.-8604000050, 9415007197

चर्चायें जनता की राजनीति नेताओं की

दूरदृष्टि, विश्लेषण तथा खबरें

चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

www.charchitrajniti.com